सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 13 जुलाई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 06, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

कंपनियों की पूंजी 92995 करोड़ रुपये बढ़ी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 92,995.48 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। } 10

इस सप्ताह स्पेन, बेल्जियम और फिनलैंड की यात्रा पर जायेंगे गोयल

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल व्यापार तथा निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए स्पेन, बेल्जियम और फिनलैंड की पांच दिवसीय यात्रा पर जायेंगे। } 10

राम मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं में होगा बड़ा बदलाव

नयी टीमों को सौंपी जायेगी जिम्मेदारी, नये लोग होंगे शामिल

जिला संवाददाता

अयोध्या। राम मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों से लेकर पार्किंग, प्रसाद वितरण और लॉकर संचालन तक कई समितियों के नेतृत्व में परिवर्तन किया जाएगा। आने वाले दिनों में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां नए लोगों को सौंपी जाएंगी।

श्रीराम जन्मभूमि परिसर की व्यवस्थाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया जा रहा है। मंदिर परिसर में विभिन्न व्यवस्थाओं का संचालन कर रही कई समितियों के नेतृत्व में परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आने वाले दिनों में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां नए लोगों को सौंपी जाएंगी। सूत्रों के अनुसार, धार्मिक कार्यक्रमों के संचालन, साफ-सफाई व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन, लॉकर संचालन, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, प्रसाद वितरण सहित श्रद्धालुओं से जुड़ी कई व्यवस्थाओं में बदलाव किया जा रहा है। इन व्यवस्थाओं में कार्यरत कई लोगों की जिम्मेदारियां बदली जा रही हैं और उनकी जगह नए चेहरों को अवसर दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि हाल के घटनाक्रम के बाद व्यवस्थाओं की व्यापक समीक्षा की गई है। इसी के आधार पर संचालन व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित और उत्तरदायी बनाने के लिए समितियों का पुनर्गठन किया जा रहा है। उद्देश्य यह है कि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलें और प्रत्येक व्यवस्था की स्पष्ट जवाबदेही तय हो। कंट्रोल रूम से सूचना ...शेष पृष्ठ 10 पर

आने वाले श्रद्धालुओं को कोई शिकायत नहीं : नृपेंद्र मिश्रा

अयोध्या। अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी को लेकर हो रही चर्चाओं के बीच मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने रविवार को दावा किया कि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को कोई शिकायत नहीं है और उन्हें यहां दर्शन करके अच्छा लग रहा है। मिश्रा ने अयोध्या में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, अगर आप अंगद टीला और सुग्रीव किला के पास श्रद्धालुओं से पूछें कि उन्हें क्या अंतर महसूस हो रहा है, क्या उनके मन में कोई अलग भावना है? तो मैं आपको यकीन दिलाता हूं कि भगवान राम में उनकी आस्था, मंदिर में की गई व्यवस्थाओं और यहां होने वाली भगवान राम की पूजा को लेकर उनकी कोई शिकायत नहीं है। लोगों से पूछने पर बस एक ही जवाब मिलता है कि भगवान के मंदिर आने से बेहतर और क्या हो सकता है? राम मंदिर में विशेष कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की संभावित नियुक्ति और उसकी भूमिका के बारे में पूछे जाने पर मिश्रा ने कहा कि जैसा कि सीईओ पद का नाम बताता है, यह व्यक्ति ट्रस्ट के तहत प्रबंधन से जुड़े कार्यों की देखरेख करेगा। मिश्रा ने कहा कि सीईओ ...शेष पृष्ठ 10 पर

मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,

वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में प्रदेश ने 40 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य पूरा कर नया इतिहास रचा है। यह नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के नवसामर्थ्य का जयघोष है। प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, आने वाली पीढ़ियों के प्रति उत्तरदायित्व और जीवन संरक्षण का संदेश समेटे यह अभियान सनातन चेतना का महोत्सव है। इसकी सफलता पर प्रत्येक प्रदेशवासी को हृदय से शुभकामनाएं।

भारतीय संस्कृति और सभ्यता वनों से आरंभ हुई, इसलिए इसे अरण्य संस्कृति भी कहा जाता है। वनों में ही वेद, उपनिषद और अन्य महान ग्रंथों की रचना हुई तथा ऋषि-मुनियों ने लोकमंगल के लिए चिंतन-मनन किया। हमारे शास्त्र, पुराण और परंपराएं मानव जीवन के प्रत्येक संस्कार में वृक्षों के महत्व को स्वीकार करते हैं। आयुर्वेद मानता है कि विश्व में संभवतः ऐसा कोई पौधा नहीं, जिसमें औषधीय गुण न हों। ऋग्वेद में पृथ्वी और वृक्षों के गहरे संबंध का उल्लेख है। श्रीमद्भगवद्गीता में योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, "वृक्षों में मैं अश्वत्थ (पीपल) हूं।" महाभारत तथा पुराणों में भी पीपल, वट, आंवला, बेल, पारिजात और अन्य वृक्षों का विशेष महत्व बताया गया है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से प्रारंभ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का परिणाम है कि वर्ष 2017 से 2023 के बीच प्रदेश के वन एवं वृक्ष आवरण में 3 लाख 38 हजार एकड़ की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज हुई है। हरित आवरण 9.96 प्रतिशत तक पहुंच चुका है और अब तक 280 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं।

आज पर्यावरण असंतुलन, कार्बन उत्सर्जन, वनों के क्षरण और जैवविविधता के ह्रास जैसी चुनौतियों का सबसे प्रभावी समाधान वृक्ष ही हैं। मेरा आप सभी से आग्रह है कि वृक्षारोपण को अपने जीवन के संस्कारों और उत्सवों से जोड़ें। बच्चों के जन्मदिवस पर उनके हाथों एक पौधा अवश्य लगवाएं। जब बेटी अपने नए जीवन की ओर विदा हो, तो वह अपने मायके की स्मृतियों और स्नेह के प्रतीक स्वरूप एक पौधा अवश्य रोपित करे। परिवार के शुभ अवसरों, मांगलिक आयोजनों और विशेष दिनों को वृक्षारोपण से जोड़कर हम प्रकृति के प्रति अपना दायित्व निभा सकते हैं। यही पौधे आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित, सुरक्षित और समृद्ध प्रदेश का आधार बनेंगे।

आपका

योगी आदित्यनाथ

पौधरोपण में योगी सरकार ने फिर रचा इतिहास

एक दिन में लगाये 35.27 करोड़ से अधिक पौधे, सीएम योगी ने गोरखपुर में शुरू किया पौधरोपण अभियान

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने रविवार को नया इतिहास रच दिया। 'एक पेड़ मां के नाम' थीम के अंतर्गत वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 में पूरे प्रदेश में शाम छह बजकर 12 मिनट तक एक दिन (12 जुलाई, रविवार) में 35,27,89,926 पौधरोपण हुए। यह सरकार द्वारा तय किए गए लक्ष्य 35 करोड़ से 27.89 लाख से अधिक है। माफिया के प्रति कठोर और बच्चों के लिए कोमलहृदय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर्यावरण संरक्षण को लेकर बेहद संवेदनशील हैं। दुनियाभर में बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग के खतरे को कम करने के प्रयास को कम करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते वर्षों की भांति इस वर्ष भी बड़े पैमाने पर अभियान को शीर्ष प्राथमिकता दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत मुख्यमंत्री की मंशा को ध्यान में रखते हुए रविवार को प्रदेश में व्यापक स्तर पर 'वृक्षारोपण महायज्ञ-2026' चलाया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर से अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर त्रिवेणी (नीम, पीपल, बरगद) के पौधे रोपे। वहीं आरकेबीके के पास ताल रिंग रोड के किनारे मौलिश्री का पौधा लगाया। कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ...शेष पृष्ठ 10 पर

पौधरोपण महाभियान धरती माता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का महायज्ञ: योगी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखपुर से एक दिन में 35 करोड़ रिकॉर्ड पौधरोपण के लक्ष्य वाले प्रदेशव्यापी पौधरोपण महायज्ञ 2026 का शुभारंभ किया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत उन्होंने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर भगवानपुर टोल प्लाजा के समीप पवित्र त्रिवेणी (नीम, पीपल, बरगद) के पौधे लगाए और सेल्फी भी ली। इसके बाद गीडा सेक्टर-28 में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पौधरोपण महाभियान धरती माता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का महायज्ञ है। विगत नौ वर्षों में प्रदेश में भौतिक विकास की रफ्तार तेज होने के साथ ही वनाच्छादन का भी विस्तार हुआ है। गोरखनाथ मंदिर लौटते समय सीएम ने आरकेबीके के पास ताल रिंग रोड के किनारे भी मौलश्री का पौधा रोपित किया। मुख्यमंत्री ने रामगढ़ताल की खूबसूरती को निहारा और सेल्फी भी ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नागरिकों को पौधरोपण की महत्ता समझाते हुए कहा कि एक वृक्ष अपने भीतर हजारों लीटर जल का ...शेष पृष्ठ 10 पर

जनशक्ति का जीवंत संकल्प बन गया है 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' का मंत्र

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 की सफलता पर नागरिकों, वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों, शासन, प्रशासन समेत सभी को शुभकामनाएं दीं। उत्तर प्रदेश में एक ही दिन में 35 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जाने पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के प्रति भी आभार जताया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' का सनातन मंत्र आज उत्तर प्रदेश की जनशक्ति का जीवंत संकल्प बन गया है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरक आह्वान 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत 'नए भारत' के 'नए उत्तर प्रदेश' ने एक ही दिन में 35 करोड़ से अधिक पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण के इतिहास में नया स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है। यह प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, धरती माता के प्रति श्रद्धा ...शेष पृष्ठ 10 पर

मौत मामले में दारोगा समेत छह पर मुकदमा

बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में 42 वर्षीय एक व्यक्ति की कथित तौर पर पुलिस की पिटाई से हुई मौत के मामले में रविवार को एक दारोगा, एक आरक्षी और ग्राम प्रधान सहित कुल छह आरोपियों के खिलाफ हत्या और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। बैरिया क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आलोक गुप्ता ने बताया कि रेवती थाना क्षेत्र के गायघाट गांव निवासी विशाल गोंड की तहरीर पर दारोगा सचिन सरोज, आरक्षी अंकित सिंह, ग्राम प्रधान आशुतोष शंकर सिंह, सूरज कन्नौजिया, उसके एक रिश्तेदार और मनीष यादव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। सूरज के रिश्तेदार विशाल को लाठी-डंडा लेकर मारने के लिए दौड़े, लेकिन वह किसी तरह से जान बचाकर भाग गया।

जनकल्याण और आधारभूत विकास को बढ़ावा : धामी

मुख्यमंत्री ने दी विभिन्न परियोजनाओं के लिए करीब 99 करोड़ की स्वीकृति

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्यभर में जनसुविधाओं के विस्तार और विकास कार्यों को गति देने के लिए विभिन्न विभागों की परियोजनाओं हेतु लगभग 99 करोड़ रुपये की वित्तीय मंजूरी प्रदान की है।

इन स्वीकृतियों से स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलने के साथ-साथ सड़क, विद्युत, पर्यटन, शिक्षा, अग्निशमन और धार्मिक स्थलों से संबंधित विकास कार्यों को भी नई रफ्तार मिलेगी। मुख्यमंत्री ने सबसे बड़ी स्वीकृति राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण को प्रदान करते हुए गोल्डन कार्ड योजना के अंतर्गत लंबित भुगतान और योजना के निर्बाध संचालन के लिए 75 करोड़ रुपये जारी करने की मंजूरी दी है। इससे प्रदेश में कैशलेस उपचार व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और अस्पतालों को समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित हो सकेगा। प्रदेश में आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास के तहत नैनीताल के रामनगर स्थित ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक को अत्याधुनिक तकनीक से लैस करने के लिए 3.68 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। देहरादून के धौरणखास स्थित पुलिस संचार प्रशिक्षण केंद्र में 150 केएलडी क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण एवं परिसर विकास के लिए 2.73 करोड़ रुपये तथा हरिद्वार के बहादराबाद औद्योगिक क्षेत्र में नए फायर स्टेशन की स्थापना के लिए 9.45 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इसके अलावा रुद्रप्रयाग कोषागार भवन के अनुरक्षण एवं विद्युत कार्यों के लिए भी धनराशि स्वीकृत की गई है। धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाने के उद्देश्य से चम्पावत जिले में ककरालीटनकपुर से माँ पूर्णागिरि धाम तक स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना को 5 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। पौड़ी के यमकेश्वर में जानकी पुल से चौरासी कुटिया तक मार्ग को पर्यटन आकर्षण के रूप ...शेष पृष्ठ 10 पर

अमेरिकी हमले के बाद ईरान का खाड़ी देशों पर कहर

दुबई। अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य में एक जहाज पर हमले के जवाब में रविवार तड़के ईरान पर हमला किया। इसके बाद ईरान ने भी जवाबी कार्वाई करते हुए बहरीन, कतर, कुवैत, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को निशाना बनाकर हमले किए। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में एक कंटेनर जहाज पर हमला किया, जिससे उसमें आग लग गयी और उसके चालक दल को जहाज छोड़ना पड़ा। ईरान और अमेरिका के बीच 28 फरवरी को शुरू हुई जंग को हमेशा के लिए खत्म करने के वास्ते आगे की बातचीत में यह जलडमरूमध्य मुख्य अड़चन बन गया है। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि उसने ईरान के करीब 140 ठिकानों पर हवाई हमले करने के बाद अपनी हालिया सैन्य कार्वाई का यह चरण पूरा कर लिया है। उसने कहा कि निशाना बनाए गए ठिकानों में मिसाइल और ड्रोन प्रक्षेपण स्थल, गोला-बारूद के भंडार, संचार उपकरण और अन्य केंद्र शामिल थे। सेंटकॉम ने बताया कि इन हमलों ने होर्मुज जलडमरूमध्य से स्वतंत्र रूप से गुजरने ...शेष पृष्ठ 10 पर

भारत ने वाणिज्यिक जहाज पर हमले की निंदा की

नयी दिल्ली। भारत ने ओमान तट के पास साइप्रस के ध्वज वाले एक वाणिज्यिक जहाज पर हुए हमले की रविवार को निंदा की। इस हमले के बाद पोत पर सवार चालक दल के 11 भारतीय सदस्यों में से एक लापता है। पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका के बीच एक बार फिर से बढ़े तनाव के बीच, भारत ने तत्काल इसे कम करने की अपनी अपील दोहराई और कहा कि क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों और असैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की घटनाएं बंद होनी चाहिए। अमेरिकी सेंट्रल कमान ने कहा कि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे कंटेनर जहाज जीएफएस गैलेक्सी पर हमला किया। उसने कहा, चालक दल का एक सदस्य लापता है और जहाज में लगी आग तथा इंजन कक्ष को हुए भारी नुकसान के कारण पोत अपनी यात्रा जारी नहीं रख सकता। रविवार तड़के जीएफएस गैलेक्सी को निशाना बनाया गया।

आज का मौसम

अधिकतम : 36.06 डिसे.
न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- ट्रेन मैनेजरों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं (पृष्ठ-02)
- महुआ-श्रीअन्न से बदल रही आदिवासी महिलाओं की तकदीर (पृष्ठ-02)
- कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की चाल (पृष्ठ-10)
- ईएसआई की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे मांडविया (पृष्ठ-10)
- एफपीआई ने भारतीय शेयरों में 15157 करोड़ डाले (पृष्ठ-10)

विशेष खबर राजनाथ-गडकरी करेंगे 4850 करोड़ की तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना ओं का लोकार्पण व शिलान्यास

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे का लोकार्पण आज

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश सरकार के बहुप्रतीक्षित लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे (एनई-6) पर तेज रफ्तार सफर का इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। सोमवार को रक्षा मंत्री एवं

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे पर कल से फर्राटा भरेंगे वाहन

लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करेंगे।

इसके बाद मंगलवार सुबह 8 बजे से एक्सप्रेसवे आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। आधुनिक तकनीक से निर्मित इस एक्सप्रेसवे पर छोटे चार पहिया वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 120 किमी प्रति घंटा तथा भारी वाहनों के लिए 80 किमी प्रति घंटा निर्धारित की गई है। एक्सप्रेसवे पर केवल चार पहिया और भारी वाहनों को ही प्रवेश मिलेगा, जबकि दोपहिया और तीनपहिया वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध रहेगा। लखनऊ से कानपुर तक पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग-25 पर जहां यात्रा में आमतौर पर ढाई से तीन घंटे लग जाते थे, वहीं नए एक्सप्रेसवे के चालू होने के बाद यह दूरी 35 से 45 मिनट में तय की जा सकेगी। एक्सप्रेसवे का प्रवेश लखनऊ के दरोगाखेड़ा से होगा और निकास कानपुर के आजाद चौक तक रहेगा। लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे पर सफर हाईवे की तुलना में महंगा होगा। एक्सप्रेसवे खुलने के साथ ही टोल वसूली भी शुरू हो जाएगी। एक्सप्रेसवे पर नियमित यात्रियों के लिए मासिक और वार्षिक पास की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। कार के लिए 50 सिंगल ट्रिप तक 9,220 रुपये, वार्षिक फास्टैग पास 3,075 रुपये में एक वर्ष के दौरान 100 राउंड ट्रिप (200 टोल क्रॉसिंग) की ...शेष पृष्ठ 10 पर

इसरो के गगनयान क्रू मॉड्यूल सिस्टम के तीन बड़े परीक्षण पूरे

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को कहा कि उसने गगनयान क्रू मॉड्यूल सिस्टम के तीन बड़े परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं।

पहला परीक्षण समुद्र में उतरने के बाद अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने से जुड़ा था, जिसे सबसे महत्वपूर्ण जरूरतों में से एक माना जाता है। दूसरे परीक्षण में उस प्रणाली को अलग करने की प्रक्रिया की जांच की गई, जो अंतरिक्ष यात्रियों के रहने वाले क्रू मॉड्यूल और ऊर्जा तथा प्रणोदन उपलब्ध कराने वाले सर्विस मॉड्यूल को आपस में जोड़ती है। तीसरे परीक्षण में एपेक्स कवर अलग होने के दौरान क्रू मॉड्यूल की संरचनात्मक मजबूती की पुष्टि की गई। इसरो ने इस जटिल परीक्षण को अंजाम देने के लिए एक विशेष रणनीति अपनाई। इसके लिए सीएमयूएस के सभी जरूरी हिस्सों को मिलाकर एक उन्नत सिस्टम-लेवल क्वालिफिकेशन टेस्ट सेटअप तैयार किया गया था।

यूपी में 35.27 करोड़ पौधों का रिकॉर्ड, सोनभद्र रहा नंबर-1

पौधरोपण महायज्ञ

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आयोजित 'पौधरोपण महायज्ञ-2026' ने उत्तर प्रदेश में जन आंदोलन का रूप ले लिया। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रविवार को पूरे प्रदेश में 35.27 करोड़ से अधिक पौधों का रोपण किया गया। प्रदेश के सभी जिलों, मंडलों, सरकारी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों की भागीदारी से यह अभियान अब तक के सबसे बड़े हरित अभियानों में शामिल हो गया। इस महाअभियान में सोनभद्र ने 1,68,47,717 पौधों के रोपण के साथ प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। इसके बाद ललितपुर, झांसी, लखीमपुर खीरी और जालौन शीर्ष पांच जिलो.में शामिल रहे।

शीर्ष पांच विभागों का प्रदर्शन इस प्रकार रहा

विभाग	पौधरोपण
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन	15,42,19,413
ग्राम्य विकास	10,56,85,704
कृषि	3,26,90,527
उद्यान	1,52,02,219
पंचायती राज	1,13,38,290

शीशम और सागौन के सबसे अधिक पौधे

- महाअभियान के दौरान सबसे अधिक शीशम के 4,67,38,099 पौधे लगाए गए। इसके बाद सागौन (4,13,99,061), जामुन (2,28,46,329), अमरूद (1,80,74,031) और अर्जुन (1,51,75,482) के पौधों का रोपण किया गया।

वन विभाग सबसे आगे, ग्राम्य विकास विभाग दूसरे स्थान पर

- पौधरोपण में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने सर्वाधिक 15,42,19,413 पौधे लगाकर पहला स्थान प्राप्त किया। इसके बाद ग्राम्य विकास विभाग ने 10,56,85,704 पौधों का रोपण कर गांवों में हरित क्रांति को नई गति दी।

सर्वाधिक पौधरोपण वाले पांच जिले

जनपद	पौधरोपण		
सोनभद्र	1,68,47,717	झांसी	93,06,615
ललितपुर	93,63,495	लखीमपुर खीरी	92,51,800
		जालौन	88,08,435

शिक्षा विभाग ने लगाए 43 लाख पौधे

महाअभियान में शिक्षा विभाग ने भी उल्लेखनीय योगदान दिया। बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग के विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में कुल 43 लाख पौधे लगाए गए। बेसिक शिक्षा विभाग ने 12 लाख, माध्यमिक शिक्षा विभाग ने 11 लाख और उच्च शिक्षा विभाग ने 20 लाख पौधे लगाए। अभियान में विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों, अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पौधरोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दिलाया गया। राज्य मुख्यालय स्थित शिविर कार्यालय में माध्यमिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल, अपर राज्य परियोजना निदेशक वी.के. पांडेय तथा अन्य अधिकारियों ने हरसिंगार, नाग चंपा, एरिका पाम और सहजन के पौधे लगाए। वहीं एससीईआरटी परिसर सहित प्रदेशभर के विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में भी व्यापक पौधरोपण हुआ। बेसिक शिक्षा विभाग की नोडल अधिकारी मोनिका रानी ने झांसी में पौधरोपण कार्यक्रमों का निरीक्षण कर पौधों के संरक्षण और जनभागीदारी बढ़ाने के निर्देश दिए।

जल संसाधन विभाग ने लक्ष्य से अधिक पौधे लगाये

सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने अपने 15 लाख पौधरोपण के लक्ष्य को पार करते हुए 15,19,865 पौधे लगाए। जालौन में पौधरोपण करते हुए सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान केवल पौधे लगाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित, समृद्ध और सुरक्षित भविष्य का संकल्प है।

परिवहन विभाग और यूपीएसआरटीसी की भी सक्रिय भागीदारी

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बलिया में पौधरोपण किया। परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने बताया कि अभियान के तहत परिवहन विभाग ने 1.2 लाख तथा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) ने 1.8 लाख पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ भूजल संवर्धन, जैव विविधता और स्वच्छ वातावरण को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

आजमगढ़ में 65 लाख पौधरोपण का नया कीर्तिमान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 'वृक्षारोपण महायज्ञ-2026' और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आजमगढ़ जनपद ने जनभागीदारी का नया रिकॉर्ड कायम करते हुए 65 लाख पौधों का रोपण किया। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा की उपस्थिति में आयोजित इस अभियान में जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जनपद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम गंभीर वन (एसकेपी मैदान) सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया गया, जहां मंत्री ए.के. शर्मा ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा तैयार पर्यावरण संरक्षण विषयक चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया तथा उन्हें पौधे भेंट कर प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू किया गया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान केवल पौधे लगाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति, मातृत्व और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप दे रहा है और आजमगढ़ ने 65 लाख पौधरोपण कर इस संकल्प को नई मजबूती प्रदान की है। मंत्री ने कहा कि प्रत्येक नागरिक कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसके संरक्षण का संकल्प भी ले। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे धरती का आभूषण हैं तथा जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों से निपटने का सबसे प्रभावी माध्यम व्यापक वृक्षारोपण है। विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) पर 9 लाख तथा 12 जुलाई को 56 लाख पौधों का रोपण कर वर्ष 2026 के लिए निर्धारित 65 लाख पौधरोपण का लक्ष्य पूरा किया गया।

2,515 बूथों पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण

- अम्बेडकर विवि में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 5,500 पौधरोपण

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने रविवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, समरस वन में अभियान के तहत 5,500 पौधों के वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री धर्मपाल सिंह ने लखनऊ के कुकरैल वन में आयोजित पौधारोपण महायज्ञ 2026 के अंतर्गत पीपल, पाकड़ एवं बरगद (शंकरी) के पौधों का रोपण किया। भाजपा के प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल, शक्तिकेन्द्र, बूथ के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर पौधारोपण कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। श्री चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा उत्तर प्रदेश में वृहद् वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है, अभियान के तहत प्रदेश में 35 करोड़ से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारम्भ किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान अब देश में एक बड़े जनआंदोलन का रूप ले चुका है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व सुरक्षित भविष्य की नींव भी रखते हैं। इसी क्रम में लखनऊ पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के कुकरैल वन क्षेत्र में आयोजित वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में उन्होंने वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अवध क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी, विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह एवं मुकेश शर्मा, विधायक ओपी श्रीवास्तव, जिलाधिकारी विशाख जी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनबी सिंह, डीएफओ शितांशु पाण्डेय सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कैंट एक मंडल के बूथ संख्या 193 स्थित तुलसी पार्क, गीता पल्ली में दस वृक्षारोपण किया। भरतेन्दु वार्ड स्थित पल्टन छावनी में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में विधायक डॉ. नीरज बोरा ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प दिलाया। एलडीबी प्रांगण में भी पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान ने भूमि विकास बैंक के सभापति विवेक सिंह तोमर के साथ आंवले का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित उत्तर प्रदेश के निर्माण का संकल्प लिया। श्री द्विवेदी ने बताया कि भाजपा लखनऊ महानगर के सभी 2,515 बूथों पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

लखनऊ हाईकोर्ट परिसर में हुआ पौधरोपण

लखनऊ। गोमतीनगर स्थित इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ न्यायमूर्ति राजन रॉय सहित अन्य न्यायमूर्तियों, वरिष्ठ निबंधक, न्यायालय के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा अधिवक्ताओं ने सहभागिता करते हुए चांदनी, कनेर, गार्डेनिया, हरश्रृंगार और गुलाचीन सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। वन विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं के सम्मान में पौधरोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा हरित और समृद्ध भविष्य के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है।

जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार के आगमन पर तैयारियों की समीक्षा

लखनऊ। जनता दल (यूनाइटेड) के विधायक दल के नेता एवं बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री श्रवण कुमार के 18 जुलाई को लखनऊ आगमन के अवसर पर आयोजित होने वाले स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज समीक्षा बैठक संपन्न हुई। यह बैठक प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल जी के निर्देश पर संपन्न हुई जबकि अध्यक्षता प्रदेश महासचिव भैया हरिशंकर ने की। बैठक में पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि श्रवण कुमार एवं प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल जी का लखनऊ आगमन संगठन के लिए अत्यंत प्रेरणादायक होगा।

गोरखपुर जंक्शन के प्लेटफॉर्म-9 कैब वे साइड का सुंदरीकरण पूरा

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल द्वारा यात्रियों को स्वच्छ एवं आकर्षक वातावरण देने के उद्देश्य से गोरखपुर जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या 09 कैबवे साइड का सौंदर्यीकरण किया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर और अपर महाप्रबंधक विनोद कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन में हुए इस कार्य का नेतृत्व स्टेशन निदेशक रतनदीप गुप्ता ने किया। जनसंपर्क अधिकारी महेश गुप्ता द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि सौंदर्यीकरण के तहत कैबवे साइड पर नई घासों के त्रिकोणीय पैच लगाए गए। नालियों की सफाई कर उन्हें सुव्यवस्थित किया गया। बाउंड्री वॉल पर रंगीन और आकर्षक चित्रकारी की गई तथा लगभग 700 मीटर तक खंभों पर तिरंगा लाइट्स लगाई गई हैं। वहीं मंडल रेल प्रबंधक, गौरव अग्रवाल ने बताया कि इस पहल से स्टेशन परिसर का स्वरूप और अधिक मनोहारी हो गया है। कहा गया कि लखनऊ मंडल यात्री सुविधाओं के साथ-साथ स्टेशनों के सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान दे रहा है, ताकि रेल यात्रा यात्रियों के लिए सुखद और यादगार बन सके।

ट्रेन मैनेजरों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल द्वारा गोंडा स्थित आरओएच डिपो में ट्रेन मैनेजरों की ड्यूटी को सुरक्षित और आरामदायक बनाने के उद्देश्य से ब्रेकवान के आधुनिकीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर के मार्गदर्शन और मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के नेतृत्व में यह पहल आरडीएसओ के मानकों के अनुसार की जा रही है। इससे लंबी दूरी की यात्राओं में ट्रेन मैनेजरों को बिना थकान के बेहतर तरीके से काम करने में मदद मिलेगी। जनसंपर्क अधिकारी महेश गुप्ता द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि ब्रेकवान के आधुनिकीरण के किए जा रहे प्रमुख सुधार के क्रम में आर्म रेस्ट, हाइट एडजस्टमेंट और 360 डिग्री रोटेशन वाली विशेष कुर्सियां लागने, वॉकी-टॉकी होल्डर, कोट हुक, वॉटर बॉटल स्टैंड, कमोड और वॉशबेसिन आदि की सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से दोनों तरफ 520 मिमी के बड़े ग्रैब हैंडल और फुट रेस्ट आदि सुधार के कार्य किए जा रहे है। दी गई जानकारी में मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने कहा कि ट्रेन मैनेजर रेल परिचालन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनकी सुरक्षा और सुविधा हमारी प्राथमिकता है। ब्रेकवान के आधुनिकीकरण से उनका कार्य स्थल बेहतर बनेगा और कार्य दक्षता के साथ परिचालन सुरक्षा में भी वृद्धि होगी। वहीं रेलवे ने इसे यात्री और परिचालन सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

महुआ-श्रीअन्न से बदल रही आदिवासी महिलाओं की तकदीर

विशेष संवाददाता (vol)

- सोनभद्र में आत्मनिर्भरता की नई मिसाल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के जनजातीय बहुल सोनभद्र और आसपास के क्षेत्रों में अब महिला सशक्तीकरण की नई कहानी लिखी जा रही है। कभी बुनियादी सुविधाओं और रोजगार के अवसरों के अभाव से जूझने वाला यह इलाका आज महुआ और श्रीअन्न (मिलेट्स) आधारित उत्पादों के जरिए ग्रामीण उद्यमिता का केंद्र बनता जा रहा है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी आदिवासी महिलाएं महुआ, रागी, सांवा और अलसी जैसे पारंपरिक पौष्टिक उत्पादों को बाजार तक पहुंचाकर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और श्रीअन्न को बढ़ावा देने वाली सरकारी पहलों का असर अब जनजातीय क्षेत्रों में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। महिलाओं को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता, पैकेजिंग और विपणन की सुविधाएं मिलने से वे सफल उद्यमी बन रही हैं। सोनभद्र की मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी के अनुसार, पहले यह क्षेत्र सीमित रोजगार और बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसी समस्याओं से जूझता था। पिछले कुछ वर्षों में सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा और सरकारी योजनाओं की बेहतर पहुंच से हालात बदले हैं। अब गांवों की महिलाएं अपने उत्पाद तैयार कर बाजार तक पहुंचा रही हैं, जिससे परिवारों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है।

सोनभद्र के घोरावल विकास खंड स्थित दुर्गा स्वयं सहायता समूह की 15 से अधिक महिलाएं मिलेट आधारित उत्पाद तैयार कर रही हैं। समूह हर महीने लगभग 40 से 50 हजार रुपये के उत्पाद बेचता है, जिससे प्रत्येक सदस्य को सालाना करीब एक लाख रुपये तक की अतिरिक्त आय हो रही है। यह समूह अब अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गया है। म्योरपुर विकास खंड के लिलासी गांव स्थित खुशबू आजीविका स्वयं सहायता समूह की 14 महिलाएं महुआ के लड्डू और सांवा जैसे पारंपरिक उत्पाद तैयार कर रही हैं।

समूह की सदस्य सुनीता देवी के अनुसार, अब उनके उत्पादों की मांग स्थानीय बाजार से आगे बढ़कर अन्य क्षेत्रों तक पहुंच चुकी है। इससे महिलाओं की आय में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। समूह से जुड़ी प्रियंका, संगीता, जिरमन, सोनकुंवर, पुष्पतिया, मलावती, हीरामनी और रीना जैसी महिलाएं भी इस बदलाव की मिसाल बन चुकी हैं। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को केवल आर्थिक गतिविधियों तक सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि उन्हें स्वरोजगार, कौशल विकास और समूह आधारित उद्यम के लिए भी तैयार किया जा रहा है। इसका परिणाम यह है कि कभी विकास की मुख्यधारा से दूर माने जाने वाले जनजातीय क्षेत्रों की महिलाएं आज अपने उत्पादों के जरिए स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दे रही हैं और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान निभा रही हैं।

गन्ना समितियों के विद्यालयों के शिक्षक छात्रों का करेंगे कौशल विकास

विशेष संवाददाता (vol)

- 13 से 15 जुलाई तक गन्ना उत्पादक जिलों के 40 शिक्षक लेंगे प्रशिक्षण

लखनऊ। प्रदेश सरकार में विद्यार्थियों के रोजगारपरक शिक्षा व कौशल विकास पर प्राथमिकता से ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के गन्ना एवं चीनी विभाग ने सहकारी गन्ना समितियों के माध्यम से संचालित विद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता व विद्यार्थियों के कौशल विकास को नई दिशा देने की पहल शुरू की है। इसके लिए वाधवानी फाउंडेशन की सहयोगी संस्था स्किल्स डेवलपमेंट नेटवर्क (एसडीएन) के सहयोग से प्रदेश के चयनित शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय उच्च स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 जुलाई से 15 जुलाई, 2026 तक लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान, लखनऊ में आयोजित होगा। इसमें प्रदेश के 8 प्रमुख गन्ना उत्पादक जिलों बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, बलरामपुर और बस्ती से चयनित 40 शिक्षक प्रतिभाग करेंगे।

उत्तर प्रदेश गन्ना एवं चीनी आयुक्त मिनिस्ती एस. के मुताबिक प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक कौशल, रोजगारपरक शिक्षा और उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित करना है, ताकि वे अपने-अपने शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को नई तकनीकों और रोजगारपरक कौशल से जोड़ सकें। इससे छात्रों को राष्ट्रीय एवं वैश्विक रोजगार बाजार की मांग के अनुरूप तैयार करने में सहायता मिलेगी। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद शिक्षक सहकारी गन्ना समितियों के सहयोग से संचालित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता, कौशल विकास और रोजगार के नए अवसरों से जोड़ने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में व्यावहारिक दक्षता विकसित कर उन्हें भविष्य की प्रतिस्पर्धी चुनौतियों के लिए तैयार करना भी है।

स्टेशन मास्टर्स मनायेंगे 'डिमांड डे', डिमांड बैज पहनकर जतायेंगे विरोध

लखनऊ। ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन, लखनऊ मंडल, पूर्वोत्तर रेलवे ने अपनी लंबित मांगों के समर्थन में 14 जुलाई 2026 मंगलवार को ₹ डिमांड डे ₹ मनाने का निर्णय लिया है। एसोसिएशन के मंडल मंत्री देवा नन्द ने बताया कि संगठन ने कई बार ज्ञापन देकर और 11 जुलाई, 2025 को प्रदर्शन कर भी समस्याओं के निराकरण की मांग की थी, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई समाधान नहीं किया गया। इससे स्टेशन मास्टर संवर्ग में निराशा है। उन्होंने बताया कि 'डिमांड डे' के तहत अधिक संख्या में स्टेशन मास्टर मंडल कार्यालय पहुंचकर डीआरएम को ज्ञापन सौंपेंगे। वहीं ड्यूटी पर तैनात स्टेशन मास्टर ₹ डिमांड बैज ₹ लगाकर ड्यूटी करेंगे। दी गई जानकारी में उन्होंने पिछले तीन वर्षों से आवधिक स्थानांतरण न होने, स्टेशन मास्टर पैनल रूम में एसी नहीं लगने, स्टेशन मास्टर और पॉइंट्समैन के पदों पर भारी रिक्तियां, डबल/ट्रिपल लाइन स्टेशनों पर हर शिफ्ट में 2 स्टेशन मास्टर की पोस्टिंग करने, मंडल के कई स्टेशनों पर लागू 12 घंटे की ड्यूटी रोस्टर समाप्त किये जाने सहित अपनी प्रमुख मांगें भी गिनाई।

बदलने को परिवेश, एकेटीयू में किया गया पौधों का निवेश

लखनऊ। डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में रविवार को एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण महाअभियान के तहत वृदह स्तर पर पौधरोपण किया गया। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने परिसर में पौधे लगाये।

कुलसचिव रीना सिंह एवं वित्त अधिकारी केशव सिंह के नेतृत्व में प्रशासनिक भवन के पास, कमल वाटिका, आवास के आसपास, पम्प हाउस के पास, पं अटल बिहारी बहुउदेश्यीय सभागार के पीछे, कैस के चारो ओर आम, अमरूद, आंवला, जामुन, चकरांदा सहित विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार फूलदार पौधे लगाये गये। इस दौरान एसो. डीन इनोवेशन डा. अनुज कुमार शर्मा, उपकुलसचिव डा. आयुष श्रीवास्तव, सहा कुलसचिव सुनील पाण्डेय, सहा. कुलसचिव सौरभ सिंह, सहा. कुलसचिव रंजीत सिंह, सहा. कुलसचिव डा. शिवम गुप्ता, व्यवस्थाधिकारी प्रवीण कुमार, रिसर्च इंजीनियर गौरव राय, सहा. पुस्तकालयाध्यक्ष डा. रामकुमार पाठक सहित अन्य लोगों ने पौधे लगाये।

- एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण महाअभियान के तहत विश्वविद्यालय परिसर में हुआ वृहद पौधरोपण

वे जातिवाद से तोड़ेंगे, हम राष्ट्रवाद से जोड़ेंगे : रोहित

भाजापा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा ने कार्यभार संभाला

लखनऊ। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा ने रविवार को प्रदेश कार्यालय में विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व 1090 चौराहे से पार्टी मुख्यालय तक हजारों युवा मोर्चा कार्यकताओं और युवाओं के साथ जुलूस के रूप में पहुंचे। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर कार्यकताओं एवं सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए युवा कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने सपा व कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि वे जातिवाद से तोड़ेंगे-हम राष्ट्रवाद से जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में युवा मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ मैदान में उतरेगा तथा भाजपा की प्रचंड विजय सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रांशुदत्त द्विवेदी ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा केवल एक संगठन नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के अथक परिश्रम से युवा मोर्चा ने प्रदेश के प्रत्येक मंडल और बूथ तक अपनी मजबूत पहचान बनाई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्री रोहित मिश्रा के नेतृत्व में युवा मोर्चा नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा और संगठन को और अधिक सशक्त बनाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक युवा कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करता है और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के विकास और सुशासन की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा। उन्होंने सभी युवाओं से संगठन की रीति-नीति के अनुरूप अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश महामंत्री श्री सुभाष यदुवंश ने कहा कि विश्वास व्यक्त किया कि रोहित मिश्रा के नेतृत्व में युवा मोर्चा संगठनात्मक विस्तार, वैचारिक मजबूती और जनसंपर्क अभियान को नई गति देगा। उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश में युवाओं के लिए जो अवसर उपलब्ध हैं, वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम हैं। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को घर-घर तक पहुंचाएं तथा 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित करने के लिए पूरी शक्ति और समर्पण के साथ कार्य करें।

भाजपा के लिए पौधरोपण दर असल भ्रष्टारोपण : अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लिए वृक्षारोपण दरअसल भ्रष्टारोपण का कार्यक्रम है। ये 35 करोड़ पेड़ लगाने का नहीं बल्कि प्रत्येक पेड़ से कम-से-कम 10 रुपए मतलब कुल मिलाकर 350 करोड़ कमाने की गुप्त भाजपाई योजना है। श्री यादव ने कहा कि सरकार ने 10 साल में कागजों पर ही पेड़ लगाए हैं। इनके पेड़ जमीन पर नहीं दिखाई देते हैं। जो कहीं लगे भी वह पानी के बगैर सूख गए। सरकार हर साल वृक्षारोपण के नाम पर भ्रष्टाचार की नई योजना के साथ आती है। बजट का बंदर बांट हो जाने के बाद अभियान समाप्त हो जाता है। फिर सरकार को साल भर तक ना पेड़ों की चिंता रहती है और ना पर्यावरण की। इस सरकार में पेड़ और वनों की अवैध कटाई हो रही है। समाजवादी पार्टी की सरकार में लखनऊ में गोमती नदी की सफाई की गयी। विश्वस्तरीय गोमती रिवरफ्रंट बनाकर नदियों की सफाई का उदाहरण प्रस्तुत किया, लेकिन भाजपा सरकार ने गोमती रिवरफ्रंट को बर्बाद कर दिया।

खुन खुन जी गर्ल्स महाविद्यालय में लगाये फलदार पौधे

लखनऊ। खुन खुन जी गर्ल्स महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ अंशु केडिया के मार्गदर्शन मे नोडल ऑफिसर डॉ स्नेह लता शिवहरे के द्वारा परिसर में नीम्बू, अमलतास, गुलमोहर एवं एवं अन्य छायादार तथा फलदार पौधों का रोपण किया गया। प्राचार्या महोदया ने अपने संबोधन में वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष पृथ्वी के प्राकृतिक संतुलन, स्वच्छ वायु, जल संरक्षण तथा जैव विविधता के संरक्षण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

संक्षेप

सीओ की फटकार पर दहेज उत्पीड़न का केस

प्रतापगढ़। विवाहिता को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने तथा पति द्वारा दूसरी शादी को लेकर लालगंज पुलिस ने सीओ की फटकार पर ससुराली जनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे अनुरूद्ध निवासी राममूरत की पुत्री संजना सरोज ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसका विवाह चार साल पहले रायबरेली जिले के डीह थाना के पूरे सत्यनारायण का पुरवा में गगन सरोज पुत्र रामेश्वर के साथ हुआ। शादी के एक वर्ष बाद से पति गगन, ससुर रामेश्वर, सास केशपति, देवर संतोष, ननद मेनिया व सुमन दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। आरोपियों द्वारा पीड़िता को छह माह पहले मारपीट कर भगा दिया गया। तहरीर के मुताबिक बीते मई माह में पति गगन ने दूसरी औरत से शादी कर लिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी पर जांच के नाम पर पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। इसके बाद उसने सीओ राजीव द्विवेदी ने मिलकर आपबीती बताया। सीओ की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने पति गगन समेत ससुराली जनों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

रास्ते के विवाद में हमला, दो के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। रास्ते के विवाद को लेकर विपक्षियों द्वारा पीड़ित की पिटाई को लेकर लीलापुर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट तथा गाली गलौज व धमकी का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के गुनई शुकुलपुर निवासी अविनाश शुक्ल पुत्र शेषधर ने दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती ग्यारह जुलाई को वह घर के सामने रास्ते की मरम्मत कर रह था। इस बीच विपक्षी गांव के देवेन्द्र शुक्ल उर्फ भोले पुत्र विश्वनाथ तथा साधु शुक्ल उर्फ सूयप्रकाश शुकल पुत्र श्रीपति ने गाली गलौज शुरू कर दी। मना करने पर आरोपियों द्वारा लाठी डंडे से मारपीट की जाने लगी। जान बचाने के लिए पीड़ित घर में घुस गया तब आरोपियों ने घर के भीतर भी मारपीट किया। बीच बचाव को पीड़ित का भाई मनीष तथा पत्नी रूचि कुमारी व मां आयी तब उसे भी आरोपियों द्वारा मारपीट कर चोटहिल कर दिया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने देवेन्द्र समेत दो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

कोर्ट के वांछित धराये, गये जेल

प्रतापगढ़। अपराध नियंत्रण अभियान के तहत पांच कोर्ट के आर्वछितों को पुलिस ने हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के दरोगा दीपक कुमार के साथ गश्त पर निकली पुलिस टीम ने मारपीट की घटना में कोर्ट द्वारा वांछित आरोपी कैथौला निवासी राकेश कुमार पुत्र रामफल को घर के समीप से हिरासत में ले लिया। इधर लीलापुर पुलिस ने भी अभियान के तहत कोठार मंगोलपुर निवासी कोर्ट के वांछित आरोपी सुरेश बहादुर मौर्य तथा बन्ने उर्फ राधेश्याम, गया प्रसाद व तिना निवासी बबलू रामबचन सरोज को इनके घरों के समीप से हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

रात्रि गश्त में दिखी कोतवाल मृत्युंजय पाठक की मुस्तैदी

सिद्धार्थनगर (बांसी)। कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से कोतवाली बांसी प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक ने शनिवार सायंकाल पुलिस बल के साथ क्षेत्र में व्यापक रात्रि गश्त की। इस दौरान प्रमुख चौराहों, बाजारों एवं संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया गया, साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों और संदिग्ध स्थानों की सघन जांच की गई। कोतवाल मृत्युंजय पाठक की सक्रियता और पुलिस की मुस्तैदी से असामाजिक तत्वों में हड़कंप की स्थिति रही। उन्होंने पुलिसकर्मियों को क्षेत्र में लगातार सतर्क रहकर संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

विदेशी नागरिक गिरफ्तार

महराजगंज। जिले में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने नेपाल में अवैध तरीके से दाखिल होने की कोशिश कर रहे एक विदेशी नागरिक को गिरफ्तार कर लिया। एसएसबी के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

हरित संकल्प से गूंजा श्रावस्ती

- एक पेड़ मां के नाम महाअभियान बना जनआस्था
- जनप्रतिनिधियों और प्रशासन ने किया पौधरोपण

एस.पी. सिंह परिहार

श्रावस्ती। धरती को हराभरा बनाने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण देने के संकल्प के साथ रविवार को श्रावस्ती में 'एक पेड़ मां के नाम-3.0' के अंतर्गत श्रावस्ती बन प्रभाग द्वारा आयोजित वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 जनभागीदारी का प्रेरक उत्सव बन गया। जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विद्यार्थियों, एसएसबी के जवानों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और आम नागरिकों ने पौधरोपण कर यह संदेश दिया कि प्रकृति की रक्षा ही मानव जीवन की सबसे बड़ी सुरक्षा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत का भिनगा स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग तथा मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने स्वागत किया। इसके बाद आफिसर्स कॉलोनी स्थित राजकीय पुस्तकालय मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में बैजनाथ रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा, श्रावस्ती विधायक रामफेरन पाण्डेय, जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग तथा मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने पीपल, पाकड़, बरगद और आम के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं, एसएसबी के जवानों और आम नागरिकों को पौधे वितरित किए गए। अतिथियों ने सभी से केवल पौधे लगाने ही नहीं, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक सहेजने का भी आग्रह किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आंगनबाड़ी किट भी वितरित की गई। मुख्य अतिथि बैजनाथ रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चल रहा यह अभियान प्रकृति और मातृ सम्मान का अनूठा संगम है।

पेड़-पौधे केवल पर्यावरण को संतुलित नहीं रखते, बल्कि जीवन, जल और भविष्य की सुरक्षा का आधार भी हैं। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से अपनी मां के नाम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के सच्चे संरक्षक हैं। वे शुद्ध प्राणवायु, छाया और जीवनदायिनी ऊर्जा प्रदान करते हैं, इसलिए प्रत्येक नागरिक को इस हरित अभियान का सहभागी बनना चाहिए। विधायक रामफेरन पाण्डेय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का सबसे प्रभावी माध्यम पौधरोपण है और हर परिवार को इस जनअभियान से जुड़ना चाहिए। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि शासन ने श्रावस्ती के लिए लगभग 40 लाख पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसमें वन विभाग द्वारा लगभग 18 लाख पौधे लगाए जा रहे हैं, जबकि शेष पौधरोपण अन्य विभागों के माध्यम से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ₹एक पेड़ मां के नाम₹ केवल अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करने का भावनात्मक संकल्प है। मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप पौधरोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण और देखभाल की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। प्रभागीय वनाधिकारी धनराज मीना ने जनपदवासियों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसे वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखे। उन्होंने कहा कि सफल वृक्षारोपण वही है, जिसमें पौधों का संरक्षण भी उतनी ही गंभीरता से किया जाए। कार्यक्रम में राजा भिनगा अलक्षेन्द्र कांत सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी, संजय कैराती, जिला पंचायत सदस्य रमन सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ललित कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी धनराज मीना, एसएसबी कमांडेंट ए.के. वरूण, उपजिलाधिकारी भिनगा आशीष भारद्वाज, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पौधरोपण कर हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया।

यह महाअभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि प्रकृति, मातृत्व और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी का सशक्त संदेश देकर जनमानस में पर्यावरण संरक्षण की नई चेतना जागृत कर गया।

सिद्धार्थनगर में लक्ष्य से अधिक 45.65 लाख पौधे लगाने का संकल्प

सिद्धार्थनगर, । एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के तहत रविवार को नौगढ़ विकासखंड के धौरीकुइयां स्थित समय माता मंदिर परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष जसवंत सिंह, कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य, प्रमुख सचिव एवं नोडल अधिकारी एस.वी.एस. रंगाराव, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन., पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह तथा डीएफओ नीला एम सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत, स्मृति चिन्ह एवं पौधा भेंट तथा स्कूली बच्चों के स्वागत एवं पर्यावरण गीत से हुई। वक्ताओं ने कहा कि ह्यएक पेड़ माँ के नाम अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल का भी संकल्प है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और स्वच्छ भविष्य के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण का आह्वान किया। नोडल अधिकारी एस.वी.एस. रंगाराव ने बताया कि प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जबकि सिद्धार्थनगर को 45.65 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य मिला है। उन्होंने कहा कि जनपद लक्ष्य से अधिक वृक्षारोपण कर प्रदेश में मिसाल कायम कर रहा है। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए जनपदवासियों से प्रत्येक व्यक्ति द्वारा कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करने की अपील किया।

एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने किया वृहद पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के नेतृत्व में रविवार को पुलिस लाइन परिसर में 'वामा सारथी फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन' के तत्वावधान में वृहद वृक्षारोपण एवं ₹प्लास्टिक को ना कहें जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने स्वयं पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक से दूरी बनाकर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद, क्षेत्राधिकारी विश्वजीत सौरयान, क्षेत्राधिकारी रोहिणी, प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस लाइन एवं विभिन्न शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण कर अभियान को सफल बनाया। एसएसपी ने कहा कि हर पौधा भविष्य की हरियाली और स्वच्छ वातावरण की मजबूत नींव है, इसलिए पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाना समय की आवश्यकता है।

हरित भविष्य की ओर बढ़ा बांसी कोतवाली का कदम, प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय के नेतृत्व में हुआ वृहद वृक्षारोपण

सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में संचालित बृहद वृक्षारोपण अभियान-2026 के तहत कोतवाली बांसी में प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक के नेतृत्व में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर थाना परिसर को हरित बनाने के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित और प्रदूषणमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने का सामाजिक दायित्व है। उन्होंने जनमानस से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील भी की। अभियान के दौरान कोतवाली बांसी पुलिस ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। वहीं जनपद के अन्य थानों एवं चौकियों पर भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मृत्युंजय पाठक के नेतृत्व में आयोजित यह पहल पुलिस की सामाजिक जिम्मेदारी और पर्यावरण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रेरणादायी उदाहरण बनी।इस तरह थानाध्यक्ष खेसरहा अनूप मिश्रा थानाध्यक्ष शिव नगर डिड़ई बृजेश सिंह, थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर अभय सिंह थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष तिवारी, थानाध्यक्ष गोल्हौरा रामदेव थाना प्रभारी निरीक्षक सिद्धार्थनगर, महिला थानाप्रभारी नि0 भाग्यवती पांडेय सहित अन्य थानों एवं चौकियों पर पौधारोपण कार्य किया गया।

महिला थाना प्रभारी भाग्यवती पांडेय की पहल से 11 बिखरते परिवारों में लौटी खुशियां

राम आशीष दूबे

सिद्धार्थनगर। जनपद की महिला थाना प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय के नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के तहत रविवार को एक सराहनीय और मानवीय पहल देखने को मिली। महिला थाना परिसर में स्थापित मिशन शक्ति केंद्र पर पारिवारिक विवादों से जूझ रहे 11 दंपतियों के बीच सफल काउंसलिंग कर मनमुटाव दूर कराया गया, जिसके बाद सभी जोड़ों को हंसी-खुशी एक साथ विदा किया गया। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक डॉ. महोदय के कुशल नेतृत्व, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय ने अपनी संवेदनशील कार्यशैली, धैर्यपूर्ण संवाद और प्रभावी काउंसलिंग के माध्यम से टूटते रिश्तों को नई उम्मीद दी। महिला थाना की काउंसलिंग टीम में महिला हेड कांस्टेबल रीना रावत, महिला आरक्षी संगीता गौतम, शिखा खरवार, प्रगति राय एवं शिवानी सिंह ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम ने दोनों पक्षों को धैर्यपूर्वक सुना, आपसी संवाद स्थापित कराया और परिवारों को एक नई शुरूआत का अवसर प्रदान किया। एक ही दिन में 11 परिवारों का पुनर्मिलन महिला थाना सिद्धार्थनगर की कार्यशैली और मिशन शक्ति अभियान की सफलता का जीवंत उदाहरण बन गया। इस पहल से न केवल परिवारों को टूटने से बचाया गया, बल्कि समाज में पुलिस की संवेदनशील, मानवीय और भरोसेमंद छवि भी और मजबूत हुई। स्थानीय लोगों ने प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय और उनकी टीम के इस सराहनीय प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि पुलिस का यह मानवीय चेहरा समाज में विश्वास और सौहार्द को बढ़ाने वाला है। मिशन शक्ति के माध्यम से महिला थाना सिद्धार्थनगर लगातार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और पारिवारिक विवादों के शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में प्रभावी कार्य कर रहा है।

जर्जर पाइप लाइन फटने से 15 लाख की दवाएं खराब

दवा व्यापारी ने प्रशासन से लगाई गुहार

इकौना, श्रावस्ती। नगर पंचायत इकौना में जलापूर्ति व्यवस्था में कथित लापरवाही का मामला सामने आया है। श्रावस्ती फार्मा के प्रोपराइटर इमरान अली मेकरानी ने जिलाधिकारी श्रावस्ती एवं उपजिलाधिकारी इकौना को प्रार्थना पत्र देकर पानी टंकी ऑपरेटर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि उनकी दुकान श्रावस्ती फार्मा, निकट उपाध्याय तालाब पानी टंकी इकौना में स्थित है, जहां वह निवास भी करते हैं। दुकान के पश्चिम दिशा से पानी टंकी जाने वाला रास्ता है, इसी मार्ग पर नगर क्षेत्र में जलापूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाई गई है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, 10 जुलाई 2026 को सुबह करीब छह बजे पानी टंकी ऑपरेटर द्वारा नई 12 इंच पाइप लाइन के स्थान पर पुरानी जर्जर 6 इंच पाइप लाइन चालू कर दी गई। आरोप है कि पाइप लाइन पानी का दबाव नहीं सह सकी और अचानक फट गई। पाइप लाइन फटने से हजारों लीटर पानी तेज बहाव के साथ घर और दुकान में भर गया। इससे दुकान में बिक्री के लिए रखी दवाओं के सैकड़ों गत्ते पानी में भीग गए। दुकानदार का आरोप है कि इस घटना में करीब 14 से 15 लाख रुपये की दवाएं खराब हो गईं।

इमरान अली मेकरानी ने आरोप लगाया कि नई पाइप लाइन संचालित होने के करीब दो माह बाद भी पानी टंकी ऑपरेटर ने पुरानी पाइप लाइन से जलापूर्ति शुरू कर दी, जिसके कारण यह घटना हुई। उन्होंने जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी से मामले की जांच कराकर नुकसान की भरपाई कराने तथा दोषी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। इस बावत जानकारी लेने हेतु उपजिलाधिकारी इकौना से 9454416089 सीयूजी नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन फोन न उठने के कारण बात नहीं हो सकी

घटना के बाद जलापूर्ति व्यवस्था और पाइप लाइनों के रखरखाव को लेकर सवाल उठने लगे हैं। अब प्रशासनिक जांच के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

पत्रकार लोकतंत्र के सजग प्रहरी : विधायक

श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक संपन्न

श्रावस्ती। तहसील सभागार इकौना में रविवार को श्रमजीवी पत्रकार यूनियन शाखा श्रावस्ती की तहसील इकाई की महत्वपूर्ण बैठक उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राम फेरन पाण्डेय तथा विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी रवींद्र कुमार रहे। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष शिवकुमार पाठक ने की, जबकि संचालन पत्रकार एस.पी. सिंह परिहार ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष आशुतोष पाठक के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन विधायक राम फेरन पाण्डेय एवं उपजिलाधिकारी रवींद्र कुमार को सौंपा गया। ज्ञापन में श्रमजीवी पत्रकारों को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा, आयुष्मान भारत योजना का लाभ, टोल प्लाजा पर शुल्क से छूट तथा समाचार संकलन एवं कवरेज के दौरान पत्रकारों एवं उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। विधायक राम फेरन पाण्डेय ने पत्रकारों की मांगों को न्यायोचित एवं जनहितकारी बताते हुए आश्वासन दिया कि वह इस ज्ञापन को महामहिम राज्यपाल तक पहुंचाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के सजग प्रहरी हैं और समाज को सही दिशा देने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए उनके सम्मान, सुरक्षा और सुविधाओं की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। बैठक में जिला महामंत्री राजेश कुमार पाण्डेय, राजकुमार गुप्ता, संजय रस्तोगी, एस.पी. सिंह परिहार, राजकुमार यादव, भास्कर नाथ विश्वकर्मा, दिनेश तिवारी, दीपक शर्मा, हफीजुल्लाह, धर्मचंद यादव, सुशील कुमार गुप्ता सहित यूनियन के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यूनियन की अगली बैठक आगामी रविवार को जमुनहा तहसील में तहसील अध्यक्ष सुधीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप के जरिये निर्दोष नागरिकों की हत्या अमानवीय: प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने अमेरिका द्वारा अर्न्तराष्ट्रीय कानून के विपरीत सैन्य हस्तक्षेप की कड़ी निन्दा की है। उन्होंने कहा कि ईरान, इजरायल युद्ध के दौरान अमेरिका द्वारा गाजा अथवा ईरान या फिर लेबनॉन पर हजारों किलोमीटर दूर से आकर निर्दोष लोगों की हत्या अमानवीय है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि अमेरिका को किसी अर्न्तराष्ट्रीय कानून ने यह अधिकार नहीं दिया है कि वह अनाधिकृत रूप से सैन्य शक्ति का गलत इस्तेमाल करे। उन्होंने कहा कि अर्न्तराष्ट्रीय मसलों पर निर्णय का अधिकार संयुक्त राष्ट्र संघ का है। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी ने अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर में चढ़ावे में हुई चोरी को लेकर नये सीईओ को चुने जाने के लिए शुरू की गयी प्रक्रिया को जनता को भ्रम में डालकर इसकी जगह वास्तविक अपराधियों को बचाने का प्रयास करार दिया है। उन्होंने कहा कि गुनहगारों को बचाने के साथ जिम्मेदार यह नहीं बता पा रहे है कि असली अपराधी अयोध्या में नहीं हैं वर- वे कहां हैं? सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि जब भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली थी तब उस समय पीएम मोदी से अनुरोध किया गया था कि अभी भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण का कार्य अधूरा है। उन्होंने कहा कि मण्डप नहीं बना था और मंदिर पर ध्वज भी नहीं लग पाया था फिर भी पीएम ने राजनीतिक हित साधने के लिए प्राण प्रतिष्ठा की जल्दबाजी की।

रेलवे अंडरपास में भरे पानी में डूबने से बग्घी चालक और घोड़े की मौत

मेरठ। जिले के ब्रह्मपुरी क्षेत्र में रेलवे अंडरपास में बारिश के कारण भरे पानी में डूबने से एक बग्घी चालक और उसके घोड़े की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के खत्ता रोड निवासी राकेश सैनी (40) अपनी बग्घी से पशुओं का चारा लेने गये थे। सूत्रों ने बताया कि रास्ते में बिजलीबंबा मार्ग से बाजौट की तरफ जाने वाले मार्ग पर स्थित रेलवे अंडरपास में सात से आठ फुट तक बारिश का पानी भरा हुआ था। सूत्रों ने बताया कि मौके पर मौजूद रेलवे गैंगमैन ने सैनी को अंडरपास में जाने से मना किया था, लेकिन चेतावनी के बावजूद उन्होंने बग्घी को पानी में उतार दिया और अंडरपास के बीच पहुंचते ही बग्घी डूबने लगी। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक राकेश और घोड़ा दोनों पानी में डूब चुके थे।

सिपाही की ड्यूटी के दौरान गोली लगने से मौत

मथुरा। जिले में केनरा बैंक की शाखा की सुरक्षा में तैनात एक सिपाही की ड्यूटी के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में चली गोली लगने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है और वह घटना के कारणों की जांच कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षक (एसपी सिटी) राजीव कुमार सिंह ने बताया कि एटा के पिलुआ थाना क्षेत्र के मडुआ गांव निवासी सिपाही अजीत सिंह (42) थाना सदर क्षेत्र में सिविल लाइंस स्थित केनरा बैंक की शाखा में पिछले 12 वर्ष से सुरक्षा ड्यूटी कर रहा था। शनिवार की रात सिंह के साथ एक अन्य सिपाही भी तैनात था। साथी सिपाही ने पुलिस को बताया कि रात करीब नौ बजे गोली चलने की आवाज सुनने पर उसने अंदर जाकर देखा तो अजीत सिंह खून से लथपथ पड़ा था और उसकी सरकारी रायफल गर्दन से सटी थी। एसपी सिटी के मुताबिक अजीत को उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गोली अजीत की सरकारी राइफल से ही चली थी, जो उसकी गर्दन से आरपार हो गई इसीलिए उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि अजीत ने खुदकुशी की है।

मानवीय सभ्यता की सुरक्षा के लिए पौध रोपण आवश्यक : अपर जिला जज

पौधरोपण महाअभियान के तहत विविधि स्थानों पर रोपे गये पौध, हुई गोष्ठी

प्रतापगढ़। पौध रोपण महाअभियान के तहत रविवार को यहां लालगंज दीवानी परिसर में छायादार तथा फलदार पौध रोपित हुए। वहीं सभागार में पौध संरक्षण को लेकर संगोष्ठी का भी आयोजन हुआ। अभियान की हौसला आफजाई के लिए नौनिहालों को पुरस्कृत भी किया गया। लालगंज वानिकी विभाग के संयोजन में हुए महाअभियान का शुभारम्भ अपर जिला जज रघुवीर सिंह राठौर व सिविल जज अशोक कुमार ने अधिवक्ताओं तथा जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पौध रोपणकर किया। सभागार में हुई गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए अपर जिला जज रघुवीर सिंह राठौर ने कहा कि आधुनिक विकास की चकाचैंध में मानवीय सभ्यता के विकास को प्राथमिकता दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जलवायु संरक्षण के लिए पौध रोपण व संरक्षण सबसे बड़ी जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल जज अशोक कुमार व संचालन वन क्षेत्राधिकारी प्रेमचन्द्र मिश्रा ने किया। संगोष्ठी को ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचन्द्र तिवारी व रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने सम्बोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रधानाध्यापक डा. वीरेश सिंह, प्रधानाचार्य एस.एन. त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद, उपाध्यक्ष नामवर सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता देवी प्रसाद मिश्र बेलौरा, विष्णु सिंह आदि रहे। इधर नगर पंचायत के प्राथमिक विद्यालय खालसा सादात में चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी व ईओ इन्द्र प्रताप ने पौध रोपण किया। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाध्यापक राजाराम सरोज ने किया। नगर स्थित हेमवती नन्दन बहुगुणा पीजी कालेज में भी पौध रोपण अभियान हुआ दिखा। राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले प्राचार्य डा. ऋचा सुकुमार ने पौध रोपण किया। संयोजन कार्यक्रमाधिकारी डा. फणीन्द्र नारायण मिश्र ने किया। वहीं सांगीपुर स्थित गांधी इंटर मीडिएट कालेज में भी पौध रोपण महाअभियान के तहत प्रधानाचार्य डा. अभिताभ शुक्ल ने वृहद पौध रोपण का शुभारम्भ किया। संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता रामबोध श्युाक्ल ने किया। इस मौके पर केडी दुबे, रविशंकर उपाध्याय, डा. बच्चा बाबू वर्मा, अनुराग उपाध्याय, डा. आशीष सिंह, अनिल कुमार, प्रेमकुमार वैश्य, इम्तियाज अहमद, सूरज पाल, महेश शुक्ल, नन्हें खां, हरिकेश विश्वकर्मा, प्रदीप कुमार, छोटू पाठक आदि रहे।

संक्षेप

पूर्व अध्यक्ष ने महाविद्यालय में किया पौधरोपण

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा के बाल बुजुर्ग में स्थित जेबी महाजन डिग्री कालेज और फुटहवा इनार में स्थित जेबी महाजन महिला पीजी कालेज में रविवार को सघन वृक्षारोपण अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। जिला प्रमुख संघ के पूर्व अध्यक्ष व कालेज के प्रबधंक ईश्वरचंद जायसवाल ने कॉलेज के प्रबधंक सिमिति, जनप्रतिनिधि, शिक्षक और विद्यार्थियों के साथ मिलकर कालेज परिसर में पौधरोपण किया। और लगाए गए सभी पौधों को बचाने का संकल्प लिया। कालेज के प्रबधंक व जिला प्रमुख संघ के पूर्व अध्यक्ष ईश्वरचंद जायसवाल ने कॉलेज परिसर में पौधा लगाते हुआ कहा कि सभी को पौधरोपण करना चाहिए। ताकि इस भीषण गर्मी से आने वाले दिनों में राहत मिल सके। उक्त अवसर पर नगर पंचायत चौरीचौरा के सभासद मुन्ना भुज, सामजसेवी राम प्रवेश जायसवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता राजन जायसवाल, प्राचार्या डॉक्टर निमिषा सिंह, डॉक्टर जे के अस्थाना, डॉक्टर अजय कुमार त्रिपाठी, डॉक्टर आशुतोष तिवारी, मनोज कुमार सिंह, नरेंद्र कुशवाहा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन ने किया शोक सभा का आयोजन

चौरीचौरा, गोरखपुर। पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन उप0 की तहसील इकाई चौरी चौरा की बैठक रविवार को तहसील परिसर में आयोजित हुई। बैठक के दौरान संगठन के तहसील अध्यक्ष योगेंद्र मौर्य के पिता फागू मौर्य के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया।उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया । उक्त अवसर पर सुमेर नाथ पाण्डेय, अभिषेक कुमार प्रजापति महेश पासवान, रामसेवक पासवान, जामीर अंसारी, अमित दुबे, आशुतोष पांडे, विनोद पासवान, विनोद जायसवाल, इसरार खान, यशोदानंद सिंह, रामसनेही प्रजापति, सुनील विश्वकर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भेजी एक लाख की सहायता

गगहा,गोरखपुर। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व प्रदेश सचिव पंकज शाही की पहल पर ग्राम गौरपार निवासी गंभीर रूप से बीमार युवक सूजय यादव को इलाज के लिए बड़ी राहत मिली है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सूजय यादव के उपचार हेतु 1 लाख की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। गामा यादव के पुत्र सूजय यादव की दोनों किडनियां खराब हो चुकी हैं। आर्थिक तंगी के कारण उनका इलाज प्रभावित हो रहा था। मामले की जानकारी मिलने पर पंकज शाही ने राष्ट्रीय नेतृत्व से सहयोग की अपील की, जिसके बाद अखिलेश यादव की ओर से ?1 लाख की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। आर्थिक सहायता मिलने पर सूजय यादव के परिजनों ने अखिलेश यादव एवं पंकज शाही के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहयोग से इलाज को नई उम्मीद मिली है।इस अवसर पर पंकज शाही ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों के साथ खड़ी रही है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना पार्टी की प्राथमिकता है और आगे भी हर संभव सहयोग जारी रहेगा। इस दौरान बांसगांव विधानसभा अध्यक्ष राम निरंजन यादव, चिल्लूपार विधानसभा अध्यक्ष अमरजीत यादव, जिला कार्यकारी सदस्य अलाउद्दीन अंसारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अखिलेश यादव, नगर अध्यक्ष गोला श्रीकांत यादव, सहित समाजवादी पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश उसका नाम जोरेय दर्ज है जबकि उसके जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही नाम जोया (JOYA) दर्ज है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में भी जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार उसका सही नाम ही दर्ज किया जाये। **गुड्डू पुत्र शमसुद्दीन नि.-2/92, प्रयाग नारायण मार्ग, हजरतगंज, जी.पी.ओ. लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटिवश उसका नाम सादाफ दर्ज है जबकि उसके जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही नाम शादाब (SHADAB) दर्ज है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में भी जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार उसका सही नाम ही दर्ज किया जाये। **गुड्डू पुत्र शमसुद्दीन नि.- 2/92, प्रयाग नारायण मार्ग, हजरतगंज, जी.पी.ओ. लखनऊ।**

विधायक राजेश त्रिपाठी ने किया पौधरोपण

गोला,गोरखपुर। पर्यावरण संरक्षण और हरित उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से विकासखंड गोला के ग्राम पंचायत रजौली में रविवार देर शाम करीब सात बजे चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने पौधरोपण कर वृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पौधों का वितरण भी किया गया। अभियान की शुरूआत ग्राम पंचायत रजौली से की गई है। विकासखंड गोला के सभी ग्राम पंचायतों में इस अभियान के तहत कुल 1,24,770 पौधों का रोपण किया जाएगा। ग्राम पंचायत बांहपुर के ग्राम सभा बांहपुर, नुआंव, तुर्कवलिया और उदईपुर में कुल 1,764 पौधों का रोपण किया गया। इनमें आम, सागौन, शीशम, यूकेलिप्टस, अर्जुन, अमरूद और गुलमोहर सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। अभियान के अंतर्गत कोहरा बुजुर्ग राजकीय आईटीआई के पीछे, ककरही, पोखरी गांव, रजौली बुजुर्ग और गाजेगाढ़ा में भी 1,500-1,500 पौधों का रोपण किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और स्वस्थ जीवन का आधार भी प्रदान करते हैं। आज लगाया गया एक पौधा भविष्य के सुरक्षित और समृद्ध भारत की नींव है। हम सभी का दायित्व है कि केवल पौधे लगाएं ही नहीं, बल्कि उनका संरक्षण भी करें। जब तक पौधा वृक्ष न बन जाए, उसकी देखभाल करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। आइए, प्रकृति के प्रति अपना दायित्व निभाते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण करें और हरित उत्तर प्रदेश के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। खंड विकास अधिकारी दिवाकर सिंह ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार विकासखंड गोला में वृहद स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सभी ग्राम पंचायतों में कुल 1,24,770 पौधों का रोपण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्थलों पर फलदार एवं छायादार पौधे लगाए जा रहे हैं तथा रोपित पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि अभियान का उद्देश्य पूरी तरह सफल हो सके। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष, भाजपा के अन्य पदाधिकारी, बीडीओ दिवाकर सिंह, वेद प्रकाश शुक्ला, सचिव विकास कुमार, एडीओ ग्राम विकास, तकनीकी सहायक राकेश सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

जंगल औराही गौशाला में विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने किया पौधारोपण, ग्रामीणों को वितरित किए पौधे

चरगांवा,गोरखपुर। पिपराइच विधानसभा क्षेत्र के विकास खण्ड चरगावां अंतर्गत ग्रामसभा जंगल औराही स्थित गो आश्रय स्थल में ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के तहत पिपराइच विधानसभा के स्थानीय विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने ब्लॉक प्रमुख श्रीमती वंदना सिंह के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक श्री महेंद्र पाल सिंह व चरगांवा विकास खण्ड के ब्लॉक प्रमुख श्रीमती वंदना सिंह व खंड विकास अधिकारी दिवाकर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से ग्रामीणों के बीच विभिन्न प्रजातियों के पौधों का वितरण भी किया गया और अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनकी देखभाल करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय विधायक ने गौशाला में संरक्षित गायों को केला और गुड़ खिलाकर गो सेवा भी की। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह 'मुन्ना', खण्ड विकास अधिकारी दिवाकर सिंह, ग्राम विकास अधिकारी वकील कुमार, मण्डल अध्यक्ष अनिल चौहान, पूर्व प्रधान भगवान दास प्रजापति, रामभवन शर्मा, चंद्रशेखर प्रजापति, रामध्यान प्रजापति, वशिष्ठ मुनि शुक्ला, नरेन्द्र सिंह, अशोक निषाद , अखिलेश निषाद उर्फ बब्लू सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

युवक ने दहकते अंगारों पर किया मातम

इटावा। चौथे इमाम हजरत जैनुल आबेदीन की शहादत पर अंजुमन हैदरी कमेटी के तत्वावधान में सालाना मजलिस, शब्वेदारी का आयोजन पक्की सराये स्थित बड़े इमामबाड़े में हुआ जिसमे शिया युवकों ने दहकते अंगारों पर नंगे पैर चलकर मातम किया। मजलिस में मौलाना सज्जाद हुसैन बिहार ने अपनी तकरीर में चौथे इमाम बीमारे कर्बला हजरत जैनुल आबेदीन की शहादत का दर्दनाक मंजर पेश किया। सोजख्वानी अहमद जाफर, सफीर हैदर, जहूर नकवी, असद जाफर ने की और सलमान रिजवी, आबिद रजा ने कलाम पेश किये। मजलिस के बाद मौला अब्बास के अलम की जियारत अंजुमन हैदरी ने बरामद की। अंजुमन हैदरी इटावा के अहमद जाफर, राहिल सगीर, अंजुमन जुल्फिकारे हैदरी खाता सादात बरेली के नोहा ख्वान अमजद अली अमजद, अंजुमन हुसैनिया हैदरपुर कानपुर देहात के नोहखवान हसन रजा बब्लू, अंजुमने हुसैनिया फरुखाबाद के नोहखवान जावेद हैदर ने नसीर हैदर, तहसीन हैदर, रीनू के साथ रात भर मातमी नोहाख्वानी की। शबबेदारी के दौरान शिया नययुवकों और बच्चों ने दहकते अंगारों पर उस समय तक मातम किया जब तक अंगारे राख नहीं हो गए। आग का मातम देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सैफू और श्यान हसन ने दहकते अंगारों पर सलामी दी। सालाना मजलिस व शबबेदारी के संचालन का दायित्व आरिफ हैदर लखनऊ ने निभाया। बाहरी जनपदों सहित स्थानीय लोगों के लिए अंजुमन हैदरी इटावा द्वारा भोजन व चाय की व्यवस्था की गई। अंजुमन हैदरी के संरक्षक राहत अकील, अध्यक्ष इंतिजार हुसैन नकवी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज नकवी, सेकेट्री राहत हुसैन रिजवी ने बाहरी जनपदों की अंजुमनों सहित कार्यक्रम में शामिल होने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया।

17 साल पहले बेची जमीन पर कब्जा करने के विरोध पर महिला की पीट-पीटकर हत्या

इटावा। इकदिल थाना क्षेत्र के हिरनपुर गांव में 17 साल पहले इकरारनामा कर बेची दी डेढ़ बीघा जमीन पर कब्जा करने की नियत से पहुंचे जेल से डेढ़ माह पहले छूटकर आए व्यक्ति ने परिवार व साथियों संग मिलकर महिला को पीट-पीटकर मरणासन्न कर दिया। गंभीर रुप से घायल महिला ने अस्पताल ले जाते समय महिला ने दम तोड़ दिया। सूचना पर सीओ सिटी व थाना पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद पुत्र की तहरीर पर सात नामजद और दो अज्ञात आरोपितों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। हिरनपुर निवासी अंशु कुमार ने तहरीर में बताया कि वर्ष 2009 में उनकी मां रानी देवी ने गांव के नंद किशोर से 0.2620 हेक्टेयर यानि डेढ़ बीघा भूमि का इकरारनामा कराया था। इसके बाद परिवार ने वहां मकान और बाउंड्री बनाकर कब्जा कर लिया था। आरोप है कि इकरानाम नामे के बाद नामजद आरोपित पत्नी की हत्या के मामले में तीन माह बाद जेल चला गया। जहां से करीब 17 वर्ष बाद 26 मई को जेल से छूटकर आने के बाद शुक्रवार दोपहर करीब 1:30 बजे नंद किशोर अपने बेटे, भाई भूपेंद्र, भूरे उर्फ शेरा, राहुल, बहन तथा टाइगर उर्फ अभिषेक उर्फ डल्लू सिंह समेत अन्य दो लोगों के साथ जेसीबी, डंडे और फावड़े लेकर पहुंचा और बाउंड्री का गेट तोड़कर अंदर घुस गया। विरोध करने पर आरोपितों ने मां रानी देवी, पिता कुंजीलाल से मारपीट शुरू कर दी। तहरीर के अनुसार भूपेंद्र ने रानी देवी के सीने और कान पर डंडों से कई वार किए, जबकि अन्य आरोपितों ने भी लाठी-डंडों, लात-घूंसों और फावड़े से हमला किया। गंभीर रूप से घायल रानी देवी को स्वजन अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है जल्द आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

काल बनकर आया सड़क हादसा, छिन गया परिवार का इकलौता सहारा

गगहा,गोरखपुर।गगहा थाना क्षेत्र के नर्रे गांव निवासी 26 वर्षीय रितेश चन्द की महाराष्ट्र के भुसावल में शुक्रवार को हुए एक सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। रितेश भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य संतोष चन्द के इकलौते पुत्र थे। उनके असामयिक निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। रितेश भुसावल में एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन और रिश्तेदार तत्काल भुसावल के लिए रवाना हुए। शनिवार की शाम वे एंबुलेंस से शव लेकर गांव के लिए रवाना हुए हैं। शव के रविवार देर शाम तक नर्रे गांव पहुंचने की संभावना है। इसके बाद गोला स्थित सरयू तट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। रितेश परिवार के इकलौते पुत्र थे। उनके निधन से माता-पिता के जीवन का एकमात्र सहारा छिन गया। गांव में हर आंख नम है और बड़ी संख्या में लोग शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं। पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल है। उनके निधन पर केंद्रीय राज्यमंत्री कमलेश पासवान, चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी, बांसगांव विधायक डॉ. विमलेश पासवान, भाजपा जिला अध्यक्ष जनार्दन तिवारी, ब्लॉक प्रमुख गगहा शिवाजी चन्द सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, भाजपा कार्यकताओं तथा पत्रकार साथियों ने गहरा शोक व्यक्त किया।

दुबई में गोरखपुर के युवक की मौत, शव भारत लाने के लिए केन्द्रीय राज्यमंत्री से लगायी गुहार

गगहा,गोरखपुर। रोजगार की तलाश में दुबई गए गगहा क्षेत्र के एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक का पार्थिव शरीर कई दिनों से दुबई में ही रखा हुआ है। शव को भारत लाने के लिए परिजनों व ग्राम प्रधान ने बांसगांव के सांसद से मदद की गुहार लगाई है। गगहा थाना क्षेत्र के ग्राम अकुंसी (पंडित का नगवा) निवासी सुधीर यादव (32), पुत्र रामकिशुन यादव, पिछले करीब ढाई वर्ष से दुबई की बिनघाती नामक कंपनी में कार्यरत थे। ग्राम प्रधान परमिन्ता देवी द्वारा सांसद को भेजे गए पत्र के अनुसार, सुधीर की परिजनों से आखिरी बार 5 मार्च 2026 को बातचीत हुई थी। इसके बाद से उनका परिवार उनसे संपर्क नहीं कर सका। परिजनों के अनुसार, 23 जून 2026 को दुबई स्थित भारतीय दूतावास से फोन के माध्यम से सुधीर की मृत्यु की सूचना दी गई। यह खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार का आरोप है कि मौत की सूचना मिलने के बाद भी न तो संबंधित कंपनी और न ही वहां के संबंधित अधिकारियों की ओर से मृत्यु के कारण और शव को भारत भेजने की प्रक्रिया को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी दी जा रही है। इस वजह से सुधीर का पार्थिव शरीर अब तक भारत नहीं पहुंच सका है। ग्राम प्रधान परमिन्ता देवी ने भारत सरकार तथा केन्द्रीय राज्यमंत्री व बांसगांव के सांसद से अनुरोध किया है कि आवश्यक कार्रवाई कराते हुए सुधीर यादव के पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द उनके पैतृक गांव पहुंचाने की व्यवस्था कराई जाए, ताकि परिवार अंतिम संस्कार कर सके।

धरती और इंसान को बचाने का सबसे बड़ा हथियार है वृक्ष : अनिल सिंह

पुरवा, उन्नाव। पर्यावरण की रक्षा और आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ जीवन देने के लिए वृक्षारोपण ही सबसे सशक्त उपाय है। यह बात पुरवा विधायक अनिल सिंह ने ब्लॉक क्षेत्र के भदनांग गांव में आयोजित विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम में कही। विधायक ने कहा कि आज के दौर में बढ़ता प्रदूषण, जंगलों का कटान और ग्लोबल वार्मिंग मानव जीवन के लिए बड़ा खतरा बन गए हैं। इन चुनौतियों से निपटने का एक ही रास्ता है, ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखने और धरती पर जीवन को बचाए रखने के लिए हर नागरिक को वृक्षारोपण से जुड़ना होगा। कार्यक्रम के दौरान विधायक अनिल सिंह ने ग्रामीणों के साथ मिलकर पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सतीश चैधरी, प्रतिनिधि दीपांशु चैधरी, प्रधान संघ अध्यक्ष अमित त्रिवेदी, भाजपा महामंत्री डॉ. रजनीश वर्मा, नायब तहसीलदार कृष्णा नन्द बाजपेई, बीडीओ डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, पूर्व मंडल अध्यक्ष शुभम श्रीवास्तव, प्रदीप शर्मा, धीरेंद्र पटेल, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार लोधी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, ग्रामीण जन और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संदेश दिया।

एक पेड़ मां के नाम लगाकर हरित वातावरण का संदेश दिया

पाटन, उन्नाव। एक पेड़ मां के नाम अभियान में तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत पौधरोपण महायज्ञ और वन महोत्सव का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और प्रदेश में हरित वातावरण को बढ़ाने के उद्देश्य से अभियान चलाकर पौधरोपण का यह कार्यक्रम किया गया। तहसील क्षेत्र के चयनित दस स्थानों पाटन, ओसियां, मलौना, देवारा, बक्सर, बीघापुर कला, मगरायर, वरदहा, कटरा दीवान खेड़ा, पसनिया खेड़ा, जैसे स्थानों में 35000 पौधों का रोपण किया जाना सुनिश्चित किया गया था। जिसके सापेक्ष तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत 15400 पौधों का रोपण संभव हो सका। पौधरोपण के इस क्रम में उप जिलाधिकारी रणवीर सिंह ने तहसील मुख्यालय व ग्राम कुंभी में पौधारोपण किया। अन्य स्थानों पर तहसीलदार गणेश सिंह, नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव व नायब तहसीलदार अविनाश मिश्रा द्वारा पौध रोपण का यह कार्यक्रम किया गया। ग्राम प्रधानों व निजी संस्थानों द्वारा भी पौध रोपण किया गया। अधिकतर संस्थानों पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

एक पेड़ मांग के नाम लगाकर अभियान को सफल बनाया

सफीपुर, उन्नाव। विधायक ने एक पेड़ मां के नाम चलाए जा रहे अभियान के तहत पौधा लगाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत खंड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी के नेतृत्व में विकास खंड क्षेत्र के मुंडा गांव में विधायक बम्बालाल दिवाकर ने पर्यावरण संरक्षण एवं मां के सम्मान में पौधा लगाया। इस दौरान उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल का संकल्प भी ले। इस मौके पर अनूप सिंह, शिवनाथ रावत, एडीओ पंचायत छोटेलाल, ग्राम पंचायत सचिव उत्तम अवस्थी, ग्राम प्रधान, अजीत रावत आदि समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

एक पेड़ मां के नाम अभियान में 300 पौधे लगाए

हिलौली, उन्नाव। जिले के मौरावा स्थित 100 बेड अस्पताल में ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। मौरावा नगर पंचायत द्वारा अस्पताल परिसर में लगभग 300 पौधे लगाए गए। इस अभियान का नेतृत्व नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी संतोष चतुवेर्दी ने अपनी टीम के साथ किया। उन्होंने बताया कि स्थानीय जलवायु के अनुकूल फलदार, छायादार और औषधीय पौधों को प्राथमिकता दी गई है। अधिशासी अधिकारी संतोष चतुवेर्दी ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं, इसलिए हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर उनका संरक्षण करना चाहिए। 100 बेड अस्पताल के अधीक्षक डॉ. रवि अघोरिया ने भी स्टाफ के साथ ₹एक पेड़ मां के नाम₹ पौधा लगाया। डॉ. अघोरिया ने वृक्षारोपण को एक महान कार्य बताते हुए कहा कि ₹क वृक्ष दस पुत्र समान है। उन्होंने स्वच्छ वायु और समृद्धि के लिए वृक्षों के संरक्षण का आह्वान किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी संतोष चतुवेर्दी, मधुकर बाबू और नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे। सभासद आशीष, सभासद सुल्तान बेग, मदन चैरसिया और मनोनीत सभासद साधना चैरसिया ने भी ₹एक पेड़ मां के नाम₹ पौधे लगाए। मौरावा के सुगमेश्वर महादेव मंदिर की ओर से गुरुकुल के प्रांगण में भी एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया गया।

कृषि इंजिनियर महाविद्यालय में हुआ पौधरोपण

जिला संवाददाता

इटावा। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार सहकारिता विभाग जे.पी.एस. राठौर की अध्यक्षता में बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय आवासीय परिसर में वृक्षारोपण महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया।

राज्यमंत्री द्वारा रुद्राक्ष के पौधे में जलार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवी संगठनों, छात्र-छात्राओं एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ किया गया एक पेड़ माँ के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपनी माता के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने तथा उसकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में प्रदेश में इस वर्ष 35 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जबकि जनपद में आज 55,18,600 पौधों का रोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया-2025 की रिपोर्ट के अनुसार जनपद में 7127 एकड़ वनावरण की वृद्धि हुई है। जनपद का वनावरण 10.88 प्रतिशत से बढ़कर 12.128 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश ने देश में ग्रीन कवर वृद्धि के क्षेत्र में दूसरा स्थान प्राप्त किया है तथा प्रदेश में इटावा जनपद तीसरे स्थान पर पहुंचा है, जो सभी के लिए गर्व का विषय है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि प्रदेश में हरितिमा के क्षेत्र में इटावा का तीसरा स्थान वन विभाग, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जनपद का लक्ष्य 60 लाख पौधारोपण का है और यह अभियान जनभागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है।

जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों से प्रदेश में अभूतपूर्व स्तर पर वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जा रहा है। आज इटावा हरितिमा के क्षेत्र में प्रदेश में तीसरे स्थान पर पहुंचा है और उत्तर प्रदेश पूरे देश में ग्रीन कवर बढ़ाने वाले अग्रणी राज्यों में शामिल है। राज्यमंत्री द्वारा एलविश कुशवाह, डॉ. राजीव चौहान (वन्य जीव संरक्षण), संजय सक्सेना (पर्यावरण छात्र संसद), अरविंद प्रताप सिंह (किसान एवं जैविक खेती), डॉ. सुनीता (गौरैया संरक्षण एवं पर्यावरण क्षेत्र), डॉ. आशीष त्रिपाठी (पर्यावरण एवं सर्व संरक्षण), रामजनम सिंह (शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण), राहुल तोमर (पर्यावरण एवं जन जागरूकता), अनुज कुमार (वन्य जीव संरक्षण), सोनी, धीर सिंह सहित पर्यावरण से संबंधित उत्कृष्ट कार्य करने वाले अन्य लोगों को पौधा एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया!

उक्त कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष बीजेपी अन्नू गुप्ता, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, जिला उपाध्यक्ष बीजेपी अशोक चौबे, समस्त जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, सामाजिक वानिकी निदेशक विकास नायक, अपर जिलाधिकारी बिपिन कुमार, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, उप कृषि निदेशक सतीश कुमार पाण्डेय, कृषि अधिकारी ओंकार सिंह, डीपीओ नमामि गंगे संजीव चौहान, पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राएं, माय भारत के स्वयंसेवक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

सीडीओ ने किया प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन

जसवंतनगर, इटावा। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने रविवार को यहां ब्लॉक परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के समुदाय प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनपद में समूह से जुड़ी दीदियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न ट्रेडों में इस स्थान पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। श्री गौतम ने आगे कहा कि यह प्रशिक्षण केंद्र ब्लॉक परिसर में होने की वजह से सुरक्षित है तथा यहां पर खंड विकास अधिकारी का देखरेख एवं मार्गदर्शन भी प्राप्त होता रहेगा। उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूहों के तहत जनपद में लगभग डेढ़ सौ दीदियों को अब तक मिशन पंचनद के तहत रोजगार दिलाया जा चुका है। महिलाएं कहीं कैंटीन , कहीं सैनिटरी शॉप , कहीं अपने उत्पाद बनाकर बेच रही है। इसी दौरान उन्होंने जसवंत नगर विकासखंड के एक समूह द्वारा निर्मित पंचनद मसालो को लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि मसालों की स्वच्छता एवं गुणवत्ता को बनाए रखना है। पंचनद एक ब्रांड है और उसकी विश्वसनीयता कायम रहनी चाहिए। इससे पूर्व प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन करते समय विभिन्न समूहों से जुड़ी दीदियों ने तिलक बंदन कर भारतीय परंपरा के अनुसार उनका स्वागत किया। उद्घाटन के पश्चात श्री गौतम ने पूरे प्रशिक्षण केंद्र में घूम कर अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने इससे पहले ग्राम धरबार में पंचायती राज विभाग द्वारा निर्मित तीन दुकानों का उद्घाटन किया यह दुकान है समूह से जुड़ी महिलाओं को रोजगार करने के लिए दी गई है। उनके साथ परियोजना निदेशक एवं खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार, उपायुक्त स्वत रोजगार इटावा विनय कुमार, ए डी ओ पंचायत देवेंद्र पाल सिंह, ए डी ओ आई एस बी महेश राजपूत, ए डी ओ कृषि बलवीर सिंह , प्रवीण कुमार सहित राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार मिशन एवं ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

तीन प्रोविजन स्टोर की दुकानों पर चोरों का धावा



भरथना, इटावा! नगर के बीचोंबीच स्थित प्रमुख बाजार की तीन प्रोविजन स्टोर की दुकानों का रात्रि के अंधेरे में अज्ञात चोरों द्वारा ताले तोडने की घटना से व्यापारियों में हडकम्प मच गया। जबकि कुछ माह पूर्व ही अज्ञात चोरों द्वारा उक्त दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम देकर लाखों रुपए का नुकसान किया था। पूर्व की चोरी की घटना का खुलासा न होने पर भी पीडित दुकानदारों ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर घटना का जल्द खुलासा करके अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही की पुरजोर मांग की है। थाना पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र में पीडित दुकानदारों प्रकाश चन्द

संक्षेप

12 गांवों के खेत नदी की जद में

लखीमपुर खीरी। दो दिन से हो रही बारिश का असर अब तराई क्षेत्र में दिखाई देने लगा है। पहाड़ों से आने वाले पानी के कारण शारदा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। खीरी जिले के निघासन गोला धौरहरा तहसील क्षेत्र के कई गांवों में बाढ़ और कटान का खतरा गहरा गया है. सबसे अधिक चिंता ग्रंट नंबर 12 गांव के लोगों को सता रही है, जहां शारदा नदी ने एक बार फिर अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। नदी का तेज बहाव लगातार किसानों की उपजाऊ जमीन को काट रही है। और देखते ही देखते खेत नदी में समाते जा रहे हैं। ग्रंट नंबर 12 गांव के ग्रामीणों का कहना है कि हर साल बरसात का मौसम उनके लिए डर और अनिश्चितता लेकर आता है। तेज बारिश होती है, शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने लगता है। नदी किनारे बसे गांवों के लोगों की रातों की नींद उड़ जाती है। इस समय भी नदी का बहाव इतना तेज है कि कृषि भूमि नदी में समा रही है और कटान लगातार जारी है।

फंदे से लटका मिला युवक का शव

सीतापुर। मानपुर थाना क्षेत्र के अल्लीपुर पड़रा गांव में रविवार सुबह 38 वर्षीय युवक का शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, मृतक के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। गांव निवासी दीपू सिंह ने बताया कि उनके भाई जगदत्त सिंह का शव रविवार सुबह कमरे के अंदर फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। मृतक के भाई के अनुसार, जगदत्त का अपनी ससुराल पक्ष से पिछले करीब आठ वर्षों से विवाद चल रहा था। आरोप है कि शनिवार को उसका साला नीरज अपने मौसेरे भाई के साथ गांव आया था और रात में जगदत्त को अपने साथ ले गया था। इसके बाद रविवार सुबह उसका शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। परिजनों का आरोप है कि विवाद के चलते जगदत्त की हत्या कर शव को आत्महत्या का रूप देने के लिए फंदे से लटका दिया गया।

खीरी ने रचा इतिहास : एक दिन में लगाये 92 लाख पौधे

लखीमपुर खीरी। रविवार सुबह जिले में वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 ('एक पेड़ मां के नाम' अभियान) का आगाज हुआ। इस दौरान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा की अगुवाई, नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस की देखरेख, डीएम अंजनी कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में वन एवं वन्यजीव विभाग और अन्य राजकीय कार्यदायी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी ने तय लक्ष्य के सापेक्ष पौधों का रोपण शुरू किया। जिले में एक दिन में लक्ष्य 92 लाख 8 हजार 800 पौधे के सापेक्ष 92 लाख 8 हजार 800 पौधे रोपकर एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया गया। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक चले इस अभियान में सरकारी विभागों, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों व जागरूक नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पौधों की सुरक्षा व देखभाल का संकल्प लिया। रविवार को तहसील सदर, ब्लॉक नकहा अंतर्गत क्रमशः रवही पुल से चौका साइफन तक बायी पटरी और बेड़नापुर गो आश्रय स्थल के निकट साइट पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष राजेश वर्मा ने शुभारंभ किया। इस दौरान आयोग अध्यक्ष ने विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम अंजनी कुमार सिंह, डीएफओ तापस मिहिर, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता संग फलदार, छायादार, औषधीय पौध का रोपण किया। आचार्य अनूप मिश्रा ने वैदिक मंत्र पढ़कर पूरे विधि विधान से पौधों को विधिवत पूजा अर्चना कर मंत्रोचारित किया। वेद मन्त्रों की गूंज रही ध्वनि के बीच आयोग अध्यक्ष ने पौध का रोपण किया। इस दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधियों, अफसरो संग ग्रामवासियों को पौधा प्रदान किए।

पौधों का करें संरक्षण : डीएम

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि धरती से भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक है। एक पेड़ मां के नाम नारा हमारी संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण की भावना को दशार्ता है। उन्होंने सभी से अपील की कि सिर्फ पौधे लगाएं नहीं, बल्कि उन्हें जीवित और सुरक्षित भी रखें। उन्होंने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में एक दिन में 35 करोड़ पौधे लगाने का अभियान प्रारंभ हुआ है, जिसमें खीरी जनपद 92.08 लाख पौधों के साथ बड़ी भूमिका निभा रहा है। इसके बाद आयोग अध्यक्ष राजेश वर्मा ने विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम अंजनी कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता के साथ नकहा ब्लॉक के बेड़नापुर गो आश्रय स्थल में उन्होंने फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया। गो आश्रय स्थल में उन्होंने गोवंशों का पूजन कर हरा चारा और गुड़ भी खिलाया। अभियान की नोडल अधिकारी व गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस ने रविवार को सीडीओ अभिषेक कुमार, डीएफओ तापस मिहिर, एसडीएम (सदर) अश्विनी कुमार सिंह, डीसीओ जितेंद्र कुमार मिश्र संग ब्लॉक फूलबेहड़ के ग्राम खंभारखेड़ा, ग्राम मैनहा और ब्लॉक लखीमपुर के ग्राम खेतोसा में फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया। इस दौरान उन्होंने अभियान के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के तहत जिले की विभिन्न वन रेंजों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, ग्रामीणों एवं वन विभाग के कर्मचारियों ने पौधरोपण किया। मैगलगंज रेंज में विधायक सौरभ सिंह सोनू एवं पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर, मोहम्मदी रेंज में विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने पौधों का रोपण किया। विधायक मंजू त्यागी व खण्ड विकास अधिकारी सुमित कुमार सिंह ने खंभारखेड़ा और विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने सीएचसी धौरहरा व खण्ड विकास अधिकारी धौरहरा गगनदीप सिंह ने ग्राम पंचायत हरदी व ग्राम पंचायत वाली में पौधरोपण किया।

होम्योपैथी को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गोला में होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी के रूप में सेवाएं दे चुके तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ होम्योपैथिक फिजिशियन (आईआईएचपी) उत्तर प्रदेश शाखा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओपी श्रीवास्तव की मौजूदगी में लखनऊ स्थित जीसी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सकों ने होम्योपैथी के नवीन उपचार पद्धतियों और संगठन की भावी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सैमुअल हैनेमैन एवं डॉ. केजी सक्सेना के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। आईआईएचपी लखनऊ एससीआर की अध्यक्ष प्रो. डॉ. रेणु महेंद्र ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था की गतिविधियों और होम्योपैथी के क्षेत्र में डॉ. केजी सक्सेना के योगदान पर प्रकाश डाला। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओपी श्रीवास्तव ने संगठन की आगामी कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए वर्ष 2027 में प्रस्तावित राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने के लिए सभी चिकित्सकों से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर वैज्ञानिक और शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. तृप्ति गुप्ता, डॉ. रचना एवं डॉ. सुगंधा ने स्त्री रोगों के उपचार में समन्वित होम्योपैथिक चिकित्सा पर व्याख्यान दिए। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सचिव डॉ. अविनाश श्रीवास्तव ने किया, जबकि आयोजन को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष डॉ. अमित श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

औषधीय वृक्षों की लगायी गयी पौध

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में वृक्षारोपण महायज्ञ के दौरान मोहम्मदी शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर गांव गोकन की गौशाला परिसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया

जिसमें मुख्य अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने औषधीय वृक्षों की पौध लगाकर विधिवत शुभारंभ किया है। रविवार को वृक्षारोपण महायज्ञ के दौरान आयोजित कार्यक्रम में विधायक, नपाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा और कन्हैया, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई, एसडीएम चलवुराज आर ,सी ओ अरुण कुमार, निरीक्षक उमेश चौरसिया, कस्बा इंचार्ज अखिलेश सिंह, आनंद गुप्ता एम डी, दून पब्लिक स्कूल के सहायक प्रबंधक सतनाम सिंह, विमल अवस्थी, रेंजर निर्भय प्रताप शाही, डिप्टी रेंजर अखिलेश सिंह, वन दरोगा विजय सिंह, रोहित श्रीवास्तव, अनूप कुमार समय सभी स्टाफ कर्मी की गरिमामय मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित सभी गणमान्य लोगों के साथ स्कूल के बच्चों ने सहभागिता करते हुए बृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत रोपें गए 1100 वृक्षों की पौध के साक्षी बने हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सुशोभित किया है।

सावन मेले की तैयारियां तेज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। आगामी सावन मेले को लेकर नगर पालिका परिषद ने शहर के सौंदर्यीकरण का कार्य तेज कर दिया है। रविवार को सदर चैराहा स्थित अशोक स्तंभ के रंग-रोगन का कार्य शुरू कराया गया। पालिका का लक्ष्य मेले से पहले नगर के प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थलों को आकर्षक स्वरूप देना है। सावन माह में छोटी काशी के शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसे देखते हुए नगर पालिका द्वारा शहर की साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण और मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में तेजी से काम कराया जा रहा है। कुछ दिन पूर्व अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा ने सदर चैराहा सहित नगर के प्रमुख स्थलों का निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त रेलिंग, टूटी जंजीरों और अन्य अव्यवस्थाओं को जल्द दुरुस्त कराने के निर्देश दिए थे। निरीक्षण के बाद पालिका ने कार्ययोजना के अनुसार मरम्मत और सौंदर्यीकरण का काम शुरू करा दिया है। नगर पालिका अधिकारियों का कहना है कि सावन मेले से पहले प्रमुख चैराहों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों का रंग-रोगन, मरम्मत और साफ-सफाई का कार्य पूरा कराया जाएगा। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं भी समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जा रही हैं।

मंत्री नंदी का हरगांव में मना जन्मोत्सव

सीतापुर। वैश्य समाज के तत्वावधान में रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ह्यनंदीह्य का पुनर्प्राप्त जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने सूर्यकुंड तीर्थ स्थित गौरीशंकर बाबा मंदिर में रुद्राभिषेक कर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और यशस्वी जीवन की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वैश्य समाज उत्तर प्रदेश संगठन के विधानसभा अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा कि नंद गोपाल गुप्ता ह्यनंदीह्य ने जनसेवा और सामाजिक कार्यों के माध्यम से प्रदेश में विशिष्ट पहचान बनाई है। उनका जीवन समाज को सेवा, समर्पण और सकारात्मक सोच की प्रेरणा देता है। जिला मंत्री विकास गुप्ता ने भी उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की मंगलकामना की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई तथा राहगीरों को बूंदी वितरित की। कार्यक्रम में जिला महामंत्री संतोष गुप्ता, गोपाल गुप्ता, रज्जन गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, रंजीत गुप्ता, सत्यम गुप्ता, मनोज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में वैश्य समाज के लोग मौजूद रहे। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया।

मंत्री ओमप्रकाश राजभर पर अभद्र टिप्पणी, कार्रवाई की मांग

सीतापुर। उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायतीराज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित अभद्र टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया है। इसे लेकर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के पूर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनील अर्कवंशी ने संदना थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के मुताबिक, 10 जुलाई को एक समाचार चैनल ने पंचायत चुनाव से जुड़ा मंत्री ओमप्रकाश राजभर का बयान फेसबुक पर प्रसारित किया था। आरोप है कि इसी पोस्ट पर फरदीन मिर्जा नाम की फेसबुक आईडी से मंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणियां की गईं।

एक पेड़ मां के नाम थीम पर हुआ पौधरोपण

सीतापुर। जनपद में रविवार को ह्यवृक्षारोपण महाअभियान-2026 के तहत एक पेड़ माँ के नामह्य थीम पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम उत्साह और जनसहभागिता के साथ आयोजित किया गया। सामाजिक वानिकी वन प्रभाग की ओर से मिलेट्री फार्म स्थित वैदेही वाटिका के निकट नौ हेक्टेयर क्षेत्र में 22,500 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राकेश राठौर ह्यगुरु रहे। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी एवं प्रमुख सचिव पी. गुरुप्रसाद, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। नोडल अधिकारी ने कहा कि अभियान की सफलता पौधों की संख्या नहीं, बल्कि उनके संरक्षण और जीवित रहने पर निर्भर करती है। उन्होंने जियो टैगिंग, नियमित अनुश्रवण और गुणवत्तापूर्ण रखरखाव के निर्देश दिए। बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। एनसीसी कैडेट, आईटीआई एवं पीटीसी प्रशिक्षु, स्वयंसेवी संगठन और विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पौधारोपण हुआ। इस दौरान अटल वन सहित पूर्व वर्षों के वृक्षारोपण स्थलों का निरीक्षण कर पौधों की उत्कृष्ट जीविता और संरक्षण व्यवस्था की सराहना की गई। जनपदवासियों से प्रत्येक परिवार द्वारा कम से कम एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की गई।

महिला शक्ति ने पौधे रोपे

सीतापुर। वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत रविवार को विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत कटिया में एक पेड़ माँ के नाम थीम पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नोडल अधिकारी एवं प्रमुख सचिव पी. गुरुप्रसाद, जिलाधिकारी डॉ. राजगणपति आर., मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी तथा सामाजिक वानिकी के प्रभागीय निदेशक नवीन खंडेलवाल की उपस्थिति में महिला शक्ति ने पौधे रोपे। प्रत्येक पौधे की देखभाल की जिम्मेदारी उसे लगाने वाले ग्रामीणों को सौंपी गई। अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि पर ग्राम्य विकास विभाग ने पौधारोपण कराया है। अभियान के तहत जिले के सभी 19 विकास खंडों में लगभग 32.5 लाख पौधे लगाए जा रहे हैं। अधिकारियों ने अधिक से अधिक लोगों से वृक्षारोपण और पौधों के सरंक्षण में भागीदारी की अपील की।

9,200 पौधे लगाकर लक्ष्य सीतापुर पुलिस ने किया पूरा

सीतापुर। पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ जनपद पुलिस ने रविवार को वृक्षारोपण अभियान के तहत 9,200 पौधे लगाने का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा कर लिया। मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के नेतृत्व में जिले के सभी थानों, पुलिस कार्यालयों, पुलिस लाइन और अन्य पुलिस इकाइयों में सामूहिक पौधारोपण किया गया। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हरित आवरण बढ़ाने और भावी पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देने के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है। जनपद पुलिस ने नागरिकों से भी अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

विद्या मंदिर के पूर्व छात्रों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनायी पहचान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के दो पूर्व छात्रों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाकर विद्यालय, नगर और जनपद का गौरव बढ़ाया है। उनकी उपलब्धियों पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने बताया कि इंटरमीडिएट वर्ष 2021 के पूर्व छात्र प्रज्ञान वर्मा को हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय (एचबीटीयू), कानपुर में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए कुलाधिपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान विश्वविद्यालय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर प्रदान किया गयज्ञ उन्होंने बताया कि इंटरमीडिएट वर्ष 2012 के पूर्व छात्र रजनीश वर्मा ने भी अपनी कला के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल की है। उनका चयन स्वीडन में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय हिम मूर्तिकला प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जिसमें 18 देशों के कलाकार प्रतिभाग करेंगे। इससे पहले वह चीन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिम मूर्तिकला प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय के पूर्व छात्रों की यह सफलता वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों पूर्व छात्र भविष्य में भी अपनी प्रतिभा से नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन करते रहेंगे। विद्यालय परिवार ने दोनों पूर्व छात्रों को उनकी उपलब्धियों पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल एवं स्वर्णिम भविष्य की कामना की।

पीली धातु की दो नग तथा 6 लाख रुपये बरामद कर दो का चालान किया

तिकुनियां खीरी। जनपद में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत तिकुनियां पुलिस ने दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छह लाख रुपये नकद, पीली धातु की दो बट्टियां और दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। कोतवाल अवनीश कुमार ने बताया कि बीएनएस में वांछित रेशम सिंह (38) पुत्र सुख्खन सिंह निवासी मूर्तिहा, थाना सिंगाही तथा पूरन सिंह (33) पुत्र गुरुदीप सिंह निवासी सिन्हौना, थाना सिंगाही को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को शनिवार दोपहर करीब 2:10 बजे खमरिया गांव के बाहर रपटा पुलिया के पास चक्करपुर जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से प्लास्टिक के चार डिब्बों में रखे छह लाख रुपये नकद, प्लास्टिक के दो डिब्बों में सील सर्वमोहर सहित पीली धातु की दो बट्टियां तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए चालान किया गया है।

101 पौधे औद्योगिक संस्थान में लगाये गये

सीतापुर। सराय मलूही औद्योगिक संस्थान स्थित पार्क में वंश एडिबल्स प्राइवेट लिमिटेड एवं बंसल राइस मिल प्राइवेट लिमिटेड ने ह्यएक पेड़ माँ के नामह्य अभियान के तहत 101 पौधे लगाए। पीपल, नीम, सागवान, अमरूद और आंवला सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण और मातृभूमि के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया पौधरोपण

तम्बौर/सीतापुर। नगर पंचायत अध्यक्ष तयाबून निशा, व नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी सुभाष चन्द्र सिंह के नेतृत्व में कस्बे के अम्बेडकर नगर में स्थित बाल्मीकि मंदिर पर व ईदगाह सहित नगर क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। अध्यक्ष ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और स्वच्छ एवं हरित वातावरण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना तथा उनका संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में सैय्यद मो0 रेहान सभासद, गणेशी सभासद, मेराज खान सभासद, सग्गिर खान सभासद, हाजी शिबू गौरी सभासद, संतोष बाबू, अली खान, नावेद खान, माया राम, इरफान, राजेश गुप्ता सहित नगर पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

सूर्यकुंड के विकास को मिली नयी रफ्तार, 40 लाख की पर्यटन परियोजना का शिलान्यास

सीतापुर। प्रदेश के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने रविवार को हरगांव स्थित ऐतिहासिक सूर्यकुंड तीर्थ पहुंचकर पर्यटन विभाग की लगभग 40 लाख रुपये लागत की बरामदा एवं टॉयलेट ब्लॉक निर्माण परियोजना का शिलान्यास किया। इससे पहले उन्होंने तीर्थ परिसर में वृक्षारोपण किया और गौरी शंकर मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन कर प्रदेश व क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री सुरेश राही ने कहा कि हरगांव के समग्र विकास के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है।

धार्मिक और पर्यटन स्थलों का विकास न केवल क्षेत्र की पहचान को मजबूत करेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और सुविधाओं के नए अवसर भी उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि हरगांव में परिवहन निगम का बस स्टेशन स्थापित हो तथा बालिकाओं की उच्च शिक्षा के लिए एक महाविद्यालय भी खोला जाए। शंकराचार्य द्वारा पूर्व में गौरी शंकर मंदिर में पूजन-अर्चन नहीं किए जाने से जुड़े सवाल पर मंत्री ने कहा कि गौरी शंकर बाबा की प्राचीन धार्मिक मान्यता है। उन्होंने आरोप लगाया कि शंकराचार्य समाजवादी पार्टी की मानसिकता से प्रभावित हैं और सपा का एजेंडा हमेशा सनातन विरोधी रहा है। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष गफ्फार खान, अधिशासी अधिकारी श्रीश मिश्र, उदित बाजपेई, पंकज शुक्ला, विजय कुमार मिश्र, राजेश्वरी देवी, सुमित मिश्र, कन्हैया जोशी, सलीम सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

रेहरिया चौकी परिसर में हुआ पौधरोपण

पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। वन महोत्सव एवं पौधरोपण अभियान के तहत रेहरिया पुलिस चौकी परिसर में शनिवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवागत चैकी प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। चौकी प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। पौधे हमें शुद्ध ऑक्सीजन, फल, छाया और स्वच्छ वातावरण प्रदान करते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए। पौधरोपण अभियान के दौरान जामुन, आंवला, अमरूद, सहजन एवं अन्य प्रजातियों के पौधे लगाए गए। साहबगंज ग्राम प्रधान सुदेश कुमार ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ ही ईंधन, फल और अन्य आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध कराते हैं। समाजसेवी अमरजीत सिंह ने भी पौधरोपण कर लोगों से पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी निभाने की अपील की। इस अवसर पर चौकी प्रभारी पंकज त्रिपाठी, ग्राम प्रधान सुदेश कुमार, शहीद भगत सिंह सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं समाजसेवी अमरजीत सिंह, कांस्टेबल शशि कुमार, कांस्टेबल करनवीर सिंह, पत्रकार धनपाल सिंह, पत्रकार नवनीत कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

पत्नी और मासूम को घर से निकाला

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति पर शराब के नशे में मारपीट कर डेढ़ साल के बच्चे समेत घर से निकाल देने का आरोप लगाया है। पीड़िता निशा साहनी ने बताया कि शनिवार रात करीब 10 बजे पति आशीष कुमार यादव निवासी अख्तियारपुर ने उसके साथ मारपीट की और घर से बाहर निकाल दिया। उनका आरोप है कि पति अक्सर शराब पीकर मारपीट करता है। रात में किसी तरह मुख्य चैराहे पर पहुंची निशा ने ड्यूटी पर मौजूद होमगार्डों को पूरी घटना बताई और मायके, ग्राम पिंडी, तहसील सलेमपुर (देवरिया) भेजने की गुहार लगाई। रविवार सुबह होमगार्ड उसे हरगांव थाने लेकर पहुंचे, जहां उसने अपने पिता अभिमन्यु से फोन पर बात की। पुलिस ने परिजनों को थाने बुलाया है। थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी ने बताया कि अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है। परिजनों के आने और महिला के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ब्लॉक में हुआ वृहद पौधरोपण कार्यक्रम

सीतापुर। गोंदलामऊ विकास खंड परिसर में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष नैमिष तिवारी ने पौधे लगाकर अधिक से अधिक वृक्षारोपण का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुनींद्र अवस्थी, संजय अर्कवंशी, बीडीओ शिवजीत तथा अन्य लोगों ने भी पौधारोपण कर संरक्षण का संकल्प लिया। वही तारापुर में विधायक मनीष रावत ने किया पौधारोपण क्षेत्र के तारापुर स्थित पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। विधायक मनीष रावत ने पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में एसडीएम अवनीश कुमार, सीओ विशाल गुप्ता, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों ने भी पौधारोपण कर देखभाल का संकल्प लिया।

पौधरोपण अभियान में रोपे 16 हजार पौधे

- 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

रायबरेली। पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से शनिवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनपद रायबरेली में ह्यएक पेड़ माँ के नामह्य अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान में भाजपा के जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, शक्ति केंद्र संयोजकों, बूथ अध्यक्षों तथा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राप्त समाचारों के अनुसार, भाजपा द्वारा जनपद के विभिन्न बूथों पर समाचार लिखे जाने तक 16 हजार से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका था।

फिरोज गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज तथा महिला डिग्री कॉलेज, प्रगतिपुरम में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं प्रदेश सरकार के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने खीरों विकास खंड में आयोजित कार्यक्रम में वृहद स्तर पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि प्रकृति संरक्षण हमारी संस्कृति, हमारी जिम्मेदारी और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा संकल्प है। उन्होंने लोगों से अपनी माता के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा, एक पेड़ माँ के नाम केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति है। हरियाली ही भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी है। विकास खंड अमावां की ग्राम पंचायत बुढ़नपुर में भी सघन पौधरोपण अभियान चलाया गया। यहां 700 इमारती प्रजाति के पौधों का रोपण कर ग्राम वन विकसित करने की पहल की गई। कार्यक्रम में सदर विधायक अदिति सिंह ने पाकड़ एवं जामुन के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 100 महिलाओं को अमरूद के पौधे वितरित किए गए।

इस अभियान में स्थानीय ग्रामीणों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं तथा युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वहीं सलोन विधायक अशोक कुमार ने भी अपने विधानसभा क्षेत्र में आयोजित सघन वृक्षारोपण कार्यक्रमों में भाग लेकर अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल का संदेश दिया। वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत मंडल अमावा के हरदासपुर में आयोजित एक पेड़ माँ के नाम अभियान में भाजपा अवध क्षेत्रीय मंत्री कैप्टन विकास सिंह ने सैकड़ों पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया।

पूरे जनपद में चले इस अभियान के दौरान जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनका संरक्षण करने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और हरित पर्यावरण उपलब्ध कराने का आह्वान किया।

गनपत सहाय महाविद्यालय में रोपे गये 250 से अधिक पौधे

सुलतानपुर। गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उप्र शासन के वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 ङ्क 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के पयागीपुर परिसर और आरडीह स्थित कृषि प्रायोगिक प्रक्षेत्र में 250 से अधिक फलदार, औषधीय और छायादार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की पांचों इकाइयों के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. ओमप्रकाश पांडेय ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संरक्षण और मानव जीवन के आधार हैं। विशिष्ट अतिथि श्रीमती अनीता पाण्डेय ने अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह ने कहा कि पौधरोपण के साथ उनका संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. विष्णु शंकर अग्रहरि एवं कृषि विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में आंवला, नीम, पीपल, पाकड़, जामुन, अमरूद और आम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

अदिति सिंह ने की जन सुनवाई, समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिये निर्देश

रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह ने बुधवार को लालूपुर चैहान स्थित अपने आवास पर जन सुनवाई का आयोजन किया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों और वार्डों से आए लोगों से उन्होंने आत्मीय भेंट की और उनकी समस्याओं व सुझावों को गंभीरता से सुना। जन सुनवाई में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, पेंशन, आवास और राजस्व से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। कई लोगों ने सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलने की बात भी रखी। विधायक ने सभी फरियादियों की बात एक-एक कर सुनी और मौके पर मौजूद अधिकारियों को प्रत्येक समस्या के समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। अदिति सिंह ने अधिकारियों से कहा कि शासन की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक बिना किसी बाधा और भेदभाव के पहुंचना चाहिए। लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों को 15 दिन के अंदर निस्तारण रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर विधायक ने कहा, रायबरेली सदर के प्रत्येक नागरिक के सुख-दुख में सहभागी बनकर विकास, सुशासन और जनसेवा के संकल्प के साथ निरंतर कार्य करना मेरी प्राथमिकता है। जनता की समस्याओं का समाधान ही मेरा धर्म है और इसके लिए मैं हर संभव प्रयास करूंगी। जन सुनवाई में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। लोगों ने समस्याओं के त्वरित समाधान के आश्वासन पर विधायक के प्रयासों की सराहना की।

इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का किया शुभारम्भ : सदर विधायक अदिति सिंह ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत ?25.45 लाख की धनराशि से साकेत नगर में सुमित बेकरी प्वाइंट से शशिकेश सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का शुभारम्भ सदर विधायक अदिति सिंह ने विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कर किया। इस अवसर पर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा बरसात के समय होने वाली समस्याओं से भी काफी हद तक राहत मिलेगी। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जाए, जिससे स्थानीय नागरिकों को शीघ्र लाभ प्राप्त हो सके।

आबकारी मंत्री, विधायक व जनप्रतिनिधियों ने रोपे पौधे

अयोध्या। पौधरोपण महाअभियान-2026 एक पेड़ मां के नाम के तहत रविवार को जिलेभर में व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र, मसौधा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के आबकारी एवं मद्य निषेध (स्वतंत्र प्रभार) मंत्री नितिन अग्रवाल, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता तथा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के तहत भाजपा महानगर के सभी 419 बूथों तथा नगर निगम के 60 वार्डों में पार्षदों के नेतृत्व में दस-दस पौधे लगाए गए। जि पं अध्यक्ष रोली सिंह व उनके प्रतिनिधि आलोक सिंह ने जिपं कार्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पूरा बाजार तथा खजुराहट में पौधरोपण किया। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने नगर निगम के जोन कार्यालय परिसर, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने विद्याकुंड तथा ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष एवं महानगर महामंत्री शिवेन्द्र सिंह ने मड़ना ग्रामसभा में पौधे लगाए। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि पेड़ लगाना प्रकृति और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान भावनात्मक जुड़ाव के साथ पर्यावरण संरक्षण का सशक्त माध्यम है। प्रत्येक परिवार को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। महापौर ने कहा कि स्वच्छ और हरित अयोध्या के निर्माण के लिए पौधरोपण के साथ उनकी नियमित देखभाल भी उतनी ही आवश्यक है। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता अपने लगाए गए पौधे को वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने का संकल्प लेकर इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप दे रहा है। महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्र, उपाध्यक्ष तिलकराम, हरिभजन गौड़, अरविंद सिंह, बालकृष्ण वैश्य, रवि शर्मा, शशि प्रताप, शिवम शुक्ला, रवि सिंह, प्रवीण दुबे, मुकेश तिवारी, रवि सोनकर, कपिल देव वर्मा, हेमंत , रीना द्विवेदी, गरिमा मौर्य, जेपी श्रीवास्तव सहित सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने बूथों पर पौधरोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

कुलपति के नेतृत्व में विवि के नवीन परिसर में चलाया गया वृहद पौधरोपण अभियान

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के नवीन परिसर में कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में एक बृहद वृक्षारोपण अभियान राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देश के क्रम में आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनूठी पहल करते हुए परिसर में कुलपति ने मियाबाकी गार्डन का उद्घाटन किया गया। लगभग 3200 वर्ग मीटर क्षेत्र में विकसित होने वाले इस विशेष उद्यान में स्थानीय जैवविविधता का पूरा ध्यान रखा जाएगा, जिससे कम समय में एक सघन वन क्षेत्र तैयार हो सके। यह मियावाकी वन केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे लिविंग ग्रीन लेबोरेटरी के रूप में विकसित किया जाएगा, जहाँ पर्यावरण विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, कृषि, सिविल इंजीनियरिंग, जैव विविधता, जलवायु परिवर्तन, कार्बन पृथक्करण तथा पारिस्थितिकी पर अध्ययन एवं शोध किए जा सकेंगे। कुलपति ने वृक्षारोपण अभियान के वक्तव्य में कहा कि वन प्रकृति द्वारा मानव सभ्यता को दिया गया सबसे अनमोल उपहार हैं। इसके बिना पृथ्वी पर किसी भी प्रकार के जीवन या सर्वाइवल की कल्पना असंभव है। वन केवल कार्बन डाइऑक्साइड सोखने और ऑक्सीजन देने के स्रोत नहीं हैं, बल्कि ये हमारी पूरी पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ हैं। उन्होंने बताया कि एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से मियाबाकी फॉरेस्ट परिसर में 3200 वर्ग मीटर में तैयार हो रहा है । मियाबाकी गार्डन वैज्ञानिक नवाचार का एक बेहतरीन उदाहरण है। यह जापानी तकनीक कम जगह में पारंपरिक वनों की तुलना में 10 गुना तेजी से बढ़ती है और 30 गुना अधिक सघन होती है। इसमें स्थानीय प्रजातियों के पौधों को शामिल कर हम जैवविविधता को पुनर्जीवित कर रहे हैं, जो आज के समय में जलवायु परिवर्तन से लड़ने का सबसे प्रभावी वैज्ञानिक हथियार है। वनों से जुड़ी हमारी भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में जो वृक्षों की रक्षा करते हैं, वृक्ष उनकी रक्षा करते हैं का संदेश सदियों से निहित है। हमारी संस्कृति ने हमेशा प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व सिखाया है।

साकेत महाविद्यालय में 200 पौधे रोपे गये

अयोध्या। मुख्यमंत्री द्वारा संचालित 35 करोड़ वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत का. सु. साकेत पी.जी. कालेज, अयोध्या परिसर में वन विभाग द्वारा आवंटित 200 पौधों का रोपण किया गया। पौधरोपण अभियान के संयोजक डॉ. सन्तोष कुमार के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर एन.सी.सी. (नेवल विंग), एन.सी.सी. (आर्मी विंग), रोवर्स-रेंजर्स तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति के मंत्री आनंद सिंघल, कोषाध्यक्ष रामचन्द्र जायसवाल, प्राचार्य प्रो. दानपति तिवारी, प्रो. नर्वदेश्वर पाण्डेय, प्रो. अशोक कुमार मिश्र, प्रो. अशोक कुमार राय, प्रो. अनुराग मिश्र, प्रो. अंजनी कुमार सिंह, प्रो. आशुतोष त्रिपाठी, प्रो. अजय कुमार सिंह, प्रो. मनीष कुमार सिंह, आक्टा अध्यक्ष डॉ. जनमेजय तिवारी, डॉ. अनूप पाण्डेय, डॉ प्रशान्त पाण्डेय, डॉ आशीष विक्रम सिंह, श्रीमती मृणालिनी, डॉ. कनक बिहारी पाठक सहित महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएँ उपस्थित रहे। यह जानकारी सह मीडिया प्रभारी डॉ. रामलाल विश्वकर्मा ने दी।

संक्षेप

'एक पेड़ मां के नाम' के हुआ पौधरोपण

कादीपुर, सुलतानपुर। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रविवार को कादीपुर क्षेत्र में विभिन्न शिक्षण संस्थानों एवं नगर पंचायत की ओर से वृहद पौधरोपण किया गया। संत तुलसीदास पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आम, महुआ और अमरूद के 251 पौधे लगाए गए। प्राचार्य डॉ. राम नयन सिंह के नेतृत्व में प्राध्यापकों, कर्मचारियों और स्वयंसेवकों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। नेशनल इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ. केडी सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने 50 पौधे रोपे। वहीं सरस्वती इंटर कॉलेज, उमरी में प्रधानाचार्य राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में 2,500 पौधों का रोपण किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने भी कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

गोमती मित्रों ने की सफाई

सुलतानपुर। गोमती मित्र मंडल द्वारा रविवार को सीताकुंड धाम पर 740वां साप्ताहिक श्रमदान अभियान उत्साहपूर्वक संपन्न किया गया। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने घाट और धाम परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वर्षों से लगातार चल रहे इस अभियान ने सीताकुंड धाम को स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक धार्मिक स्थल के रूप में नई पहचान दिलाई है। प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन ने कहा कि गोमती मित्र मंडल का संकल्प है– न रुके कदम, न थका तन, न हुए विचलित, न ऊबा मन। उन्होंने बताया कि निरंतर श्रमदान का ही परिणाम है कि जहां कभी सीताकुंड धाम पर सन्नाटा रहता था, वहीं आज बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इससे स्थानीय नाविकों और छोटे व्यापारियों को भी रोजगार के अवसर मिले हैं तथा जनपद में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिला है। मंडल के प्रबंधक राजेंद्र शर्मा ने कहा कि 740 सप्ताह की यह सतत यात्रा समाज की सहभागिता और सेवा भावना का प्रतीक है।

मियावाकी मॉडल से सजेगा हरित रायबरेली

रायबरेली। वृक्षारोपण महायज्ञ के अंतर्गत जनपद रायबरेली में संचालित व्यापक वृक्षारोपण अभियान के क्रम में नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग तथा खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग अनिल कुमार सागर ने मियावाकी फॉरेस्ट अहमदपुर नजूल में आम के वृक्ष का वृक्षारोपण कर सघन वनीकरण स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं पौधों के संरक्षण कार्यों का विस्तृत अवलोकन किया। इसके पश्चात ग्राम सोरांव विकास खण्ड हरचन्दपुर में भी वृक्षारोपण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पौधों की प्रजातियों, रोपण की तकनीक, सिंचाई व्यवस्था, रखरखाव, पौधों की जीवित रहने की दर तथा मियावाकी पद्धति के अनुरूप किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लगाए गए प्रत्येक पौधे की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा उनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए, ताकि यह स्थल भविष्य में एक आदर्श हरित क्षेत्र के रूप में विकसित हो सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका, मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, डीएफओ प्रखर मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, उपजिलाधिकारी अहमद फरीद खान, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सभी अधिकारियों ने जनपदवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। वृक्षारोपण स्थल पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों व एन0सी0सी0 के बच्चों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया। नोडल अधिकारी ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रकृति संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के साथ-साथ पौधों का संरक्षण भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और जनसहभागिता से ही हरित एवं समृद्ध उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे तथा अभियान को सफल बनाने के लिए समन्वित प्रयासों पर बल दिया गया।

सदर विधायक ने बूढ़नपुर में किया 'वृहद वृक्षारोपण महायज्ञ' का शुभारंभ

रायबरेली। वृक्षारोपण महायज्ञ प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता का विराट उत्सव है। यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इसी प्रेरणादायी आह्वान को जन-जन तक पहुँचाने के संकल्प के साथ सदर विधायक अदिति सिंह ने बुधवार को सदर विधान सभा क्षेत्र के अमावाँ विकास खंड की ग्राम पंचायत बूढ़नपुर में आयोजित वृहद वृक्षारोपण महायज्ञ में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। इस अवसर पर विधायक अदिति सिंह ने श्एक पेड़ माँ के नामश अभियान के अंतर्गत स्वयं पौधरोपण किया और क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अदिति सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण आज केवल एक अभियान नहीं बल्कि जनभागीदारी का एक व्यापक जन-आंदोलन बन चुका है। उन्होंने कहा, वृक्ष हमारे जीवन, जल, स्वच्छ वायु और समृद्ध भविष्य के आधार हैं। प्रत्येक पौधा प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता और भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। विधायक ने कहा कि बूढ़नपुर में आज जो बृहद वृक्षारोपण किया गया है, उसका उद्देश्य सिर्फ संख्या बढ़ाना नहीं है, बल्कि हर लगाए गए पौधे को पेड़ बनाकर धरती को हरा-भरा रखना है। उन्होंने ग्राम प्रधान, ग्रामवासियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और विद्यालयों के छात्र-छात्राओं से आग्रह किया कि वे पौधों की नियमित देखभाल करें। इस दौरान अमावाँ ब्लॉक के अधिकारियों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भी पौधरोपण में भाग लिया। पंचायत परिसर, स्कूल और सार्वजनिक स्थानों पर नीम, पीपल, बरगद, आम ङ्क शीशम सहित छायादार और फलदार प्रजातियों के सैकड़ों पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के अंत में विधायक अदिति सिंह ने कहा, आइए, हम सभी एक पेड़ माँ के नाम अवश्य लगाएँ, उसका संरक्षण करें और हरित, स्वच्छ एवं समृद्ध उत्तर प्रदेश के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायें।

संतोष बने जिलाध्यक्ष, राहुल महामंत्री व वेद प्रताप कोषाध्यक्ष

जिला संवाददाता (vol)

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (सम्बद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, नई दिल्ली) की सुलतानपुर जिला इकाई को नई नेतृत्व टीम मिल गई है। प्रदेश नेतृत्व की ओर से जारी आदेश के तहत संतोष कुमार सिंह को जिलाध्यक्ष, राहुल तिवारी को जिला महामंत्री तथा वेद प्रताप सिंह को जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह ने एक निजी कार्यक्रम में तीनों पदाधिकारियों को मान्यता पत्र प्रदान कर उनके दायित्वों की औपचारिक घोषणा की। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय द्वारा अनुमोदित नई कार्यकारिणी में संतोष कुमार सिंह (सहायक अध्यापक, कम्पोजिट विद्यालय कैथापुर बेलडाड़ी, लंभुआ), राहुल तिवारी (सहायक अध्यापक, प्राथमिक विद्यालय घाटमपुर, लंभुआ) तथा वेद प्रताप सिंह (सहायक अध्यापक, डीह, बल्दीराय) को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि संगठन शिक्षकों के सम्मान, अधिकारों और शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संतोष सिंह और जिला महामंत्री राहुल तिवारी ने भरोसा दिलाया कि वे संगठन को नई ऊर्जा देंगे तथा शिक्षकों की समस्याओं के समाधान, उनके अधिकारों की रक्षा और संगठन के विस्तार के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जनपद में संगठन की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शिक्षक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर एमएलसी प्रतिनिधि डॉ. अजय सिंह, अनिल कुमार यादव, संतोष कुमार यादव, अकील अहमद, के.के. सिंह सहित विभिन्न ब्लॉकों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। नई कार्यकारिणी के गठन से शिक्षकों में उत्साह का माहौल है।

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के साथ पौधरोपण महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

सुलतानपुर। प्रदेशव्यापी वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के तहत रविवार को जनपद में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का शुभारंभ हुआ। ग्राम सभा पटखौली (लम्भुआ) स्थित कान्हा गौशाला परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने हरिशंकरी (पीपल, पाकड़ एवं बरगद) का पौध रोपित कर अभियान की शुरूआत की। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह और पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राज्यमंत्री ने लोगों से पौध लगाने के साथ उसके संरक्षण का भी संकल्प लेने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चल रहा यह अभियान आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने छात्रों और आमजन से कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने की अपील की। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में विभिन्न विभागों के माध्यम से 53.15 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पटखौली में पांच हेक्टेयर क्षेत्र में 12,500 पौधे रोपे गए, जबकि बल्दीराय के रामपुर बबुआन में मंडलायुक्त राजेश कुमार और जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह की मौजूदगी में 8,500 पौधों का सघन वन विकसित किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेटों और छात्र-छात्राओं को फलदार पौधे वितरित किए गए तथा पर्यावरण संरक्षण पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जनजागरूकता का संदेश दिया गया। जिलेभर में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और सामाजिक संगठनों ने पौधरोपण कर अभियान को सफल बनाया।

वृहद पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

गोसाईगंज, सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के तहत रविवार को विकास खंड कूरेभार की ग्राम पंचायत रामदासपुर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में एडीएम ए. रत्न प्रिया, एसडीएम सदर उत्तम तिवारी, बीडीओ श्रीकांत तिवारी, नायब तहसीलदार धर्मेंद्र यादव तथा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह 'सोनू' ने पौधरोपण किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जमुना सिंह के नेतृत्व में ग्राम पंचायत में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि कटका मिंटू सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, कोहड़ा प्रधान शिवप्रसाद यादव, भटपुरा प्रधान प्रतिनिधि मनोज वर्मा, राम सिंह वर्मा, प्रहलाद वर्मा, अजीत प्रताप सिंह, सुभाष वर्मा, राजस्व कर्मियों सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उनकी देखभाल कर हरित और स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करना है। सभी से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने और लगाए गए पौधों को संरक्षित रखने की अपील की गई।

पर्यावरण को बचाना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी

सलोन, रायबरेली। वृहद वृक्षारोपण जन अभियान के दृष्टिगत विधायक अशोक कोरी ने एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी , खण्ड विकास अधिकारी शशि कुमार तिवारी, वन क्षेत्राधिकारी श्याम सुंदर पांडेय मटका स्थित मनरेगा वन पार्क में पौधरोपण कर सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में पर्यावरण को बचाने की शपथ दिलाई। इसके बाद सलोन तहसील क्षेत्र में लगभग 8 लाख 57 हजार पौधरोपण किये गए। वहीं मनरेगा वन ग्राम मटका में चार हजार पैतीस ग्राम सभा द्वारा और लगभग 12 हजार पेड़ वन विभाग की तरफ से लगाएंगे।

विधायक अशोक कोरी ने कहा कि पर्यावरण को बचाना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। इससे हमारी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुनिश्चित होगा। और लोगों को बताया कि वृक्षारोपण से अर्थिक लाभ के साथ-साथ स्वास्थ्य लाभ भी मिलता हैं उनकी देख रेख हमे अपने बच्चों की तरह करना चाहिए। और उन्होंने लोगो से कहा कि एक पेड़ माँ के नाम और एक पेड़ गुरु के नाम लगाए। जिस प्रकार एक माँ अपने बच्चों की देखरेख करती हैं और बच्चा बड़ा होने के बाद अपनी माँ की देखभाल करता हैं ठीक उसी प्रकार हम सब को भी अपने जीवन मे अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उपजिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी ने लोगों से अपील किया कि हर व्यक्ति हर वर्ष कम से कम एक पेड़ लगाए तो प्रतिवर्ष करोड़ो पेड़ लग जाएंगे। इस मौके पर वन दरोगा अमित श्रीवास्तव, ए डी ओ पंचायत जितेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान विजय, रोजगार सेवक वीरेन्द्र कुमार मौर्य, गौरी शकंर मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे। वही समसपुर पक्षी विहार में वन दरोगा दया राम पाल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि देवेश कुमार शुक्ला, डॉ रमेश आदि ने सैकड़ों पौधरोपण किया गया।

छायादार पौधे रोपित कर दिया पर्यावरण के प्रति संदेश

परशदेपुर, रायबरेली। प्रदेश सरकार के आह्वान पर रविवार को 'वृक्षारोपण महायज्ञ' अभियान के तहत परशदेपुर पुलिस चौकी ,नगर पंचायत परशदेपुर व माता मिढुरिन मंदिर के पास पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और हरित आवरण को बढ़ाने के उद्देश्य से वृहद वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। विशेष रूप से 'एक पेड़ मां के नाम' पर लोगों ने फलदार व छायादार पौधे रोपित कर पर्यावरण के प्रति एक सन्देश दिया। चौकी इंचार्ज मोहित कुमार भारद्वाज व नगर पंचायत परशदेपुर की अधिशाषी अधिकारी निमिषा भारद्वाज ने कहा कि वृक्षारोपण महायज्ञ के तहत एक पेड़ मां के नाम रोपित किये गए। वृक्ष एक व्यक्ति लगाता है पर फल अनेको लोग खाते हैं। सभी को वृक्ष लगाने चाहिए।

दहेज की बलि चढ़ी विवाहिता मोनू वर्मा

अयोध्या। कोतवाली अयोध्या क्षेत्र के फतेहपुर गांव निवासिनी विवाहिता मोनू वर्मा का कम दहेज मिलने के कारण

एक पेड़ मां के नाम अभियान में लोगों ने की बढ़-चढ़ कर भागीदारी

देवरिया ।आज पूरे जनपद में ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत 40 लाख पौधरोपण के लक्ष्य के साथ आयोजित वृहद वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत जगह-जगह सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत स्थलों सहित सरकारी भवनों के परिसरों में वृक्ष लगाए गए।मुख्य कार्यक्रम बरियारपुर नगर पंचायत अंतर्गत छोटी गंडक नदी के किनारे प्रदेश के कृषि

40 लाख पौधरोपण के लक्ष्य के साथ जनपद में शुरू हुआ वृहद पौधरोपण महायज्ञ

मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन के साथ पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया सहित अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी पौधरोपण किया।

इस महाअभियान के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी ने कोविड काल में ₹एक पेड़ मां के नाम₹ लगाने का संकल्प दिया था, ताकि जन-जन की भागीदारी से देश एवं प्रदेश हरियाली से आच्छादित हो सके तथा स्वच्छ एवं संतुलित पर्यावरण उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस वर्ष 40 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है, जनपद में 40 लाख पौधे लगाए जाने का लक्ष्य हैं। उन्होंने बताया कि 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस पर लगभग 5 लाख पौधे लगाए जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि वृक्षों से मिलने वाली ऑक्सीजन ही जीवन का आधार है।इसलिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर वर्तमान के साथ-साथ भावी पीढ़ी को भी सुरक्षित एवं स्वच्छ पर्यावरण उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने कहा कि फलदार वृक्षों की कमी के कारण बच्चों में कुपोषण की समस्या बढ़ रही है। इसलिए आम, कटहल, सहजन, आंवला जैसे पौष्टिक फल देने वाले वृक्ष अधिक लगाए जाएं। इसी उद्देश्य से अंत्योदय कार्डधारक परिवारों को फलदार पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पहले यह लोकोक्ति प्रचलित थी कि ₹खेत का पानी खेत में, हर खेत में मेड़ और हर मेड़ पर पेड़₹, आज उसी परंपरा को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। रासायनिक उर्वरकों के न्यूनतम उपयोग पर बल देते हुए उन्होंने स्वस्थ एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आह्वान किया। कृषि मंत्री ने गांव, खेत, बगीचे, मंदिर, तालाब, अमृत सरोवर एवं सड़कों के किनारे अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों से भी एक-एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया। साथ ही स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन एवं अन्य पर्वों पर भी एक-एक पौधा लगाने की अपील की।

रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति एक पेड़ अपनी मां के नाम अवश्य लगाए। उन्होंने कहा कि गंडक नदी उनके विधानसभा क्षेत्र में लगभग 40 किलोमीटर तक प्रवाहित होती है। नदी के दोनों किनारों पर व्यापक स्तर पर वृक्ष लगाए जाएं तथा उनका संरक्षण भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जनपद को हरा-भरा बनाने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आह्वान किया।

आयोजित वृहद वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के मुख्य कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया को मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह एवं प्रभागीय निदेशक, सामाजिकी वानिकी कासरला राजू द्वारा स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पंकज शुक्ला ने किया।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर, उप जिलाधिकारी सदर प्रवीण कुमार, महिला आयोग की सदस्य रितु शाही, ब्लॉक प्रमुख पथरदेवा सुब्रत शाही, नगर पंचायत अध्यक्ष किरण राजभर, उनके प्रतिनिधि राजेश राजभर, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिवाकर चंद्र यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष नागेश्वर दत्त त्रिपाठी, कृष्णानंद गिरी, इंद्रधर मणि त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार सिंह, उप निदेशक कृषि सुभाष चंद्र मौर्य, जिला कृषि अधिकारी उदय शंकर सिंह, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।

किसानों एवं अंत्योदय कार्ड धारकों को वितरित किए गये पौधे

स्कूली बच्चों ने वृक्षारोपण जागरूकता रैली निकाली तथा पर्यावरण संरक्षण के नारे लगाए। इस अवसर पर सहजन सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे भी वितरित किए गए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकताओं, स्कूली बच्चों, किसानों एवं अंत्योदय कार्ड धारकों को पौधे वितरित कर वृक्षारोपण का संदेश दिया तथा बच्चों से अपने अभिभावकों को भी वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

जनपद के समस्त प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, विद्यालयों, पंचायत भवनों, ग्राम सचिवालयों, चारागाह भूमियों तथा तालाबों के तटबंधों सहित विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी भूमियों पर वृक्षारोपण किया गया। इसमें आम जनमानस द्वारा भी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई तथा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत नागरिकों ने अपनी निजी भूमि पर भी पौधों का रोपण किया।

नोडल अधिकारी व डीएम ने किया पौधरोपण

देवरिया 12 जुलाई ।एक पेड़ मां के नाम₹ वृहद वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के तहत शासन द्वारा जनपद के लिए नामित नोडल अधिकारी रविंद्र कुमार प्रथम तथा जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बैतालपुर विकासखंड अंतर्गत सिरजम ग्राम ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र एवं अमृत सरोवर पर वृक्षारोपण किया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने अंत्योदय कार्डधारकों एवं समूह की महिलाओं को पौधे वितरित किए। अंत्योदय कार्डधारकों एवं समूह की महिलाओं को फलदार पौधे उपलब्ध कराए गए, ताकि भविष्य में उन्हें पौष्टिक फल प्राप्त हो सकें।

जिलाधिकारी एवं नोडल अधिकारी ने अमृत सरोवर, प्राथमिक विद्यालय तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में वृक्षारोपण कर लोगों से अधिक से अधिक ₹एक पेड़ मां के नाम₹ लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षित, संरक्षित एवं संतुलित पर्यावरण के लिए सभी लोग आगे आकर वृक्ष लगाएं और जनपद को हरा-भरा बनाने में अपना योगदान दें।

आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में ग्रामवासी, अधिकारीगण एवं क्षेत्रीय जन बढ़-चढ़कर सहभागी बने और वृक्षारोपण किया। आंगनबाड़ी केंद्र पर जिलाधिकारी द्वारा फलदार एवं रुद्राक्ष के पौधों का रोपण किया गया।

वृक्षारोपण की आयोजन की अवसर पर अपर जिला अधिकारी प्रेम नारायण सिंह, डीसी मनरेगा आलोक पांडेय साहित बीएससी सहित अन्य अधिकारी ग्रामवासी प्रबुद्ध जान आज उपस्थित रहे।

इसके उपरांत नोडल अधिकारी एवं जिलाधिकारी ने गौरी बाजार विकासखंड के पाननकुंडा एवं ग्राम पंचायत इंदुपुर में विकसित भारत जी रामजी योजना के अंतर्गत अमृत सरोवर के तट पर भी वृक्षारोपण किया। इस दौरान उन्होंने स्काउट-गाइड एवं छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में दीवानी परिसर में पौधरोपण

देवरिया । दीवानी न्यायालय के परिसर में मा0 जनपद न्यायाधीश श्री धनेन्द्र प्रताप सिंह के अध्यक्षता में सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण अधिवक्ता न्यायालयकर्मी, डिफेंस काउंसिल, पीएलवी द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में ह्यह्यएक पेड़ मॉ के नामह्यह्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माननीय जनपद न्यायाधीश श्री धनेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा कहां गया की पर्यावरण हमारे दैनिक जीवन से सीधा संबंध रखता हैं।मानव और पर्यावरण एक दूसरे से संबंधित तथा एक दूसरे पर निर्भर होते हैं। हमे प्रकृति की सुरक्षा का संकल्प लेना चाहिए और अपने स्तर से ज्यादा पेड़ पौधों को लगाना चाहिए ताकि भविष्य मे पर्यावरण को सुरक्षित बनाएं रखा जा सके।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्रीमती अर्चना ने कहा कि जैसे मॉ का प्रेम वात्सल्य होता है उनका व बच्चे का रिश्ता ममत्व का होता है उनके आँचल में बच्चा खुद को सुरक्षित महसूस करता है उसी प्रकार पौधे भी अपना वात्सल व संवेदनाऐं मनुष्यों को देते है इसलिए पौधे को भी संरक्षित कर इनको संवारना चाहिये।

भाजपाइयों ने किया पौधरोपण

देवरिया।भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के कार्यकताओं ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत बरहज विधानसभा के अहिल्यापुर के बूथ संख्या 42 पर पौधरोपण किया।इस दौरान कार्यकताओं ने आम, अमरूद, आंवला के पौधे रोपित किये।

न उड़ी प्लेन, न आई रेल और न चली चीनी मिल: अजय कुमार लल्लू

कुशीनगर। केन्द्र व प्रदेश की सरकार जन विरोधी सरकार है। जुमलों और वादों में कोई कमी नहीं है, जो वादा किया वह पूरा नहीं किया। न प्लेन उड़ी, न रेल आई और न ही पडरौना की चीनी मिल चली। उल्टे कई मिले बंद हो गई।

उक्त बातें पूर्व विधायक व कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने बातचीत के दौरान कही। कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नियमित संचालन को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि सरकार एयरपोर्ट का संचालन नहीं करा सकती तो किसानों की अधिग्रहित उपजाऊ जमीन वापस करे। लल्लू ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस बयान पर सवाल उठाया, जिसमें अमेरिका, इजरायल, ईरान और रूस से जुड़े युद्ध के हालात तथा नए विमानों की कमी को एयरपोर्ट संचालन में बाधा बताया गया था। लल्लू ने कहा कि यदि विमानों की कमी है तो गोरखपुर से दिल्ली और मुंबई के लिए नियमित उड़ानें कैसे संचालित हो रही हैं। सरकार चाहे तो इंडिगो और आकाश जैसी विमानन कंपनियों की उड़ानें तत्काल कुशीनगर से शुरू करा सकती है। उन्होंने कहा कि कुशीनगर एयरपोर्ट अयोध्या और जेवर एयरपोर्ट से पहले बन चुका है, लेकिन आज भी यहां नियमित उड़ानें शुरू नहीं हो सकी हैं। भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली होने के कारण यहां बड़ी संख्या में विदेशी बौद्ध श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं, लेकिन उन्हें दूसरे हवाई अड्डों का सहारा लेना पड़ता है। इससे पर्यटन, व्यापार और स्थानीय रोजगार प्रभावित हो रहे हैं।

लल्लू ने जिले के सांसदों और विधायकों पर भी एयरपोर्ट संचालन के मुद्दे पर प्रभावी पहल न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यदि सरकार की मंशा एयरपोर्ट चलाने की नहीं थी तो किसानों की जमीन का अधिग्रहण क्यों किया गया। साथ ही तमकुहीराज और टेकुआटार में घोषित विकास परियोजनाओं की सूची सार्वजनिक करने की मांग की। उन्होंने वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पडरौना और कठकुईया चीनी मिलों को शुरू कराने के वादे की याद दिलाते हुए कहा कि आज तक दोनों मिलें चालू नहीं हुईं, जबकि कप्तानगंज चीनी मिल भी बंद हो गई। बड़ी रेल लाइन बनने के बावजूद लंबी दूरी की नियमित ट्रेनों का संचालन शुरू न होने को भी उन्होंने सरकार की विफलता बताया। राम मंदिर के सवाल पर कहा कि चढ़ावा चोरी का प्रभु श्रीराम ने खुलासा कर दिया।

14 को देवरिया आयेंगे गुजरात के संगठन महामंत्री

देवरिया। 14 जुलाई को प्रस्तावित देवरिया आगमन एवं संगठनात्मक कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को देवरिया क्लब में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए पदाधिकारियों और कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।बैठक के मुख्य अतिथि सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी का जनपद आगमन कार्यकताओं के लिए प्रेरणादायी अवसर है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से समयबद्ध एवं समन्वित ढंग से तैयारियों में जुटने का आह्वान करते हुए कहा कि कार्यक्रम की सफलता प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करेगी।बैठक की अध्यक्षता अंतयार्मी सिंह ने की। उन्होंने कहा कि संगठन की पहचान अनुशासन और कार्यकताओं की प्रतिबद्धता से होती है। सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करना चाहिए, जिससे आगंतुक वरिष्ठ पदाधिकारी के समक्ष जनपद की संगठनात्मक क्षमता का बेहतर परिचय प्रस्तुत किया जा सके।उपस्थित पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने का संकल्प लिया।

सांसद ने किया आदर्श रेलवे स्टेशन का निरीक्षण, सुविधाओं का लिया जायजा

जिला संवाददाता

देवरिया। सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने रविवार को देवरिया के आदर्श रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर, प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, टिकट काउंटर, पार्किंग तथा स्वच्छता की स्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने रेलवे अधिकारियों से स्टेशन के विकास कार्यों एवं प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त की।सांसद ने कहा कि रेलवे केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि देश की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण आधार है। यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।निरीक्षण के दौरान सांसद ने यात्रियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और रेलवे अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने स्टेशन परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था को और बेहतर बनाने, पेयजल की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने, प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा यात्रियों की सुविधा से जुड़े अन्य कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने को कहा।रेलवे अधिकारियों ने सांसद को स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराया।तथा बताया कि यात्री सुविधाओं में लगातार विस्तार किया जा रहा है। सांसद ने अधिकारियों से सभी कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर बल दिया।

निरीक्षण के अंत में सांसद ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समन्वित प्रयासों से विकास कार्यों को गति मिल रही है तथा जनता को उसका सीधा लाभ प्राप्त हो रहा है। इस दौरान जिला मंत्री डा हेमंत मिश्रा, पूर्व प्रदेश संयोजक सदस्यता अभियान आनंद शाही, जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, नरेंद्र मिश्रा पप्पू, सचिंद्र शाही दीपू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

एसपी नै पुलिस परिवार के साथ किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

देवरिया उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित *₹एक पेड़ माँ के नाम₹ * अभियान के अंतर्गत आज पुलिस अधीक्षक श्री अभिजीत आर. शंकर के नेतृत्व में पुलिस लाइन परिसर में वामा सारथी फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन-2026 के तत्वावधान में विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय ने पुलिस परिवार के सदस्यों, वामा सारथी की पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया ।इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस परिवार के बच्चों को चॉकलेट व मिठाईयां भी वितरित किया गया ।कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संरक्षण का आधार ही नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवन का अमूल्य उपहार हैं । उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उन्हें सुरक्षित एवं संरक्षित रखने का आह्वान किया ।पौधरोपण के उपरांत सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पुलिस परिवार के सदस्यों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल, सिंचाई एवं संरक्षण करने की सामूहिक शपथ भी ली, ताकि प्रत्येक पौधा विकसित होकर पर्यावरण संवर्धन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सके ।इस अवसर पर वामा सारथी फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन-2026 की सदस्याओं, पुलिस परिवार के बच्चों एवं महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया । कार्यक्रम का उद्देश्य जनमानस में वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना रहा ।कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ तथा सभी उपस्थितजनों ने हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण हेतु निरंतर पौधरोपण एवं पौधों के संरक्षण का संकल्प दोहराया ।कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री आनन्द कुमार पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री सुनील सिहं, क्षेत्राधिकारी नगर श्री संजय कुमार रेड्डी, क्षेत्राधिकारी लाइन श्री गौरव सिंह, प्रतिसार निरीक्षक श्री रामजनम राम सहित वामा सारथी के पदाधिकारी, पुलिस परिवार के बच्चे आदि उपस्थित रहे ।

झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिले : गर्मी ,उमस से मिली राहत

भटनी (देवरिया) ।लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के लिए रविवार को हुई झमाझम वर्षा राहत लेकर आई। खेतों में पर्याप्त नमी पहुंचने से धान की रोपाई और अन्य खरीफ फसलों की बुवाई को गति मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। लगातार सूखे जैसे हालात से परेशान किसानों के चेहरों पर बारिश ने मुस्कान लौटा दी। वर्षा का इंतजार कर रहे किसान धान की रोपाई में जुट गए हैं। कल तक खेत सूखे होने से जहां कुछ किसान महगें डीजल से सिंचाई कर रोपाई में जूट थे वहीं पिछले दो दिनों से मानसून के मेहरबानी से किसानों के चेहरे खिल गए हैं और जोर-जोर से धान की रोपाई में लग गए।वहीं दूसरी ओर तेज वर्षा ने नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह पानी रुकने नालियों नालों के जाम होने कचरा युक्त पानी फैलने से जनजीवन प्रभावित हुआ है ।। कई स्थानों पर जलभराव होने से लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। निचले इलाकों, बाजारों और मुख्य मार्गों पर पानी भर जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई। कई कच्चे रास्ते कीचड़ में तब्दील हो गए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन और भी मुश्किल हो गया।हालांकि बारिश से भीषण गर्मी और उमस से लोगों को राहत मिली, लेकिन जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण नगर के कई हिस्सों में पानी जमा हो गया। मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बारिश की संभावना और भारी वर्षा को लेकर अलर्ट भी जारी किया है।किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में भी इसी प्रकार संतुलित वर्षा होती रही तो खरीफ फसलों का उत्पादन बेहतर होने की उम्मीद है। वहीं लोगों ने नगर क्षेत्र में जलनिकासी व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि थोड़ी सी बारिश में भी जनजीवन प्रभावित न हो।वर्षा के कारण नगर के नूरीगंज बाजार में आम उपभोग की वस्तुओं की खरीदारी करना टेढी खीर हो गयी है ।सब्जी का जहां बाजार लगता है ।इस समय वहां पानी लगने के कारण दूकानदारों व क्रेताओं के लिए गम्भीर समस्या पैदा हो गयी है ।फिर भी किसी तरह विक्रेता एवं क्रेता अपने -अपने आवशयकता के समानो की पूर्ति कर रहे हैं

सक्षम परियोजना के तहत युवा, महिला उद्यमियों को मिला प्रशिक्षण

कुशीनगर। बजाज फिनसर्व और ईडीआईआई (एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया) अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय ह्यसक्षम परियोजनाह्ल कार्यशाला में युवा, महिला उद्यमियों को रोजगार परक प्रशिक्षण दिया गया।

कसया तहसील के फाजिलनगर ब्लाक अंतर्गत बेलवां कलां में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि गोरखपुर के ₹अपनी गृहस्थी₹ के निदेशक राजकुमार सिंह ने कहा कि बदलते समय के साथ छोटे कारोबारियों को आधुनिक तकनीकों को अपनाना होगा। डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन मार्केटिंग और ई-कॉमर्स जैसे माध्यम छोटे उद्यमों को नई पहचान और व्यापक बाजार उपलब्ध करा सकते हैं। अध्यक्षता कर रहीं ममता सिंह ने कहा कि डिजिटल तकनीक आज जीवन और व्यवसाय का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। उन्होंने प्रतिभागियों से अपील की कि वे नई तकनीकों को सीखकर अपने कार्यों में उनका अधिक से अधिक उपयोग करें, ताकि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में आगे बढ़ सकें। संस्थान के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी विजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि बजाज फिनसर्व की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के कुशीनगर, वाराणसी, गोरखपुर, मऊ और अयोध्या सहित गुजरात के विभिन्न जिलों में ह्यसक्षम परियोजनाह्ल संचालित की जा रही है। इस पहल के माध्यम से युवाओं और महिलाओं को प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रही है।

इसी क्रम में परियोजना सहायक अधिकारी राहुल कुमार ने जमीनी स्तर पर इसके महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सूक्ष्म-उद्यमियों को सही मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग (हैंडहोल्डिंग सपोर्ट) की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है। 'सक्षम परियोजना' का लक्ष्य हर एक प्रतिभागी के भीतर के आत्मविश्वास को जगाना और उन्हें बाजार की नई चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार करना है, ताकि वे स्वतंत्र रूप से अपना व्यवसाय चला सकें। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ सुरेश तिवारी ने प्रतिभागियों को बैंकिंग सेवाओं, बीमा योजनाओं, बजट प्रबंधन, बचत की आदत और व्यवसाय के विस्तार से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण का उद्देश्य युवा और महिला उद्यमियों को वित्तीय साक्षरता, डिजिटल जागरूकता एवं उत्पाद विकास से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना था। यह प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क आयोजित किया गया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा तैयार उत्पादों की एक आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे मुख्य अतिथियों और संरक्षकों द्वारा काफी सराहा गया।

डिजिटल प्रशिक्षण महाभियान की बैठक संपन्न

मथुरा। भारतीय जनता पार्टी, दीनदयाल मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत एक बैठक आयोजित की गई। बैठक जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे के सानिध्य एवं मंडल अध्यक्ष पारस ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में जिला उपाध्यक्ष जगमोहन पाठक, जिला महामंत्री सतपाल चैधरी, मंडल महामंत्री हरिशंकर दीक्षित एवं सुरेश सरकार सहित मंडल के समस्त पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी एवं दीनदयाल म्पयोग एवंजन तक पहुंचाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

जिलाध्यक्ष ने किया पौधरोपण

देवरिया ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के अंतर्गत सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ने देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान भारतीय संस्कृति में माँ के सम्मान और प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि अपनी माँ के नाम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे, तो पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण का निर्माण किया जा सकता है।

राम मंदिर में चढ़ावा चोरी का आरोप लगा किया कांग्रेसियों ने प्रदर्शन

मथुरा। महानगर कांग्रेस कमेटी ने रविवार दोपहर 12 बजे प्रदर्शन किया। उन्होंने राम मंदिर में चढ़ावा चोरी का आरोप लगाया। महानगर अध्यक्ष यतेंद्र मुकद्दम के नेतृत्व में कार्यकताओं ने होली गेट से पैदल मार्च निकाला और मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। मीडिया से बातचीत में मुकद्दम ने कहा कि राम मंदिर करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है।

नेपाल में पकड़ा चोर, भारत में हुआ अज्ञात! नेबुआ पुलिस की कारस्तानी पर उठे सवाल

बिना अनुमति सीमा पार करने वाले दरोगा-सिपाही और अज्ञात में दर्ज मुकदमे ने खड़े किए बड़े सवाल

कुशीनगर। जिले के नेबुआ नौरंगिया पुलिस द्वारा पडोसी राष्ट्र नेपाल से चोरी की बाइक के साथ कथित आरोपी को पकड़कर लाए जाने की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि जिस मामले में पुलिस ने बाइक के साथ आरोपी को पकडकर भारत लायी उसी मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पूरी कहानी ही बदल दी। अब पूरे प्रकरण ने नया मोड़ ले

नेपाल में दबिश, नेबुआ में लीपापोती! अब वर्दी पर उठे बड़े सवाल

लिया है और पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गये हैं।सबसे बड़ा सवाल उन दरोगा और सिपाही की भूमिका पर उठ रहा है, जिनके बारे में चर्चा है कि वे अन्तर्राष्ट्रीय सीमा लांघकर नेपाल पहुंचे थे। यदि ऐसा हुआ है, तो क्या उन्होंने सक्षम अधिकारियों की अनुमति ली थी? और यदि नहीं, तो क्या यह विभागीय नियमों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा? ऐसे में सवाल यह उठता है कि दरोगा और सिपाही पर अब तक क्या कार्रवाई हुई? कहना ना होगा कि नेपाल में कथित आरोपी तक पहुंचने के लिए सीमा पार करने वाली नेबुआ नौरंगिया पुलिस अब खुद कटघरे में खड़ी दिखाई दे रही है।सबब यह है कि मामले में बाइक बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी की चर्चाएं पूरे क्षेत्र में हो रहीं, बावजूद इसके इस मामले में नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने कहानी का किरदार ही बदल दिया। मतलब यह है कि आरोपी एफआईआर रजिस्टर से गायब हो गया और मुकदमा अज्ञात के खिलाफ दर्ज हो गया। अब सवाल सिर्फ बाइक चोरी का नहीं, बल्कि उन दरोगा और सिपाही की जवाबदेही का भी है, जिन्होंने नियमों को दरकिनार कर नेपाल की धरती पर कदम रखा। सवाल यह है कि यदि आरोपी नेपाल में चोरी की बाइक के साथ पकड़ा गया था, तो फिर मुकदमा अज्ञात के खिलाफ क्यों दर्ज हुआ? और यदि आरोपी पकड़ा ही नहीं गया था, तो सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और तस्वीरों में नेपाल पुलिस, भारतीय पुलिस और बरामद बाइक का पूरा घटनाक्रम क्या बया है। पीड़ित गोविंद गुप्ता का आरोप है कि बाइक चोरी होने के बाद जब पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रही, तब परिजनों ने खुद नेपाल पहुंचकर चोरी की बाइक और कथित आरोपी को पकड़ लिया। सूचना पर नेबुआ नौरंगिया पुलिस भी नेपाल पहुंची और नेपाल पुलिस से बातचीत के बाद आरोपी व बाइक को भारत लेकर लायी। लेकिन थाने पहुंचते-पहुंचते पूरा खेल बदल गया।

सीमा पार पकड़ा चोर, सीमा के इस पार बदल गई फाइल

पीड़ित का आरोप है कि मीडिया द्वारा इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित करने के बाद नेबुआ नौरंगिया पुलिस शुक्रवार की देर रात घर पहुंचकर पहले से तैयार तहरीर पर हस्ताक्षर करा लिए। तहरीर में न तो आरोपी का नाम था और न ही नेपाल में हुई बाइक बरामदगी का कोई जिक्र। अगले दिन पुलिस द्वारा अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर प्रेस नोट जारी कर दिया गया। इतना ही नहीं, गिरफ्तारी का स्थान भी थाना क्षेत्र मे दिखाया गया है।यानी वीडियो कुछ और कहानी कह रहे हैं और सरकारी कागज कुछ और।

वीडियो बनाम प्रेस नोट, कौन बोल रहा सच

अब इस पूरे मामले में पुलिस के सामने कई असहज सवाल खड़े हैं, नेपाल में पकड़ा गया व्यक्ति आखिर कौन था? यदि वह आरोपी नहीं था तो पुलिस उसे भारत क्यों लाई? यदि वही आरोपी था तो उसका नाम मुकदमे से कैसे गायब हो गया?

गिरफ्तारी नेपाल से हुई या थाना क्षेत्र से? क्या रिकॉर्ड में कहानी बदलने की कोशिश की गई? ऐसे तमाम सवाल है जो नेबुआ नौरंगिया पुलिस की गले की फासी बन गयी है।

तस्वीरें कुछ और कह रही है

सामूहिक सुरक्षा का संकल्प

मनोज बाजपेयी

उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की बैठक अंकारा में ऐसे दौर में हुई जब यह संगठन अमरीका के बदलते रवैये के कारण एक साथ अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसके बावजूद तुर्किये की राजधानी अंकारा में आयोजित शिखर बैठक में सामूहिक रक्षा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को नाटो के सदस्य देशों ने दोहराया। यह प्रतिबद्धता उत्तर अटलांटिक संधि के अनुच्छेद 5 में निहित है जो कहती है कि किसी एक पर हमला, सभी पर हमला माना जाएगा। नाटो का यह बुनियादी सिद्धांत हालिया वर्षों में दबाव में रहा है क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप लगातार यूरोपीय देशों के रक्षा व्यय की पर्याप्तता और इस सैन्य गठबंधन की उपयोगिता पर प्रश्नचिन्ह लगाते रहे हैं। अंकारा में आयोजित हालिया दो-दिवसीय शिखर सम्मेलन यदि किसी बात को रेखांकित करता है तो वह है रूस से उत्पन्न खतरों का मुकाबला करने के लिए यूरोपीय और कनाडाई सहयोगियों का अपने दायित्वों को और मजबूत करने का संकल्प। जाहिर सी बात है कि रक्षा बजट और यूक्रेन को समर्थन इस शिखर सम्मेलन के आधिकारिक एजेंडे में सबसे ऊपर रहे। गत वर्ष गठबंधन ने मूल रक्षा आवश्यकताओं में निवेश को 139 अरब डॉलर से अधिक बढ़ाया था। अंकारा में, गठबंधन ने यूरोपीय और अमेरिकी निर्माताओं से विभिन्न साजो-सामान की नई खरीद में अतिरिक्त 50 अरब डॉलर की घोषणा की। जैसे स्वीडन की साब से प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली, टोही विमान, एयरबस से सैन्य परिवहन वाहन बेड़ा और लॉकहीड मार्टिन के साथ मिसाइल सौदे। गठबंधन ने यूक्रेन (जो नाटो का सदस्य नहीं है) को रूस के खिलाफ युद्ध में सैन्य साजो-सामान, सहायता और प्रशिक्षण के लिए 70 अरब डॉलर देने का भी वादा किया। इसके बावजूद केवल पांच नाटो सदस्य ही उस लक्ष्य को पूरा करने की संभावना रखते हैं जो पिछले वर्ष हेग शिखर सम्मेलन में निर्धारित किया गया था। यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.5 फीसदी

मूल रक्षा पर खर्च करना जो पहले के 2 फीसदी लक्ष्य से अधिक है। ये खर्च मुख्यतः उन देशों द्वारा किए जा रहे हैं जो रूसी आक्रामकता के प्रति संवेदनशील हैं। यानी लिथुआनिया, एस्टोनिया, लातविया, पोलैंड और ग्रीस। जर्मनी, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे तीन बड़े देश ऐतिहासिक 2 फीसदी लक्ष्य से थोड़ा अधिक खर्च करना जारी रखेंगे। अमेरिका का अनुमानित खर्च 3.17 फीसदी है, और वह जर्मनी के साथ मिलकर नाटो के प्रत्यक्ष वित्तपोषण का सबसे बड़ा हिस्सा साझा करता है जो दोनों के लिए तकरीबन 14-14 फीसदी है। पिछले वर्ष दिए गये इस संतुलित संदेश का ट्रंप पर कोई प्रभाव नहीं दिखा। उनके अस्थिर बर्ताव ने अमेरिकी इरादों को लेकर अनिश्चितता को और बढ़ा दिया। इसमें एकमात्र लाभार्थी यूक्रेन रहा जहां ट्रंप और जेलेंस्की ने पहले की कटुता को किनारे रखकर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत महंगे पैट्रियट मिसाइल सिस्टम का उत्पादन यूक्रेन की राजधानी कीव में करने का अधिकार बढ़ा दिया गया। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति ने शिखर सम्मेलन को अत्यंत सफल बताते हुए जबरदस्त एकता का दावा किया परंतु उन्होंने डेनमार्क के क्षेत्र ग्रीनलैंड पर अमेरिकी दावे को दोहराया और रक्षा खर्च तथा पश्चिम एशिया के युद्ध को लेकर स्पेन के साथ व्यापार को तुरंत रोकने का आदेश दिया। जाहिर है यह शिखर सम्मेलन में विवाद का केंद्र बन गया क्योंकि स्पेन ने ईरान के खिलाफ अभियानों के लिए अमेरिकी सैन्य विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया और इटली ने पश्चिम एशिया में तैनाती के लिए अमेरिकी सेना को सिसिली एयरबेस का उपयोग करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया।

उल्लेखनीय है कि ट्रंप ने शिखर सम्मेलन को युद्धविराम समाप्त करने और 8 जुलाई को ईरान पर दर्जनों हमलों की घोषणा करने के लिए चुना जो स्पष्ट रूप से होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों पर ईरानी हमलों के प्रतिशोध में किया गया। दरअसल इन हमलो ने इन हमलों ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए अनिश्चितता बढ़ा दी है जिससे कच्चे तेल की कीमतें फिर से बढ़ने लगी हैं।

विचार

ताजा दुहा हुआ दूध जिस प्रकार सहसा शीघ्र नहीं बिगड़ता, उसी प्रकार कुकर्मी का फल भी शीघ्र नहीं मालूम होता किंतु वह राख में दबी हुई अग्नि की तरह विद्यमान है।

-महात्मा बुद्ध.

यदि कोई काम नहीं करता तो उसे खाना भी नहीं खाना चाहिए।

-बाइबिल.

यह संसार कायर पुरुषों के लिए नहीं है। पलायन करने का प्रयास मत करो।

-स्वामी विवेकानंद.

काम से जो मनुष्य पीड़ित है, वह जड़ और चेतन में भेद नहीं कर सकता।

-कालिदास.

जो कायरता से शत्रु के बल की वृद्धि होती है और अपनी शक्ति का ह्रास होता है। अतः जहां तक बने कायरता को अपने पास न फटकने दें।

-मुनि गणेशवर्णी.

आबादी और संसाधनों के बीच बनायें संतुलन

हर वर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। इस साल भी मनाया गया। देश की बढ़ती हुई आबादी के प्रबंधन, उनके लिए जरूरी संसाधनों को जुटाने और इस क्रम में पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए विचार-विमर्श हुए। विशेषज्ञों ने गोष्ठियों और सेमिनारों में अपने विचारों को देश के साथ साझा किया। दरअसल इस दिवस का उद्देश्य बढ़ती जनसंख्या से जुड़े मुद्दों के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करना तथा परिवार नियोजन, मातृ स्वास्थ्य, लैंगिक समानता, शिक्षा और सतत विकास के महत्व को रेखांकित करना है। इस दिवस की शुरूआत 1989 में यूएन द्वारा की गई थी। इसकी प्रेरणा 11 जुलाई 1987 को मिली, जब विश्व की जनसंख्या लगभग 5 अरब तक पहुंच गई थी। वैसे यह दिन केवल जनसंख्या पर चर्चा करने का अवसर नहीं है, बल्कि यह भी याद दिलाता है कि प्रत्येक व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और सम्मानजनक जीवन का अधिकार है। आज विश्व की जनसंख्या 8 अरब से अधिक हो चुकी है। जनसंख्या वृद्धि ने विकास के अनेक अवसर दिए हैं लेकिन इसके साथ संसाधनों पर दबाव, पर्यावरणीय संकट, बेरोजगारी, गरीबी, जल संकट, खाद्य सुरक्षा और शहरीकरण जैसी चुनौतियां भी बढ़ी हैं। यदि जनसंख्या वृद्धि और संसाधनों के बीच संतुलन नहीं बनाया गया तो आने वाले वर्षों में इन समस्याओं की गंभीरता और बढ़ सकती है।

भारत विश्व के सबसे अधिक आबादी वाले देशों में शामिल है। विशाल जनसंख्या भारत की सबसे बड़ी ताकत भी है और सबसे बड़ी चुनौती भी। यदि देश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार उपलब्ध कराया जाये, तो यही जनसंख्या आर्थिक विकास का आधार बन सकती है। दूसरी ओर यदि स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के अवसर पर्याप्त न हों, तो सामाजिक और आर्थिक समस्याएं बढ़ सकती हैं। जनसंख्या वृद्धि का सबसे अधिक प्रभाव प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ता है। बढ़ती आबादी के कारण जल, भूमि, वन और ऊर्जा संसाधनों पर दबाव लगातार बढ़ रहा है। शहरों का तेजी से विस्तार हो रहा है, जिससे प्रदूषण, यातायात, कचरा प्रबंधन और आवास जैसी समस्याएं भी गंभीर होती जा रही हैं। जलवायु परिवर्तन के दौर में संतुलित जनसंख्या वृद्धि और टिकाऊ विकास की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। विश्व जनसंख्या दिवस परिवार नियोजन के महत्व पर भी विशेष बल देता है। छोटे परिवार से माता और बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर रहता है, बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलती है और परिवार की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होती है। महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाने से जनसंख्या स्थिरीकरण में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। यही कारण है कि लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को सतत् विकास की आधारशिला माना जाता है।

विमर्श

प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, पर्यावरण की रक्षा, रोजगार सृजन, महिलाओं की भागीदारी और सामाजिक समानता जैसे पहलुओं पर समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है। सरकार, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों और नागरिकों को मिलकर जनसंख्या संबंधी चुनौतियों का समाधान खोजना होगा।

भारत सरकार और विभिन्न राज्य सरकारें परिवार कल्याण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण और जनजागरूकता से जुड़े अनेक कार्यक्रम चला रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य केवल जनसंख्या नियंत्रण नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, किशोर-किशोरियों को सही जानकारी और महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। आज आवश्यकता केवल जनसंख्या बढ़ने या घटने पर चर्चा करने की नहीं, बल्कि मानव संसाधन के समुचित विकास की है। यदि प्रत्येक बच्चे को अच्छी शिक्षा, पौष्टिक भोजन, स्वास्थ्य सुविधाएं और सुरक्षित वातावरण मिले, तो वह देश के विकास में प्रभावी योगदान दे सकता है। इसलिए जनसंख्या नीति का केंद्र मानव विकास होना चाहिए। विश्व जनसंख्या दिवस हमें यह भी संदेश देता है कि विकास तभी सार्थक होगा जब वह समावेशी और टिकाऊ हो।

प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, पर्यावरण की रक्षा, रोजगार सृजन, महिलाओं की भागीदारी और सामाजिक समानता जैसे पहलुओं पर समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है। सरकार, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों और नागरिकों को मिलकर जनसंख्या संबंधी चुनौतियों का समाधान खोजना होगा। विश्व जनसंख्या दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लेने का अवसर है। संतुलित जनसंख्या, स्वस्थ समाज, शिक्षित युवा, सशक्त महिलाएं और सुरक्षित पर्यावरण ही विकसित भारत की मजबूत नींव बन सकते हैं। आइए, विश्व जनसंख्या दिवस (11 जुलाई) के अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि जनसंख्या के साथ-साथ मानव विकास, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को भी समान महत्व देंगे, ताकि आने वाली पीढ़ि ?ों के लिए एक सुरक्षित, समृद्ध और संतुलित भविष्य सुनिश्चित किया जा सके। देश की बढ़ती जनसंख्या राष्ट्रीय चिंता है। इस पर जन-जागरूकता जरूरी है। शिक्षित और जागरूक परिवार जनसंख्या नियंत्रण के पक्ष में हैं। समृद्ध परिवारों की प्रजनन दर गरीब परिवारों की प्रजनन दर से कम है। जनसंख्या में कमी, बेहतर पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं जैसे सभी लक्ष्यों को पाने के लिए सरकारों और सामाजिक संस्थाओं के बीच बेहतरीन सामंजस्य की जरूरत है। महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना तथा अधिक बच्चों को जन्म देने के दृष्टिकोण और सोच को बदलना आदि कुछ ऐसे उपाय हैं जिनसे जनसंख्या को नियंत्रित किया जा सकता है। हमें छोटे परिवार का महत्व समझना होगा। अगर परिवार छोटा होगा, तो जरूरी सुविधाएं जुटाना आसान हो जाता है।

विश्व जनसंख्या दिवस हमें यह भी संदेश देता है कि विकास तभी सार्थक होगा जब वह समावेशी और टिकाऊ हो। प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, पर्यावरण की रक्षा, रोजगार सृजन, महिलाओं की भागीदारी और सामाजिक समानता जैसे पहलुओं पर समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है। सरकार, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों और नागरिकों को मिलकर जनसंख्या संबंधी चुनौतियों का समाधान खोजना होगा। अंततः, विश्व जनसंख्या दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लेने का अवसर है। इसके साथ हमे जनसंख्या और आर्थिक विकास एवं सामाजिक, पर्यावरणीय चुनौतियों को एक साथ देखने और संपूर्ण समाधान खोजने के प्रति हमे अपनी प्रतिबद्धता और संकल्प को दिखाना होगा। आज जनसंख्या चुनौती भी है, तो अवसर भी है। इसलिए यह जरूरी है कि हम अपनी डमोग्राफी को विकास के संसाधान के रूप में इस तरह से नियोजित करें कि देश की बड़ी आबादी हमारी ताकत बन जाये।

(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)

सोशल मीडिया

जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने बेहद गैर जिम्मेदाराना और निंदनीय बयान दिया है। उन्होंने बिना किसी तथ्य या प्रमाण के भाजपा पर निराधार आरोप लगाये हैं। -सुधांशु त्रिवेदी.

मेरठ की बेटी के साथ हुए महा-अत्याचार व हत्या के बाद जिस तरह नामजद आरोपियों पर बहुत कमजोर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया, वो नाइंसाफी की पराकाष्ठा है। अखिलेश यादव

भीषण बारिश से कई राज्यों, महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश में, भारी तबाही व अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है, पीड़ितों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। राहुल गांधी

मिटती रेखाओं में फिर से भरा जा रहा है रंग

कला के संरक्षण की मुहिम

भारत की पहचान केवल उसके विशाल भू-भाग, रंग-बिरंगी वेष भूषाएं, अनेकों तरह के त्योहार और सैकड़ों बोलियों और दर्जनों भाषाओं से ही नहीं है बल्कि भारत की पहचान का एक बड़ा और मजबूत जरिया हमारी लोक और पारंपरिक कलाओं से भी है। देश के हर क्षेत्र में अपनी मिट्टी, अपनी जलवायु, अपनी आस्था और जीवनशैली के अनुरूप अपनी अनूठी कला परंपराएं भी विकसित की हैं। वास्तव में इन्हीं कला परंपराओं ने सदियों से भारतीय संस्कृति की आत्मा को जीवित रखा है। चाहे मधुबनी पेंटिंग्स हों, चाहे पट्टचित्र, चाहे कलमकारी, चाहे वार्ली, चाहे गोल्ड, चाहे फड़, चाहे पिथौरा, चाहे कांगड़ा, चाहे तंजावुर, चाहे ऐपन, चाहे कावी या फिर मंजूषा जैसी कलाएं हों। ये सब महज चित्र नहीं है बल्कि अपने-अपने समाज और संस्कृति की ये सभी कलाओं का जीवंत दस्तावेज हैं। लेकिन बदलती जीवनशैली, तेजी से बढ़ते शहरीकरण और मशीन आधारित उत्पादन, तकनीक ने इन पारंपरिक कलाओं के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा कर दिया है।

कई लोक कलाकार मजबूरीवश दूसरे रोजगार अपनाने को बाध्य हो गये हैं। इसलिए अनेक कला शैलियां धीरे-धीरे व्यवहारिक धरातल से सिमटकर सिर्फ स्मृतियों तक सीमित हो रही है। ऐसे में इन कलाओं के संरक्षण और पुनर्जीवन की दिशा में शुरू हुई नई पहलें इन कलाओं को जिंदा रखने की उम्मीद बनकर सामने आयी हैं। दरअसल आज संरक्षण का अर्थ केवल पुराने चित्रों या भित्तिचित्रों को बचाना भर नहीं है। अब यह कलाकारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, नई पीढ़ी को इनसे जोड़ने और आधुनिक तकनीक के माध्यम से इन्हें वैश्विक मंच तक पहुंचाने का प्रयास भी हैं। भारत में अनेक विश्व विद्यालय, संग्रहालय, सांस्कृतिक संस्थाएं और स्वयंसेवी संगठन, लोककलाओं के दस्तावेज तैयार कर रहे हैं। पहले जहां किसी कला का ज्ञान केवल गुरु, शिष्य परंपरा से आगे बढ़ता था, वहीं अब यह जरिया डिजिटल रिकॉर्डिंग, ऑन लाइन अभिलेखन और वर्चुअल प्रदर्शनी के जरिये भी हो रहा है। इससे आने वाली पीढ़ियों के लिए इन कलाओं का ज्ञान सुरक्षित रहेगा। सबसे उत्साहजनक परिवर्तन यह है कि तकनीक अब परंपरा की प्रतिद्वंदी नहीं रही बल्कि उसकी सहयोगी बन रही है। उत्तराखंड के प्रसिद्ध ऐपन कला को डिजिटल माध्यमों और वर्चुअल तकनीकों के जरिये संरक्षित करने के प्रयास हो रहे हैं। इससे न केवल इसके डिजाइन और प्रतीकों का वैज्ञानिक दस्तावेज तैयार हो रहा है बल्कि युवावर्ग भी इस कला से जुड़ रहा है। इसी तरह गोवा और कनार्टक के तटीय क्षेत्रों की पारंपरिक कावी कला, जो प्राकृतिक लाल मिट्टी और चूने से दीवारों पर बनायी जाती है, पुनर्जीवन की दिशा में बढ़ रही है। संरक्षण विशेषज्ञ पुराने मंदिरों और ऐतिहासिक भवनों में इस कला को सुरक्षित रखने के साथ-साथ नये कलाकारों को इसका प्रशिक्षण दे रहे हैं। भारत को अनेक लोककलाओं को अब जीआई का दर्जा भी मिल रहा है। इससे उनकी विशिष्ट पहचान सुरक्षित रहती है और कलाकारों को उचित बाजार मिलने की संभावना बढ़ती है। यह कदम नकली उत्पादों पर रोक लगाने का भी एक जरूरी उपाय बनकर सामने आया है। इस तरह देखा जाए तो डिजिटल युग में सोशल मीडिया भी लोककलाओं के लिए एक तरह का वरदान साबित हुआ है। पहले किसी छोटे गांव का कलाकार अपनी कला को बेचने के लिए यानी रोजी-रोटी कमाने के लिए सिर्फ अपने स्थानीय परिवेश तक सीमित था। अपने मेले और हाट तक ही उसकी कला के पूछने वाले होते थे। लेकिन अब वही कलाकार अपने चित्र, मूर्तियां या हस्तशिल्प न केवल देश-प्रदेश के किसी कोने में बल्कि बहुत आसानी से दुनिया के कोने-कोने तक बेच सकते हैं। इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब और ऑनलाइन मार्केट प्लेस ने पारंपरिक कला को नया बाजार दिया है। नई शिक्षा नीति ने भारतीय ज्ञान परंपरा और स्थानीय कलाओं पर बढ़ते जोर ने सकारात्मक माहौल बनाया है। अनेक विद्यालयों और महाविद्यालयों में लोककला आधारित कलाशालाएं आयोजित की जा रही हैं। इन कार्य शालाओं में बच्चे केवल चित्र बनाना ही नहीं सीख रहे बल्कि उनके पीछे छिपे इतिहास, लोककथाओं और सांस्कृतिक मूल्यों को भी आत्मसात कर रहे हैं। ...और हां, हाल के सालों में घुमक्कड़ी के जरिये भी यानी पर्यटन भी कलाओं के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, ओड़िसा, गुजरात और उत्तराखंड जैसे राज्यों में कला ग्राम, हस्तशिल्प मेले और सांस्कृतिक उत्सव, स्थानीय कलाकारों को नया मंच प्रदान कर रहे हैं।

नरेन्द्र शर्मा.

आस्था के रूप

अंतर्दृष्टि

श्रद्धा हमारे सरल सवभाव, सोच और हृदय की एक ऐसी भावना है जो श्रद्धा में अभिव्यक्त होती है। परमात्मा के प्रति उदारतापूर्वक आत्मभावना पैदा होती है वही श्रद्धा है। सात्विक श्रद्धा की पूर्ण में अंतःकरण स्वतः पवित्र हो उठता है। श्रद्धायुक्त जीवन की विशेषता से ही मनुष्य स्वभाव में ऐसी सुन्दरता बढ़ती जाती है जिसको देख कर श्रद्धावान स्वयं संतुष्ट बना रहता है। श्रद्धा सरल हृदय की ऐसी प्रीतियुक्त भावना है जो श्रेय पथ की सिद्धि कराती है। श्रद्धा का अविर्भाव सरलता और पवित्रता के संयोग से होता है। पार्थिक वस्तुओं से ऊपर उठने के लिए सरलता और पवित्रता इन्हीं दो गुणों की अत्यंत आवश्यकता होती है। इच्छा में सरलता और प्रेम और पवित्रता का विकास जितना अधिक होगा उतनी ही अधिक श्रद्धा बलवान होगी। सरलता के द्वारा परमात्मा की भावानुभति होती है और पवित्र प्रेम के माध्यम से उसकी रसानुभूति, श्रद्धा दोनों का सम्मिलित स्वरूप है। उसमें भावना भी है, रस भी। जहां उसका उदय हो वहीं लक्ष्य प्राप्ति की कठिनाई का अधिकांश समाधान तुरन्त हो जाता है। अज्ञान अंधकार में भटके हुए लोकजीवन को सत्मार्ग पर अग्रसर करने का माध्यम उनके द्वारा जगाई हुई श्रद्धा का पूर्ण पाठ साधना की स्थिरता के लिए तब भी आवश्यक था। युग और परिस्थितियां बदल जाने पर आज भी आवश्यक है। परमात्मा सत्य है, उसके गुण और स्वभाव अपरिवर्तनशील हैं। इसी तरह वहां तक पहुंचने का मार्ग और माध्यम भी अपरिवर्तित ही है। उसे आज भी पाया और अनुभव किया जा सकता है पर उस स्थिति की परपक्वता के बीच में जो साधनायें, परिवर्तन, हलचल, कठिनाइयां और दुरभिसन्धियां आती हैं उनमें लक्ष्य प्राप्ति की भावना की स्थिरता के लिए श्रद्धा आवश्यक है।

यहां श्रद्धा की शक्ति का संक्षिप्त सा आभास दिया गया है कि उसे मानव जीवन की सर्वोपरि सामर्थ्य के रूप में समझ सकने में सुविधा हो। देवलोक यही है। देवता इसी क्षेत्र में जन्मते, बढ़ते, परिपुष्ट होते और वरदान दे सकने के लिए सक्षम बनते हैं। उनका उदय एवं अस्त भी इसी श्रद्धा के अनन्त अंतरिक्ष में होता रहता है। मंत्र देवता गुरु उपासना साधना सिद्धि आदि का सारा आधार श्रद्धा की आधारशिला पर खड़ा है। सच तो यह है कि साधा का विशालकाय कलेवर इसलिए खड़ा किया गया है कि उन लौह श्रृंखलाओं में जकड़ कर श्रद्धा विश्वास रूप महादैत्य को उपयोग प्रयोजन उत्पन्न कर सकने के लिए प्रशिक्षित किया जा सके। श्रद्धा से व्यक्तित्व का निर्धारण होता है। श्रद्धा अनेक क्रियाकलापों का सूत्र संचालन और उन्हें सफलता के उच्च स्तर तक पहुंचा सकना संभव होता है। आत्मा का सबसे विश्वस्त और सबसे घनिष्ठ सचिव श्रद्धा ही है।

डॉयलॉगबाजी का आधुनिक दौर

व्यंग्यलोक

उत्तर आधुनिक जमाने से डायलॉग फूट रहे हैं। एक डायलॉग मॉम ने अपने बेटे से किया- बेटे ! एक हाथ में मोबाइल ले ले और दूसरे हाथ में टीवी का रिमोट पकड़ ले ले। तब तक मैं खाना लगाती हूं। माय लवली चाइल्ड ! मैंने तुम्हारे लिए अभी एक बर्गर ऑर्डर दिया था, जो बाजार से हमारे ड्रोन ने डाइनिंग टेबल पे रख दिया है। हॉस्पिटल में डायलॉग भारी है। डॉक्टर किसी परिजन को कह रहे हैं- आप इन्हें सही समय पर ले आए हैं। अगर थोड़ी भी देर और हो जाती तो इन्हें मारना मुश्किल हो जाता। वैसे घबराने की कोई बात नहीं है। मैंने इन्हें इंजेक्शन दे दिया है। कल सुबह तक इन्हें होश नहीं आएगा। आपके ऑर्डर के मुताबिक कल तक यह इंसान मुर्दे में तब्दील हो जाएगा। लेकिन आप होश में रहना और और मेरा बिल कैश में ही देना। मेरी कोशिश पूरी है, लेकिन आपके लिए अगले 24 घंटे नाजुक हैं, भगवान से प्रार्थना करिए कि ये बंदा आपकी इच्छा अनुसार ही सलट जाए। इंसान से मुर्दे में तब्दील बंदे की सांसें कह रही हैं- भगवान के लिए मुझे छोड़ दो। ये लो ब्लैंक चेक ले लो। इस पर अपनी कीमत लिख लो और मुझे इस हॉस्पिटल से घर ले चलो। इस पवित्र अवसर पर डॉन बना परिजन अपनी निजी पत्नी को कहता है- मोना डार्लिंग ! ये तो खुशी के आंसू हैं ! इन्हें यूं ही कोई जाया नहीं करते। तभी एक दोस्त हॉस्पिटल में आया और कहने लगा- मैं इधर से गुजर रहा था सोचा आपसे मिलता चलूं। मुझे पता है कि आप अपने परिजन को मुर्दा बनाने के कार्यक्रम में इधर नए हॉस्पिटल टूरिज्म पर हैं। और हां ! इनसे मिलिए ये हैं शहर के मशहूर प्राइवेट श्मशान घाट के ग्रांड बिजनेसमैन ! करीब 9 देशों एवं 75 शहरों में उनके श्मशान घाट फैले हैं। मेरी कोई मदद हो तो जरूर कहिएगा। मीट माई सन विक्की, आज ही विलायत से पढ़ाई पूरी करके लौटा है। बाई दा वे आपकी डॉटर इधर नहीं दिख रही है। चुनावी साल में डायलॉग बहुत पल रहे हैं। सच तो यह है कि घर, परिवार और चुनावी अदालतें सबूतों से नहीं जज्बातों से ही चलती है। मेरे सभी सियासी फाजिल दोस्त चुनावी अदालतों में वोटरों का सिर्फ कीमती वक्त ही जाया करते हैं, मी लार्ड ! परिवार और चुनावी अदालतें सारे सबूतों और गवाहों के बयानों के मद्देनजर किसी भी खास नतीजे पर नहीं पहुंचती हैं और हमेशा की तरह है मामला सारा गुड़ गोबर ही रहता है। नेता चमचों को हड़का रहा है- ड्राईवर, उस गाड़ी का पीछा करो। जल्दी ! उसमें पिछली वाली गली का एक वोटर जा रहा है। इधर सरकार बन रही है और वोटर साहब कह रहे हैं- पता नहीं यह किसका पाप है ? मैं उस नेता का गुरूर तोड़ कर रहूंगा।

आप की बात

परिवहन प्रणाली में बदलाव

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़े। स्वच्छ एवं वैकल्पिक परिवहन ईंधन की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ भी रहा है। शहरों में डीजल एवं पेट्रोल के वाहनों पर नियंत्रण के लिए तमाम पाबंदियां लगायी जा रही हैं। सीएनजी से चलने वाले वाहनों को बढ़ावा देने के लिए ही दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने पर काम चल रहा है।

राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.

विकास और रोजगार सृजन

प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआई जांच चल रही है, क्योंकि आरोप है कि पूर्व में लोक सेवा आयोग के माध्यम से सरकारी सेवकों के चयन में धांधली की गयी और मनमाने तरीके से नौकरियां बांटी गयीं। लंबे समय तक सरकारी नौकरियों के चयन में हुआ भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश सरकार ने नौकरियों में घूसखोरी पर काफी हद तक अंकुश लगाने का काम किया है, लेकिन जो दलाल इस धंधे से जुड़े थे, कहीं न कहीं वे आज भी परीक्षाओं की पवित्रता भंग देते हैं, इस कारण भर्तियां कठिन हो गयी हैं। पिछले साल पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, नकल और फर्जी परीक्षार्थियों के सहारे परीक्षा की निष्पक्षता को तार-तार करने की कोशिशें हुईं। इनमें जो लोग पकड़े गये हैं उनमें प्रिंसिपल, पुलिस से लेकर बिहार तक के सक्रिय गिरोह का नाम सामने आया। इसी तरह शिक्षक भर्ती परीक्षा में कटऑफ, कॉपी बदलने, वाइटनर से उत्तर बदलने जैसे आरोपों के बाद यह परीक्षा विवादित हो गयी और आज तक न्यायालय से विवाद नहीं सुलझ सका। पिछले साल एलटी ग्रेड शिक्षकों की भर्ती में पेपर आउट कराने के मामले में परीक्षा नियंत्रक और पेपर छापने वाले प्रकाशक गिरफ्तारी हुई है। इसी तरह लोवर सबार्डिनेट की 700 पदों की भर्तियां भी पेपर लीक होने के कारण निरस्त कर दी गयीं। सपा सरकार की भर्तियों में तमाम आरोप लगे। यह चिंताजनक है। नयी सरकार को भर्तियों को और साफ-सुथरा बनाना चाहिए।

मनीष कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

महिला की हत्या करने वाले तीन को किया गिरफ्तार

बांदा। थाना बिसण्डा पुलिस ने महिला की धारदार हथियार से वार कर हत्या करने वाले तीन आरोपितों लवकुश पुत्र लक्ष्मी निवासी ग्राम कोरंही, सत्तु पुत्र जगदेव निवासी ग्राम कोरंही, छोटेलाल पुत्र जगदेव निवासी ग्राम कोरंही थाना बिसंडा को गिरफ्तार किया है। क्षेत्र के ग्राम कोरंही में एक महिला की हत्या होने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस एवं उच्चाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष चंद्रप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना के संबंध में यह तथ्य प्रकाश में आया कि मृतका की बालिग पुत्री ने गांव के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग के उपरांत विवाह कर लिया था। मृतका इस संबंध का विरोध करती थी। इसी बात से आक्रोशित होकर युवक ने अपने सगे दो चाचा के साथ मिलकर धारदार हथियार से महिला पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। प्रकरण में मृतका की पुत्री की तहरीर के आधार पर थाना बिसंडा पर अभियोग पंजीकृत करते हुए नामजद तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल कुल्हाडी को बरामद किया गया है।

सांसद की बेटी दो साल से ड्यूटी से नदारद, जांच की मांग

बांदा। जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में तैनात सपा सांसद बांदा-चित्रकूट कृष्णा पटेल की बेटी श्वेता पटेल पर पिछले दो साल से ड्यूटी से नदारद रहने का आरोप लगा है। शिकायत के अनुसार, श्वेता की जगह संजय नाम का व्यक्ति अवैध रूप से ड्यूटी कर रहा है। जनता दल यूनाइटेड के सदस्य रविंद्रनाथ गुप्ता ने डीएम को पत्र सौंपकर हाजिरी रजिस्टर, मोबाइल लोकेशन और सीसीटीवी फुटेज की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। सीएमएस मुकेश कुमार ने इसे गंभीर मामला बताते हुए निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया है।

जिला पंचायत अध्यक्ष के बाद अब प्रशासक बनी रोली सिंह, संभाला कार्यभार

अयोध्या। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने रविवार को जिला पंचायत के प्रशासक के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। उनका पांच वर्षीय कार्यकाल 11 जुलाई को समाप्त होने के बाद शासन ने उन्हें ही जिला पंचायत का प्रशासक नियुक्त किया है। जिला पंचायत अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त होने के बाद शासन ने रोली सिंह को प्रशासक नियुक्त करने का आदेश जारी किया। आदेश के अनुपालन में उन्होंने रविवार को जिला पंचायत कार्यालय पहुंचकर नई जिम्मेदारी संभाली। कार्यभार ग्रहण करने के बाद रोली सिंह ने अपने पांच वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण कराया गया, जिससे आधारभूत सुविधाएं मजबूत हुईं। उन्होंने कहा कि कहा कि प्रशासक के रूप में भी वह शासन और प्रशासन की मंशा के अनुरूप जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाती रहेंगी। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उपस्थित लोगों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी।

वामदलों का धरना प्रदर्शन आज

अयोध्या। मंहगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक एवं कानून व्यवस्था की बदहाल स्थिति, संविधान और लोकतांत्रिक अधिकारों पर बढ़ते अतिक्रमण तथा बुल्डोजर राज के खिलाफ 13 जुलाई को जिला मुख्यालय तहसील सदर पर वामदलों का एक दिवसीय राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन होगा। उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी एवं भाकपा (माले) के जिला प्रभारी अतीक अहमद ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रदेश में खराब होती कानून व्यवस्था, राम मंदिर चढ़ावा चोरी, पेपर लीक सहित अनेक मुद्दों को कार्यक्रम के माध्यम से उठाया जाएगा और इस सम्बन्ध में राष्ट्रपति महोदया को ज्ञापन भेजा जाएगा।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कस्बे से सटे ग्राम सभा चिरकिटहा गांव में बने पंचायत भवन में रविवार को एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन ग्राम प्रधान रीमा वर्मा की अगुवाई में आयोजित हुई।शिविर में सरस्वती ट्रामा सेंटर नगहरा के चिकित्सक डॉ. सुरेश कुमार गुप्ता की टीम ने ग्रामवासियों के का परीक्षण किया और दवा वितरित किया।

जन - जन की भागीदारी के साथ पौधरोपण अभियान का शुभारंभ

जिला संवाददाता

बहराइच । देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा व प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की अपील के अनुसार एक पेड़-माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण जन अभियान 2026-27 अन्तर्गत प्रदेश में 35 करोड़ तथा जनपद में 63 लाख 12 हजार 600 पौध रोपण अभियान का मुख्य अतिथि मा. राज्य मंत्री, कारागार श्री सुरेश राही

- औषधीय गुणों से भरपूर इस पौध में आयरन प्रचुर मात्रा में पाया जाता हैं
- धरती मां का नाना प्रकार के आभूषणों से श्रृंगार करं

ने विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, नानपारा के राम निवास वर्मा, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच सुन्दरेशा, निदेशक चीनी मिल नानपारा अखण्ड प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पाण्डेय व अन्य जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के साथ तहसील महसी के विकासखण्ड तेजवापुर अन्तर्गत कटहा ग्राम समाज भूमि के परिसर के कपि वन में विधिवत पूजन अर्चन के पश्चात हरीशंकरी पौध रोपित कर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर पी.एम. श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री राही ने ह्यह्यएक पेड़-माँ के नामह्ल अभियान के तहत सभी से अपील की कि संसार के सर्वाधिक पूज्यनीय रिश्ते माँ के नाम एक पौध लगाकर उसकी देखभाल भी अपनी माँ की भांति करें नाना प्रकार की पर्यावरणीय समस्याओं का सबसे आसान और सुलभ उपाय पौध रोपण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश पर आज सम्पूर्ण प्रदेश में 35 करोड़ पौध रोपित किये जा रहे है। श्री राही ने आमजन का आहवान किया कि भूमि की उपलब्धता के अनुसार अधिक से अधिक पौध रोपित करें।

मुख्य अतिथि श्री राही ने सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों विशेषकर प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों का आहवान किया कि एक-एक पेड़ अवश्य लगाये। उन्होंने जलवायु एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक हरीशंकरी प्रजाति के पौध लगाकर उनकी सुरक्षा का भी प्रबन्ध करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वृक्ष इस सुन्दर धरा के आभूषण है हमें

चाहिए कि धरती मां का नाना प्रकार के आभूषणों से श्रृंगार करें तथा अधिक वर्षा हो और अनन्तकाल के मानव का अस्तित्व पृथ्वी पर कायम रहे।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक महसी सुरेश्वर सिंह व विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने कहा कि जलवायु एवं पर्यावरण संरक्षण कें लिए सबसे सरल एवं सर्वोत्तम उपाय वृक्षारोपण करना है। विधायक द्वय ने आमजन का आहवान किया कि भूमि की उपलब्धा के अनुसार अधिक से अधिक पौध रोपण कर अमूल्य धरा का श्रृंगार करें। वक्तागण ने कहा कि यह हम सभी का नैतिक कर्तव्य है कि हम आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित पर्यावरण का निर्माण करें। जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने आभार ज्ञापित करते हुए बताया की जनपद में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 63 लाख 12 हजार 600 पौध रोपित करने के लिए सुबह से ही बड़े स्तर पर वृक्षारोपण किया जा रहा हैं। डीएम ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि आमजन, जनप्रतिनिधियों, लक्षित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रयास से लक्ष्य से अधिक पौधे रोपित किये जायेंगे। डीएम ने हरीशंकरी व षहजन पौध के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि औषधीय गुणों से भरपूर इस पौध में आयरन प्रचुर मात्रा में पाया जाता हैं जो महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक हैं सभी लोग अपने घर पर सहजन का एक पौध अवश्य लगाएं।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, ग्राम प्रधान व अन्य जनप्रतिनिधियों, संभ्रान्तजन व गणमान्यजन, कृषकों, अधिकारियों, छात्र, छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व आमजन के साथ नीम, पीपल व पाकड़ सहित विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया।

पर्यावरण बचाने का महा अभियान

फतेहपुर । एक पेड़ माँ के नाम थीम पर वृक्षारोपण महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधों की रोपण एवं उनकी संरक्षण के साथ देखभाल सुनिश्चित करना है।जिलाधिकारी फतेहपुर निधि गुप्ता वत्स ने वैदिकरीति-रिवाज से पूजन कर पीपल, पाखड़ और बरगद की हरिशंकरी पौधों को रोपित कर वृक्षारोपण महायज्ञ की शुभारंभ की।राज्यमंत्री कृष्णा पासवान ने थीम व उद्देश्य पर प्रकाश डाला।12वीं वाहिनी पीएसी परिसर में आयोजित इस महायज्ञ में उपस्थित राज्यमंत्री, पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग, उ0प्र0 सरकार कृष्णा पासवान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एक पेड़ माँ के नामथीम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा दी गई है। उनका उद्देश्य है कि हमे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौध रोपण अवश्य करना चाहिए और पौधरोपण के साथझसाथ इसकी देखभाल भी करे। उन्होंने बताया कि कोरोना काल में पौधों की महत्ता सबने देखी है, इसलिए पौधरोपण बहुत जरूरी है।राज्यमंत्री जी ने कहा कि हमारे बुजुर्ग जो पेड़ पौधे लगा गए हैं, उनका लाभ हमे प्रत्यक्ष रूप से मिल रहा है। हमारे बुजुर्ग इन्हीं वृक्षों की फूल, पत्ती, जड़, तने से अपनी बीमारियां भी सही करते थे।

जुए की फड़ का वीडियो वायरल, पुलिस जांच में जुटी

बांदा। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक कथित वीडियो ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। वीडियो को लेकर दावा किया जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज के पास स्थित जमुनीपुरवा क्षेत्र में कई दिनों से जुए की फड़ संचालित है। यहां पर कई लग्जरी गाड़ी में जुआड़ी आकर अपना हाथ आजमाते हैं और सुरक्षित वापस हो जाते हैं। हालांकि प्रशासन ने अभी तक वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस का कहना है कि वीडियो की सत्यता, स्थान और समय की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। कई सोशल मीडिया उपयोगकताओं ने इसे बांदा के जमुनीपुरवा क्षेत्र का बताते हुए जुए की गतिविधि से जोड़कर पोस्ट किया है। इसके बाद यह वीडियो तेजी से विभिन्न प्लेटफॉर्म पर फैल गया। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने संबंधित अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यदि जांच में वायरल वीडियो सही पाया जाता है और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की पुष्टि होती है, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं यदि वीडियो भ्रामक या पुराना पाया जाता है, तो उस आधार पर भी आवश्यक कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

महोबा। वृक्षारोपण महायज्ञ 2026 के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम नाग देवता मंदिर, गोरखगिरि पहाड़ी के पास आयोजित किया गया। जहां पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा वृक्षारोपण कर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन को अधिकाधिक पौधारोपण एवं उनके संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर रविकांत गोंड द्वारा पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया।

साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़,नौ गिरफ्तार

बांदा। थाना साइबर क्राइम व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए गिरोह के नौ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम को एक बैंक खाते के संबंध में सूचना प्राप्त हुई थी कि जिसमें साइबर ठगो ने विभिन्न माध्यमों से लोगों से ठगी करके ठगी की गई धनराशि उक्त बैंक खाते में मंगवाते थे। पुलिस ने संदिग्ध खाताधारक को हिरासत में लिया। उक्त फर्म के नाम पर बैंक खाता के बारे में पूछने पर उसने बताया कि यह खाता उसी का है जिसका उपयोग वह साइबर ठगी के रुपए मंगाने में करता है जिसके एवज में उसे कमीशन के रुप में कुछ रुपए मिलते है। गिरोह में और भी कई लोग है जो इस समय बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस वे के नीचे इंतजार कर रहे है। पुलिस टीम ने दबिश देकर चारपहिया वाहन बोलेरो में बैठे आठ अन्य व्यक्तियों प्रेम प्रकाश पुत्र भैरमप्रसाद निवासी वार्ड सं0 04 जवाहर नगर कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के पास थाना नरैनी, सूरज पुत्र सुरेश निवासी बिजलीखेड़ा थाना कोतवाली नगर, समीर पुत्र सुनील कुमार निवासी किरन कालेज चैराहा थाना कोतवाली नगर, अभिषेक पुत्र राजू निवासी जरैलीकोठी थाना कोतवाली नगर, जीतू पुत्र राजेश निवासी कंचनपुरवा, योगेश पुत्र चुनबाद निवासी पल्हरी थाना कोतवाली नगर, कृष्णा पुत्र महेश निवासी डिग्गी चैराहा थाना कोतवाली नगर, सुशील कुमार पुत्र श्रीराम गोपाल निवासी कनवारा थाना कोतवाली नगर, मुकेश कुमार पुत्र नत्थू निवासी सहरी थाना मटौंध को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर पाया कि एपीके फाइल एवं अन्य एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर के माध्यम से लोगों के मोबाइल फोन हैक कर साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम देते है। साथ ही लोगों को बहला-फुसलाकर झांसा देकर उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य पहचान संबंधी दस्तावेज प्राप्त कर इन दस्तावेजों का दुरुपयोग करते हुए फर्जी फर्मों एवं कंपनियों के नाम पर विभिन्न बैंकों में खाते खुलवाए जाते थे।

- साइबर ठगी के 52.47 हजार रुपए, 10 मोबाइल, 6 एटीएम कार्ड, लैपटॉप, पैनकार्ड आदि चारपहिया वाहन बरामद

इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर फर्जी सिम कार्ड भी प्राप्त किए जाते थे। इन खातों का उपयोग साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि को प्राप्त करने व उसे विभिन्न खातों में स्थानांतरित करने, नकद निकालने, अपनी पहचान छिपाने के लिए किया जाता था। अपराध करने के बाद साइबर क्राइम की शिकायत के उपरांत खाता होल्ड होने की जानकारी प्राप्त होते ही घटना में प्रयुक्त फोन, सिम कार्ड आदि को नष्ट कर देते थे। इस संबंध में पुलिस के गिरोह के अन्य सदस्यों, उनके सहयोगियों, फर्जी बैंक खातों, सिम कार्ड उपलब्ध कराने वाले व्यक्तियों, साइबर ठगी से अर्जित धनराशि के लेन-देन के संबंध में जांच शुरू है।

अन्य साइबर ठगी की घटनाओं का भी पता लगाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने टीम को 20 हजार रुपए के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया है। एसपी ने बताया कि आरोपितों के पास से 52 हजार 475 रुपए नकद, एक चारपहिया वाहन बोलेरो, एक लैपटॉप, 06 एटीएम कार्ड, एक चेकबुक, एक पैनकार्ड मिला है।

जिला अस्पताल इमरजेंसी में सफाईकर्मी की पिटाई

अयोध्या। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में ड्यूटी के दौरान सफाईकर्मी व सुरक्षाकर्मियों की पिटाई के विरोध में रविवार को अस्पताल कर्मियों ने धरना-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कोतवाली नगर पुलिस को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इमरजेंसी में तैनात सुल्तानपुर के कूरेभार थाना क्षेत्र के दखिनवारा निवासी राम पलट और शहर के सहादतगंज निवासी गोविंद यादव ने बताया कि शनिवार की रात वह इमरजेंसी वार्ड में सफाई कर रहे थे। लगभग नौ बजे अचानक वार्डबॉय सत्यम सिंह अपने 5-6 लोगों के साथ पहुंचा और उन्हें देखते ही गाली देने लगा। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। विरोध करने पर उनकी पिटाई कर दी।

बीच-बचाव करने पर गाली देते हुए उन्हें धमकाने लगा।इस पर कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया। रविवार की सुबह कर्मचारी नीलम, मीना, रामचरन, धनदेई, राम पलट, गोविंद यादव, राम सजीवन, मंजू देवी आदि ने इमरजेंसी ओपीडी के सामने धरना-प्रदर्शन करते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस दौरान अस्पताल परिसर में काफी देर तक गहमागहमी रही।

जमीन के सीमांकन के बाद किसान की मौत

बांदा। अतर्रा थाना क्षेत्र स्थित बल्लान के अंश धोबिनपुरवा गांव में एक बीघा जमीन के सीमांकन को लेकर उपजा विवाद अंततः एक किसान की जान ले गया। बीस दिन तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद गंभीर रूप से घायल किसान छोटेलाल ने कानपुर के एक निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। किसान की मृत्यु की सूचना मिलते ही गांव में तनाव व्याप्त हो गया। आक्रोशित परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। जमकर हंगामा किया। राजस्व विभाग ने 20 जून को विवादित भूमि की पैमाइश कर सीमांकन किया था। इसके अगले ही दिन 21 जून को जब किसान छेटेलाल अपने परिवार के साथ खेत में कार्य कर रहे थे, तभी पड़ोसी रामजी अपने परिजनों के साथ वहां पहुंचा। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चले। इस खूनी संघर्ष में कुल 11 लोग घायल हुए थे, जिनमें छोटेलाल की स्थिति सबसे नाजुक थी। उन्हें पहले बांदा मेडिकल कॉलेज और बाद में बेहतर उपचार के लिए कानपुर रेफर किया गया था, जहां शुक्रवार को उनकी मौत हो गई शनिवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि राजस्वकर्मी खाउकमाउ नीति न अपनाते और पुलिस से सख्ती से अनुचित हस्ताक्षेप रोकने को कहते तो यह घटना न होती। इसी तरह सदर तहसील के ग्राम अरबई में कोरार्फाट के बाद आपसी सहमति से एसडीएम न्यायालय से वाद वापस होने के बाद दो पक्ष अपनी-अपनी भूमि पर दाखिल व काबिज रहे। पीड़ित का आरोप है कि जनवरी माह में आयुक्त को दी गई तहसीलदार सदर ;लेखपाल-कानूनगोद्ध की आख्या को भी धता बताकर राजस्व परिषद न्यायालय में विचाराधीन होने के बाद भी दूसरे पक्ष ने सत्तापक्ष के एक दलाल किस्म के नेता को बरगलाकर उसकी ढाई बीघा जमीन 1 जुलाई को जबरिया जोत ली, उद्यान विभाग से अनुदान के तहत कराया आधा हेक्टेअर का पौधरोपण व घेरबाड़ नष्ट कर दिया है। जिस पर शनिवार को राजस्व टीम गांव गई लेकिन अतिक्रमणकारियों को समझा नहीं सकी। यदि अधिकारियों की ढुलमुल नीति रही तो यहां भी खूनी संघर्ष होना तय है।

- राजस्वकर्मियों की ढुलमुल नीति पर उठ रहे सवाल

200 चांदी की ईंटों के दान पर सिंधी समाज में घमासान

अयोध्या। स्थानीय सिंधी समाज के एक गुट द्वारा प्रेस कांफ्रेंस करके विश्व सिंधी सेवा संगम के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष राजू मनवानी द्वारा राम मंदिर ट्रस्ट से अपने समाज द्वारा दी गई 200 चांदी की ईंटों के रख-रखाव के बारे में पूछे जाने का विरोध किया है। इसी मामले पर राजू मनवानी ने अयोध्या के स्थानीय लोगों द्वारा रविवार को.की गई प्रेस कांफ्रेंस के बारे में कहा कि अयोध्या के कुछ लोगों द्वारा प्रेस के माध्यम से यह कहा गया है कि सिंधी समाज दिए गए दान का हिसाब कभी नहीं मांगता है और यह सिंधी समाज ने नहीं दिया है बल्कि कुछ अन्य लोगों द्वारा दिया गया है....ह्लऐसा नहीं है.उक्त सम्बंध में राजू मनवानी ने कहा कि मैंने

- राम मंदिर में इंटों के रख- रखाव पर गहराया मतभेद

200 दान दाताओं की लिस्ट अयोध्या सिंधु सेवा समिति के अध्यक्ष अमृत राजपाल को व मीडिया कर्मियों को उपलब्ध कराई है जिसमें देखा जा सकता है कि इसमें सभी 200 दानदाता सिंधी समाज के हैं जो की देश व विदेश के विभिन्न हिस्सों के रहने वाले हैं। राजू मनवानी ने बताया कि राम मंदिर में दी गई 200 चांदी की ईंटों के दानदाता सिंधी समाज के 17 देशों के निवासी हैं। जिन्होंने राम मंदिर ट्रस्ट को यह दान स्वरूप भेंट किया था।

अयोध्या में सिंधी समाज के एक गुट द्वारा प्रेस कांफ्रेंस करने वालों को राजू मनवानी ने उनका अपना व्यक्तिगत विषय माना है और राजू मनवानी ने कहा कि यह विश्व के सिंधी समाज द्वारा दान दिया गया है वहीं दूसरी तरफ सिंधु सेवा समिति (रजि.) के अध्यक्ष व श्री राम सिंधु धाम ट्रस्ट के महामंत्री अयोध्या अमृत राजपाल ने कहा कि सिंधी समाज है कुछ लोग समाज को बांटने का काम कर रहे हैं, चंदा चोरी हुई है, जबरा मारे और रोये भी न दे जिन 200 लोगों ने दान दिया उन्हें ट्रस्ट तत्काल रसीद जारी करे जो कि पहले ही जारी होनी चाहिए थी। समाज के एक स्थानीय गुट ने प्रेस के माध्यम से जो आरोप अपने समाज के लोगों पर लगाए हैं वे सब निराधार है और अयोध्या श्रीराम मंदिर में दान चोरी से संपूर्ण विश्व का सिंधी समाज एवं हर सनातनी आहत है। चोरी करने वालों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। वरिष्ठ समाजसेवी व सिंधु सेवा समिति के सदस्य अशोक मदान सुखी ने कहा कि 200 चांदी की ईंटें जिन्होंने दान दिया है उनका सिंधी समाज की ओर से हृदय से धन्यवाद देता है। आज की प्रेस कांफ्रेंस में मौजूद सिंधु सेवा समिति के मंत्री राजकुमार रामानी ने कहा मुझे दिगभ्रमित करके प्रेस में बुलाया गया राजू मनवानी जैसा समाजसेवी पूरे देश में नहीं है और जिन्होंने दान दिया है उनका धन्यवाद है और यह जो प्रेस कर रहे हैं यह अपनी सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए सिंधी समाज व समाज व प्रेस को भ्रमित करने का कार्य कर रहे हैं। सिंधु सेवा समिति के व श्रीराम सिंधु धाम के कोषाध्यक्ष सुनील मंध्यान ने कहा कि यहां आए 200 अतिथियों का स्वागत सत्कार किया था। वह सिंधी समाज के अंग हैं, थे और रहेंगे। कुछ लोग सस्ती लोकप्रियता के लिए समाज में दो फाड़ करने का काम कर रहे हैं।

जनपद के 5247 स्थानों पर रोपे गये 63 लाख पौधे

बांदा। वृहद पौधारोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम एवं हर खेत पर मेड़, हर मेड़ पर पेड़ अभियान के साथ जनपद में हरियाली का संकल्प घर के आंगन से लेकर स्कूल-कालेज, सार्वजनिक स्थलों में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन नोडल अधिकारी नेहा शर्मा रहीं। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मालती बसु, जिलाधिकारी अमित आसेरी, मुख्य विकास अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि, नागरिक उपस्थित रहे। शुभारंभ अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के साथ किया। कृषि विश्वविद्यालय परिसर में लगभग 400 पौधों का रोपण किया गया। जनपद में 63 लाख 55 हजार 600 पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया वन विभाग ने जनपद के 87 स्थलों पर, अन्य विभागों ने 5160 स्थानों पर पौधारोपण कराया। अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उनके संरक्षण एवं संवर्धन को सुनिश्चित करना है। सभी पौधों की जियो टैगिंग अनिवार्य की गई है ताकि उनकी नियमित निगरानी की जा सके। पौधों की सुरक्षा को ट्री गार्ड, फेंसिंग, सिंचाई, सुरक्षा कर्मियों एवं नियमित रखरखाव की प्रभावी व्यवस्था की गई है। ग्राम समाज की भूमि पर लगाए जाने वाले पौधों की विशेष निगरानी की जाएगी। चयनित स्थलों पर हरितमा वन विकसित किए जाएंगे। मुख्य अतिथि नेहा शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान भारतीय संस्कृति, मातृत्व और प्रकृति के प्रति सम्मान का अनुपम संदेश देता है। सभी नागरिकों, युवाओं एवं विद्यार्थियों से अधिकाधिक पौधारोपण कर जनपद को हरित बनाने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने सभी से एक पेड़ लगाने का आहवान किया। जिलाधिकारी अमित आसेरी ने विद्यार्थियों एवं नागरिकों को पौधारोपण एवं संरक्षण की शपथ दिलाई। इसी तरह भाजपा के सह मीडिया प्रभारी राकेश कुमार गुप्त लल्ला के प्रताप उपवन बबेरू में जिला मंत्री विष्णुप्रताप सिंह सहित पदाधिकारी, सदस्यों ने आम, अमरूद के पौधों का रोपण किया।

- घर-आंगन से स्कूल-कालेज, महाविद्यालय में चला अभियान

कृषि विवि में पौधरोपण महायज्ञ बना मिसाल

अयोध्या। हरित उत्तर प्रदेश के संकल्प को नई ऊंचाई देते हुए आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज ने वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के तहत एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। विश्वविद्यालय ने निर्धारित लक्ष्य से अधिक पौधरोपण किया। इस वृहद अभियान का शुभारंभ प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने पौधरोपण कर किया। इस दौरान पूरे विश्वविद्यालय परिसर के साथ-साथ सभी संचालित महाविद्यालयों और कृषि विज्ञान केंद्रों में पौधरोपण अभियान चलाया गया। शिक्षकों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं व एनसीसी के कैडेटों ने उत्साहपूर्वक इमली, जामुन, सागौन, आम, बेर, अमरूद, अमलतास, गुलमोहर, प्लास, कैथा, कटहल, पाकड़, पीपल जैसे छायादार, फलदार एवं पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण प्रजातियों के पौधे लगाए।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार वृक्षारोपण को जनभागीदारी का महाअभियान बना रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक यदि एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और हरित वातावरण मिल सकेगा। बच्चे फल खाएंगे तो कुपोषण से दूर रहेंगे। उन्होंने विश्वविद्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे अन्य संस्थानों के लिए प्रेरणादायी बताया। कुलपति डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि विवि मुख्य परिसर के लिए वृक्षारोपण का वृहद रोडमैप तैयार कराया जा रहा है जो जुलाई माह के अंत तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय कृषि शिक्षा, अनुसंधान और प्रसार गतिविधियों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी समान महत्व दे रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी महाविद्यालयों, कृषि विज्ञान केंद्रों एवं शोध केंद्रों पर भी वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया। वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम वानिकी अधिष्ठाता डा. भगवानदीन, कृषि अधिष्ठाता डा. प्रतिभा सिंह, डीएसडब्ल्यू डा. डी. नियोगी व विभागाध्यक्ष डा. एस.के वर्मा के संयोजन में चलाया गया। इस मौके पर विधायक रामचंद्र यादव, विधायक चंद्रभानु पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

टोयोटा ने उत्तराखंड में समग्र सामुदायिक विकास को बढ़ावा दिया

देहरादून। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज उत्तराखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, सामुदायिक कल्याण और आजीविका से जुड़े कई सामुदायिक विकास पहलों की सफल पूर्णता की घोषणा की। ये हस्तक्षेप राज्य सरकार के साथ किए गए एक व्यापक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का हिस्सा हैं, जिसके तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 से उधम सिंह नगर जिले के खटीमा और नैनीताल जिले के हल्द्वानी में समग्र सीएसआर कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। सामूहिक रूप से, इन पहलों से 4 लाख से अधिक लोगों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है शैक्षिक परिणामों को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने उधम सिंह नगर और नैनीताल जिलों के सरकारी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में कई अवसंरचना विकास पहलें की हैं। टोयोटा के दर्शन गुणवत्ता अवसंरचना के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना से प्रेरित होकर, इन पहलों का उद्देश्य 13,532 छात्रों के लिए सीखने के माहौल और समग्र स्कूल अनुभव को बेहतर बनाना है। इसके तहत बच्चों के अनुकूल शिक्षण सामग्री, उच्च गुणवत्ता वाले कक्षा फर्नीचर, स्वच्छ और समय पर मध्याह्न भोजन तैयार करने के लिए उन्नत रसोई सुविधाएँ तथा बेहतर खेल अवसंरचना उपलब्ध कराई गई है। उन्नत खेल सुविधाएँ छात्रों को शारीरिक गतिविधियों में अधिक भागीदारी के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं और उन्हें जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार कर रही हैं। टीकेएम के चाइल्ड टू कम्युनिटी दर्शन के अनुरूप, ये हस्तक्षेप जीवंत और समावेशी स्कूल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का प्रयास करते हैं।

कृषि मंत्री चौहान ने किया पौधरोपण का आह्वान

नयी दिल्ली। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हरित भविष्य के निर्माण के लिए देश में बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान शुरू करने का रविवार को आह्वान किया है। नयी दिल्ली स्थित पूसा परिसर में आयोजित पर्यावरण संरक्षण संकल्प और वृक्ष मित्र संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि प्रत्येक परिवार को जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, बच्चों के जन्म और दिवंगत माता-पिता की स्मृति जैसे अवसरों पर पौधारोपण करना चाहिए। इससे हर व्यक्तिगत खुशी का अवसर वृक्ष उत्सव में बदला जा सकता है। उन्होंने प्रत्येक वृक्ष मित्र से हर साल कम से कम एक पेड़ लगाने और पांच अन्य लोगों को इस अभियान से जोड़ने की अपील की। चौहान ने कहा कि प्रतिभागी सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिबद्धता साझा करें, ताकि 12 अगस्त को हरियाली अमावस्या तक देशभर में एक मजबूत नेटवर्क तैयार किया जा सके।मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण को एक संगठित जन अभियान का स्वरूप देने के लिए व्यापक कार्ययोजना भी जारी की। यह योजना वृक्ष मित्रों के साथ हुई बातचीत और उनके सुझावों के आधार पर तैयार की गई है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मंत्री ने राष्ट्रीय, राज्य, जिला, खंड और ग्राम स्तर पर वृक्ष मित्र परिवार समितियों के गठन का प्रस्ताव रखा, ताकि इस अभियान को संस्थागत ढांचा मिल सके।

विशेष निवेश कोष का एयूएम जून में 29 प्रतिशत बढ़कर 17858 करोड़ रुपये पर

नयी दिल्ली। विशेष निवेश कोष (एसआईएफ) के प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) जून, 2026 के अंत तक मासिक आधार पर 29 प्रतिशत बढ़कर 17,858 करोड़ रुपये हो गईं। इसका प्रमुख कारण हाइब्रिड निवेश रणनीतियों में निवेशकों का बढ़ता रुझान रहा। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों से मिली है। मई के अंत तक एसआईएफ का कुल एयूएम 13,814 करोड़ रुपये था, जो जून के अंत तक बढ़कर 17,858 करोड़ रुपये हो गया। इसी दौरान मासिक निवेश प्रवाह बढ़कर 3,782 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने फरवरी, 2025 में एसआईएफ ढांचा पेश किया था। इसका उद्देश्य पारंपरिक म्यूचुअल फंड और अधिक निवेश राशि वाली पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाओं (पीएमएस) के बीच की दूरी को कम करना है। एसआईएफ के तहत निवेशकों को हेजिंग, डेरिवेटिव और दीर्घावधि जैसी लचीली निवेश रणनीतियों का विकल्प मिलता है।

कंपनियों की पूंजी 92995 करोड़ रुपये बढ़ी

नयी दिल्ली। पिछले सप्ताह शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 92,995.48 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल को हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 194.52 अंक यानी 0.25 प्रतिशत और एनएसई का निफ्टी 63.95 अंक यानी 0.26 प्रतिशत गिरावट के साथ बंद हुआ। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार पूंजीकरण में वृद्धि दर्ज की गई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में 49,294.13 करोड़ रुपये की गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण सबसे अधिक 35,808.09 करोड़ रुपये बढ़कर 12,69,454.42 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 34,896.92 करोड़ रुपये बढ़कर 11,98,774.22 करोड़ रुपये हो गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 16,065.50 करोड़ रुपये बढ़कर 5,60,205.05 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 6,224.97 करोड़ रुपये बढ़कर 17,71,206.33 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसके विपरीत, हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 12,088.65 करोड़ रुपये घटकर 5,04,997.65 करोड़ रुपये रह गया। एलएंडटी का मूल्यांकन 11,040 .23 करोड़ रुपये घटकर 5,42,938.40 करोड़ रुपये पर आ गया। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 8,574.87 करोड़ रुपये घटकर 7,48,600.40 करोड़ रुपये, बजाज फाइनेंस का 7,813.58 करोड़ रुपये घटकर 6,35,327.78 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का 6,315.32 करोड़ रुपये घटकर 10,05,379.71 करोड़ रुपये और एसबीआई का 3,461.48 करोड़ रुपये घटकर 9,56,430.44 करोड़ रुपये रह गया। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, एलआईसी, एलएंडटी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की चाल



नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह अमेरिका-ईरान के बीच भू-राजनीतिक तनाव, कंपनियों के तिमाही नतीजों, कच्चे तेल की कीमतों और महंगाई के आंकड़ों से तय होगी। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि मानसून की प्रगति और विदेशी निवेशकों (एफपीआई) की कारोबारी गतिविधियों पर भी निवेशकों की करीबी नजर रहेगी।

घरेलू स्तर पर निवेशक जून के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों के साथ-साथ विदेशी मुद्रा भंडार के ताजा आंकड़ों पर ध्यान देंगे। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के नतीजों का सीजन अब रफ्तार पकड़ेगा। इस दौरान कंपनियों के प्रबंधन की टिप्पणियां विभिन्न क्षेत्रों की संभावनाओं और आमदनी के अनुमानों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। वैश्विक स्तर पर अमेरिका-ईरान तनाव और कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ने वाले असर पर भी बाजार की नजर बनी रहेगी। चार महीनों तक लगातार बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक जुलाई में भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध खरीदार बन गए हैं। उन्होंने इस महीने अबतक 15,157 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर खरीदे हैं। इसके पीछे घरेलू आर्थिक संकेतकों में सुधार, रुपये की स्थिरता और वैश्विक जोखिम धारणा में सुधार को प्रमुख वजह माना जा रहा है। इस सप्ताह एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, यूनियन बैंक और फेडरल बैंक समेत कई कंपनियों के तिमाही नतीजे आने वाले हैं। उनके अनुसार, व्यापक आर्थिक मोर्चे पर मुद्रास्फीति के आंकड़े बाजार के लिए अहम संकेतक होंगे। भारत का सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति का आंकड़ा सोमवार को और डब्ल्यूपीआई आधारित मुद्रास्फीति का आंकड़ा मंगलवार को जारी होगा। इसके अलावा ग्रामीण मांग और महंगाई पर प्रभाव को देखते हुए मानसून की प्रगति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। अमेरिका-ईरान की स्थिति और उससे कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ने वाला असर बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा।

ईएसआई की स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे मांडविया



नयी दिल्ली। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया मंगलवार को तेलंगाना के सनतनगर स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अस्पताल से देशभर में कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी सात परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

श्रम मंत्रालय ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि लगभग 668 करोड़ रुपये की लागत वाली इन स्वास्थ्य परियोजनाओं से देशभर के करीब 53 लाख लाभार्थियों को चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। बयान के अनुसार मांडविया सनतनगर स्थित ईएसआईसी अस्पताल के नवनिर्मित बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) भवन का प्रत्यक्ष रूप से उद्घाटन करेंगे। साथ ही वह छह अन्य परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। इन परियोजनाओं में असम के बेलटोला में उन्नत 200 बिस्तर वाला ईएसआईसी अस्पताल, तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में 100 बिस्तर वाला ईएसआईसी अस्पताल, आंध्र प्रदेश के राजमहेंद्रवरम में ईएसआईएस अस्पताल, गुजरात के सुरेंद्रनगर में ईएसआई औषधालय एवं शाखा कार्यालय, राजस्थान के कोटा के उद्योग नगर में ईएसआई औषधालय एवं शाखा कार्यालय तथा भवानी मंडी में ईएसआई औषधालय शामिल हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगी। कार्यक्रम के दौरान मांडविया तेलंगाना के सनतनगर स्थित ईएसआईसी अस्पताल के ओपीडी भवन के निर्माण में योगदान देने वाले निर्माण श्रमिकों को राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के लिए सम्मानित करेंगे। वह कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) योजना के लाभार्थियों को नकद लाभ का वितरण भी करेंगे।

अमेरिका-ईरान तनाव से सोने-चांदी पर दबाव बने रहने की संभावना

नयी दिल्ली। अमेरिका-ईरान संघर्ष में ताजा तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और महंगाई के आंकड़ों पर निवेशकों की नजर के बीच अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों ने कहा कि कीमती धातुओं में फिलहाल गिरावट का रुख कायम रह सकता है। उन्होंने कहा कि महंगाई के आंकड़े वैश्विक ब्याज दरों को लेकर बाजार की उम्मीदों को प्रभावित कर सकते हैं। पश्चिम एशिया में ताजा तनाव से एक बार फिर वैश्विक बाजारों में चिंता बढ़ गई है। ईरान ने हाल में कहा था कि उसने एक ऐसे जहाज को निशाना बनाया जो उसकी मंजूरी के बिना मार्ग से गुजर रहा था। इसके बाद उसने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा की। इसके बाद अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरान पर हमले किए, जिसके जवाब में ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात , कुवैत और बहरीन में अमेरिका से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया। सोने और चांदी में फिलहाल गिरावट और करेक्शन का दौर जारी है। अब बाजार का ध्यान फिर से अमेरिका-ईरान संघर्ष पर रहेगा। यदि तनाव काफी बढ़ता है तो कच्चे तेल की कीमतों में फिर तेजी आ सकती है और अमेरिकी डॉलर तथा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल जैसे सुरक्षित निवेश विकल्प मजबूत होंगे। भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के अलावा बाजार भारत, यूरोपीय संघ (ईयू) और अमेरिका के महंगाई आंकड़ों पर भी नजर रखेगा, जिससे प्रमुख वैश्विक केंद्रीय बैंकों की मौद्रिक नीति की दिशा को लेकर संकेत मिल सकेंगे। घरेलू बाजार में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अगस्त में आपूर्ति वाले सोने का वायदा भाव सप्ताह के दौरान 3,900 रुपये यानी 2.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1.43 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। वहीं, सितंबर अनुबंध वाली चांदी 14,746 रुपये यानी 6.2 प्रतिशत टूटकर 2.22 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। सोने के लिए एक और कमजोर सप्ताह रहा। मजबूत अमेरिकी डॉलर, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और ब्याज दरों में बढ़ोतरी की उम्मीदों के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई, जिससे सोने में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। बीच-बीच में सुधार की कोशिशों के बावजूद सर्राफा कीमतें तेजी को बनाए रखने में विफल रहीं।

अबतक एफपीआई ने भारतीय शेयरों में 15157 करोड़ डाले

नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने लगातार चार महीने तक बिकवाली करने के बाद जुलाई में अबतक भारतीय शेयरों में 15,157 करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध निवेश किया है। बेहतर होते घरेलू व्यापक आर्थिक संकेतकों, रुपये की स्थिरता और वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की बढ़ती धारणा से यह रुझान देखने को मिला है।

सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले जून में एफपीआई ने 49,340 करोड़ रुपये, मई में 32,963 करोड़ रुपये, अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये और मार्च में 1.17 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। इस बिकवाली के दौर से पहले फरवरी में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। हालांकि, जुलाई में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध निवेश किया है, लेकिन वर्ष 2026 में अब तक एफपीआई भारतीय शेयरों से कुल 2.60 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि में हुई 1.66 लाख करोड़ रुपये की निकासी से काफी अधिक है। जुलाई में निवेश की वापसी वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की बढ़ती प्रवृत्ति, इस महीने की शुरुआत में भू-राजनीतिक तनाव कम होने के बाद ऊर्जा कीमतों को लेकर चिंता घटने और भारत की मजबूत व्यापक आर्थिक स्थिति पर बढ़े भरोसे का परिणाम है। घरेलू अर्थव्यवस्था में सुधार और रुपये की स्थिरता ने विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सेमीकंडक्टर कारोबार में कमजोरी तथा दक्षिण कोरिया जैसे बाजारों में एफपीआई की बिकवाली के कारण निवेश का एक हिस्सा भारत की ओर आया है। हालांकि, श्रीवास्तव ने आगाह किया कि जुलाई में निवेश की यह मजबूत वापसी उत्साहजनक है, लेकिन आगे एफपीआई निवेश का रुख वैश्विक परिस्थितियों और भारत की घरेलू आर्थिक वृद्धि की मजबूती पर निर्भर करेगा। इस बीच, ऋण या बॉन्ड बाजार में भी विदेशी निवेशकों की रुचि बनी हुई है। जुलाई में एफपीआई ने पूर्ण पहुंच मार्ग (एफएआर) के तहत ऋण प्रतिभूतियों में 6,625 करोड़ रुपये तथा सामान्य मार्ग से 3,228 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

इस सप्ताह स्पेन, बेल्जियम और फिनलैंड की यात्रा पर जायेंगे गोयल



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल व्यापार तथा निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए स्पेन, बेल्जियम और फिनलैंड की पांच दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रतिनिधिमंडल में उन्नत विनिर्माण, स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, रत्न एवं आभूषण, खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य सेवा और डिजाइन जैसे क्षेत्रों की प्रमुख भारतीय कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बयान के अनुसार, गोयल 13 जुलाई को स्पेन में भारत-स्पेन व्यापार गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इसमें दोनों देशों के उद्योग जगत के प्रतिनिधि मोटर वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा, रेलवे, कृत्रिम मेधा (एआई), सेमीकंडक्टर, खाद्य प्रसंस्करण और पर्यटन क्षेत्रों में सहयोग और निवेश के अवसरों पर चर्चा करेंगे। बयान के अनुसार, गोयल 13 जुलाई को स्पेन में भारत-स्पेन व्यापार गोलमेज सम्मेलन और व्यापार एवं प्रौद्योगिकी परिषद (टीटीसी) की पूर्ण बैठक में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफ डी आई), कारोबार सुगमता, टिकाऊ प्रौद्योगिकी और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला जैसे विषयों पर भी चर्चा होगी। गोयल 14 और 15 जुलाई को बेल्जियम में थेल्स ग्रुप के प्रतिनिधि एलेन केवेरिन और सिलॉक्स ग्रुप के प्रतिनिधि जीन-क्रिस्टोफ बोगार्ट के साथ मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) स्तर की बैठकें करेंगे। गोयल 16 और 17 जुलाई को फिनलैंड में भारत-फिनलैंड व्यापार गोलमेज सम्मेलन में भाग लेंगे।

पेज एक का शेष

राम मंदिर

आदान-प्रदान करने के लिए नई टीम बनाई गई है। इसका प्रभारी गोपाल राव के करीबी सोमेश को बनाया गया है। इस व्यवस्था में उनके साथ रिटायर्ड सैन्य कर्मी केके तिवारी को भी जोड़ा गया है। 22 जुलाई की बैठक में समितियों के संचालन के लिए नई गाइडलाइन तय हो जाएगी। सूत्रों का कहना है कि नई टीमों के गठन में कार्यकुशलता, अनुभव और अनुशासन को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके साथ ही विभिन्न व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी और समय-समय पर समीक्षा की भी नई व्यवस्था बनाई जा रही है।

आने वाले

को कौन से अधिकार दिए जाएंगे यह तय करना ट्रस्ट पर निर्भर करता है। सीईओ अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की व्यवस्था करेगा, लेकिन सब कुछ ट्रस्ट के अधीन ही रहेगा। उन्होंने कहा कि वह राम मंदिर के सीईओ की भर्ती प्रक्रिया के लिए बुलाई गई बैठक में कभी शामिल नहीं होंगे। राम मंदिर ट्रस्ट में संभावित बदलाव के सवाल पर मिश्रा ने कहा, मेरी उपस्थिति में कोई निर्णय नहीं लिया गया। उन्होंने साफ किया कि वह राम मंदिर ट्रस्ट की छह जुलाई को आयोजित बैठक में शामिल नहीं हुए थे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह राम मंदिर ट्रस्ट की 22 जुलाई की बैठक में हिस्सा लेंगे, मिश्रा ने कहा, बैठक 22 जुलाई को है, लेकिन मुझे बैठक का एजेंडा नहीं पता। अगर मामला निर्माण से जुड़ा है, तो मुझे इसमें शामिल होने के लिए आना होगा। उन्होंने कहा, कृपया समझने की कोशिश करें। हम पदेन सदस्य हैं, जिन्हें वोट देने का कोई अधिकार नहीं है। अब 22 जुलाई की बैठक का एजेंडा जानने के बाद ही मैं तय करूंगा कि उसमें शामिल होना है या नहीं। आगामी 22 जुलाई की बैठक में किन मुद्दों पर चर्चा हो सकती है, इस बारे में मिश्रा ने कहा कि यह सवाल मंदिर ट्रस्ट के महासचिव से पूछा जाना चाहिए।

पौधरोपण में

व वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना गोरखपुर के मुख्य कार्यक्रम में शामिल हुए। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने पौधारोपण महायज्ञ के तहत जनभवन में सफेद चंदन का पौधा रोपित किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने झांसी तथा ब्रजेश पाठक ने लखनऊ में पौधरोपण किया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना शाहजहांपुर, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह जालौन, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही देवरिया, कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी ने मुरादाबाद, वन राज्यमंत्री केपी मलिक ने बागपत में पौधरोपण किया। वहीं प्रदेश सरकार के सभी मंत्रियों ने भी अलग-अलग जिलों में पौधे रोपित किये। रविवार को हुए 'पौधारोपण महायज्ञ-2026' के अंतर्गत वन, रक्षा, रेलवे, ग्राम पंचायत एवं सामुदायिक भूमि, एक्सप्रेस वे, सड़क, नहर, रेल पटरी के किनारे, विकास प्रधिकरण, औद्योगिक परिसर, चिकित्सा संस्थान, शिक्षण संस्थान की भूमि, अन्य राजकीय भूमि, कृषकों की निजी भूमि, नागरिकों द्वारा निजी परिसर में बड़े स्तर पर पौधरोपण किया गया है। सबसे अहम बात अभियान को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए वन विभाग की तरफ से एंड्रायड आधारित प्लांटेशन मॉनिटरिंग सिस्टम सॉफ्टवेयर पर रीयल टाइम अपडेट मिला। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश था कि पिछली सरकारों की तरह पौधरोपण अभियान केवल कागजी खानापूर्ति तक सीमित ना रहे, बल्कि इसे लेकर पूरी पारदर्शिता और पौधों की प्रभावी मॉनीटरिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। यही कारण रहा कि इस साल भी पौधों की जियो टैगिंग की मुकम्मल व्यवस्था की गई है। साथ ही वन विभाग ने भी टेक्नोलॉजी का भरपूर उपयोग किया है। विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत 5 करोड़ से अधिक पौधरोपण किए गए थे। विश्व पर्यावरण दिवस पर 5,01,46,441 पौधे लगाए गए थे, जबकि 12 जुलाई को 35,27,89,926 पौधरोपण हुए। इन दोनों दिन में कुल 40,29,36,367 पौधे उत्तर प्रदेश में लगाए गए।

इस तरह बढती गई संख्या

सुबह 8 बजे तक 1,01,99,947, 9 बजे तक 4,57,13,395, 10 बजे तक 8,75,92,099, 11 बजे तक 13,05,37,796, 12 बजे तक 16,59,88,118, दोपहर 1 बजे तक 19,73,60,273, 2 बजे तक 21,63,97,977, 3 बजे तक 25,29,98,772, शाम 4 बजे तक 29,61,57,431, 5 बजे तक 32,10,14,959 और 6 बजकर 12 मिनट (फाइनल रिपोर्ट) तक 35,27,89,926 पौधे रोपे गए

पौधरोपण

अवशोषण करके रखता है। नदियां वहीं सदानीरा होती हैं, जहां वन या अधिक संख्या में वृक्ष होते हैं। यदि वृक्षों की अंधाधुंध कटान होगी तो जल की कमी से खाद्यान्न संकट खड़ा हो सकता है। जनसभा में सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद से यूपी के इंफ्रास्ट्रक्चर का वृहद विस्तार हुआ है। एक्सप्रेसवे, हाईवे के साथ बड़े पैमाने पर सड़कों का जाल बिछा है। नए-नए उद्योग लगे हैं। शहरीकरण का दायरा बढ़ा है और नई-नई कॉलोनियां विकसित हुई हैं। भौतिक विकास में तेज योगदान देने वाले इस राज्य ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति संकल्पित प्रयासों से वनाच्छादन के विस्तार में भी सफलता प्राप्त की है। एक पेड़ सैकड़ों टन कार्बन डाइऑक्साइड का अवशोषण करता है। 9 वर्षों में यूपी का वनाच्छादन बढ़ने से 6 करोड़ 37 लाख 74 हजार 130 टन कार्बन डाइऑक्साइड का अवशोषण तथा 4 करोड़ 63 लाख 90 हजार 130 टन ऑक्सीजन का उत्सर्जन हुआ। मुख्यमंत्री ने पौधरोपण महाभियान को धरती माता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का महायज्ञ बताया और इसमें हर व्यक्ति की तरफ से योगदान दिए जाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि धरती माता हम सबको अच्छा वातावरण देती हैं। आगे बढ़ने का अवसर, पेट भरने को अन्न, अच्छे-अच्छे फल, पीने के लिए जल देने के साथ घर की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति करती हैं। धरती माता के बारे में हमारे ऋषियों ने संकल्प भाव से कहा है- 'माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः', अर्थात यह धरती हमारी माता हैं और हम सब इसके पुत्र हैं। एक पुत्र के रूप में धरती माता के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वहन करने के लिए ही प्रधानमंत्री मोदी ने एक पेड़ मां के नाम का आह्वान किया है। यह आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सुंदर बनाने का राष्ट्रीय कर्तव्य है। सीएम योगी ने पौधरोपण की थीम एक पेड़ मां के नाम को बहुत सुंदर बताते हुए कहा कि मां हर व्यक्ति, हर जीव के लिए दुनिया का सबसे सुंदर उपहार है। हम खुद के स्वास्थ्य की चिंता करते हैं, लेकिन सबकुछ देने वाली धरती माता के स्वास्थ्य की परवाह नहीं करते। खुद की आरोग्यता के लिए हम सभी को धरती माता की आरोग्यता का भी ध्यान रखना होगा। अनंतकाल तक जीवसृष्टि बनी रहे, इसके लिए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है। विश्व पर्यावरण दिवस पर इस वर्ष 5 करोड़ पौधे लगाए गए। गत वर्ष 35 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए। 9 वर्ष में अब तक प्रदेश में 242 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण पर मंडरा रहे संकट का प्रभाव मौसम चक्र पर भी पड़ा है। बारिश करीब एक महीना विलंब से शुरू हुई है। जो बीज 15 जून तक लग जाना चाहिए था, उसे 15 जुलाई को लगाएंगे तो उत्पादन में 25 से 30 प्रतिशत तक अंतर पड़ेगा। पर्यावरण असंतुलन से कभी प्रचंड गर्मी पड़ रही है तो कभी सर्दी। लगातार ग्लोबल वार्मिंग की चेतावनी दी जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि आने वाले समय में समुद्र के किनारे बहुत सारे शहर डूबने की स्थिति में होंगे तो कहीं भीषण जल संकट होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्दियों के मौसम में बहुत सारे शहर ऐसे हैं, जहां गैस चैंबर जैसी स्थिति बन जाती है। वहां अलर्ट जारी करना पड़ता है कि बुजुर्ग, बीमार और बच्चे घर से बाहर न निकलें, जरूरी हो तो मास्क लगाकर निकलें। आखिर यह स्थिति पैदा ही क्यों हुई? क्योंकि प्रकृति के साथ खिलवाड़ किया गया। अंधाधुंध पेड़ काटे गए, जल दोहन किया गया लेकिन जल संरक्षण के लिए कोई प्रयास नहीं हुआ। तालाबों पर अवैध कब्जे हो गए। अपने स्वार्थ के लिए लोगों ने प्रकृति के साथ जो खिलवाड़ किया है, आज उसकी कीमत विश्व मानवता को चुकानी पड़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में जब डबल इंजन की भाजपा सरकार बनी तब हैलोजन लाइटों को हटाकर उसकी जगह पर्यावरण अनुकूल एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने का अभियान शुरू किया गया। प्रदेश में 16 लाख एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाई गईं, इससे प्रदेश सरकार को 100 करोड रुपये की बचत हुई। साथ ही हैलोजन में जलकर मरने वाले कीड़े-मकोड़ों की भयंकर बदबू से भी मुक्ति मिली। सरकार नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा दे रही है। पीएम सूर्य घर बिजली योजना से लोगों के बिजली बिल आधे हो रहे हैं।

जनशक्ति का

और भावी पीढ़ियों के प्रति हमारे उत्तरदायित्व का विराट लोक यज्ञ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 को जनांदोलन का स्वरूप प्रदान करने वाले सभी सम्मानित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, किसानों, मातृशक्ति, युवाओं, सामाजिक/धार्मिक संगठनों तथा उत्तर प्रदेश सरकार के सभी समर्पित कार्मिकों का हृदय से अभिनंदन भी किया।

जनकल्याण और

में 'बीटल्स स्ट्रीट' विकसित किया जाएगा, जबकि पिथौरागढ़ के धारचूला क्षेत्र में नन्दा मंदिर से खोली बन तक पैदल मार्ग निर्माण को भी मंजूरी दी गई है। शिक्षा और ग्रामीण क्षेत्रों की सुविधाओं के विस्तार के तहत चम्पावत के जवाहर नवोदय विद्यालय, लटौली में विद्यार्थियों के लिए ओपन जिम बनाया जाएगा। वहीं डीडीहाट विधानसभा क्षेत्र के लोहारगांव में संपर्क मार्ग निर्माण कार्य को भी वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सकेगी। इसके अलावा लोहाघाट के डुंगरीफर्तयाल स्थित शिव मंदिर के सौंदर्यीकरण, बागेश्वर के कपकोट क्षेत्र में विद्युत सब-स्टेशन की स्थापना, माँ पूर्णागिरि धाम के सेलागाड़ गांव में इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने तथा नैनीताल जिले के भीमताल क्षेत्र में धर्मशालाओं के निर्माण जैसे प्रस्तावों को भी मुख्यमंत्री ने मंजूरी दी है।

अमेरिकी हमले

वाले असैन्य नाविकों और वाणिज्यिक जहाजों पर हमला करने की ईरान की क्षमता को लगातार कमजोर किया है। फारस की खाड़ी में नई झड़पें तब हुई हैं, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि ईरान युद्ध को लेकर एक अंतरिम समझौता खत्म हो गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पी

भारत की इंग्लैंड पर 365 रन की बढ़त

बल्लेबाज़ यास्तिका भाटिया ने संयम के साथ नाबाद 91 रन बनाकर भारत की पारी को संभाले रखा

एजेंसी

लंदन। इंग्लैंड के खिलाफ़ खेले जा रहे एकमात्र महिला टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को लंच तक भारत ने अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 250 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। पहली पारी में 115 रन की बढ़त हासिल करने वाली भारतीय टीम की कुल बढ़त 365 रन हो गई थी। विकेटकीपर-बल्लेबाज़ यास्तिका भाटिया ने संयम के साथ नाबाद 91 रन बनाकर भारत की पारी को संभाले रखा।

वह अपने पहले टेस्ट शतक से नौ रन दूर हैं। दिन की शुरुआत एक विकेट पर 154 के स्कोर से करने के बाद भारत को शुरुआती झटके लगे। लॉरेन बेल (27 रन पर दो विकेट) ने स्मृति मंधाना (70) और जेमिमा रोड्रिग्स (तीन) को जल्दी-जल्दी पवेलियन भेज दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर भी अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सकीं और सोफी एक्लेस्टोन (84 रन पर दो विकेट) की गेंद पर 34 गेंदों में 16 रन बनाकर आउट हो गईं। दिन की शुरुआत 39 रन से करने वाली यास्तिका ने लंच ब्रेक तक 139 गेंदों की अपनी पारी के दौरान पूरा संयम दिखाया। वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने रविवार को घोषणा की कि ब्रेंडन मैकुलम इंग्लैंड पुरुष टेस्ट टीम के मुख्य कोच पद से हट जाएंगे लेकिन सीमित ओवरों की टीमों के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाते रहेंगे। यह फैसला इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने, नाइट क्लब में हुए विवाद और उसके बाद एक टेस्ट मैच के प्रतिबंध के तुरंत बाद सामने आया है। मैकुलम ने स्वीकार किया कि टेस्ट टीम के मुख्य कोच के रूप में कार्यकाल समाप्त होने से उन्हें निराशा हुई है।

उनके बयान से यह भी संकेत मिला कि यह फैसला उनकी स्वेच्छा से पद छोड़ने के बजाय बोर्ड के निर्णय का परिणाम है। ईसीबी की ओर से जारी विज्ञप्ति में मैकुलम ने कहा, निश्चित रूप से मुझे आगे टेस्ट टीम के साथ नहीं जुड़े रहने का अफसोस है, लेकिन मैं बोर्ड के फैसले का सम्मान करता हूं। अब मेरा पूरा ध्यान सीमित ओवरों की टीमों पर रहेगा और मैं इंग्लैंड क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगा। उन्होंने कहा, मैं टेस्ट टीम की सफलता की कामना करता हूं। ड्रेसिंग रूम में अपार प्रतिभा मौजूद है और यह खिलाड़ियों का बेहद खास समूह है। मैं हमेशा इन खिलाड़ियों का समर्थन करूंगा और उम्मीद करूंगा कि वे इसी तरह बेहतरीन क्रिकेट खेलते रहें। मुझे विश्वास है कि वे आगे भी देश को गौरवान्वित करेंगे। न्यूजीलैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैकुलम के कार्यकाल के दौरान इंग्लैंड टेस्ट टीम ने आक्रामक और सकारात्मक क्रिकेट की नई पहचान बनाई। उनके चार वर्षीय कार्यकाल का समापन ऐसे दौर में होगा जिसे इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट के सबसे रोमांचक और प्रगतिशील अध्यायों में गिना जा रहा है। इंग्लैंड अब पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला में नए मुख्य कोच के साथ उतरेगा। हाल ही में इंग्लैंड को न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि उसने भारत को टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 4-0 से करारी शिकस्त देकर दुनिया की नंबर एक टी-20 टीम बनने का गौरव हासिल किया। ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गूल्ड ने कहा, ब्रेंडन ने इंग्लैंड पुरुष टेस्ट टीम में नई ऊर्जा का संचार किया।

उनके नेतृत्व में टीम ने कई यादगार जीत दर्ज कीं और हम उनके योगदान के लिए आभारी हैं। उन्होंने कहा, अब हमें लगता है कि टेस्ट टीम में बदलाव का यही सही समय है, क्योंकि हमारा लक्ष्य अगले वर्ष एशेज श्रृंखला जीतना है। मैकुलम की कोचिंग में इंग्लैंड की टी-20 टीम इस वर्ष टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल तक पहुंची और हाल ही में भारत को हराकर विश्व की नंबर एक टीम बनी। वह सीमित ओवरों की टीमों के मुख्य कोच बने रहेंगे। इंग्लैंड पुरुष टीम के प्रबंध निदेशक रॉब की ने कहा, हाल के वर्षों में इंग्लैंड टेस्ट टीम की कई अविस्मरणीय उपलब्धियां ब्रेंडन के नेतृत्व में हासिल हुईं। खिलाड़ियों की सोच और टीम संस्कृति को उन्होंने जिस तरह बदला, वह प्रेरणादायक रहा।

इंग्लैंड में हार के लिए खराब क्षेत्ररक्षण व अदद ऑलराउंडर का अभाव जिम्मेदार : पुजारा

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने ब्रिटेन के टी20 अंतरराष्ट्रीय दौरे पर भारत के निराशाजनक प्रदर्शन के लिए मध्यक्रम की कमजोरी, अदद ऑलराउंडर की कमी और खराब क्षेत्ररक्षण को जिम्मेदार ठहराया। इंग्लैंड ने भारत को पांच मैच की श्रृंखला में 4-0 से हराया। इससे पहले भारतीय टीम आयरलैंड के खिलाफ दोनों मैच में हार गई थी। पुजारा ने जियोहॉटस्टार से कहा, इंग्लैंड के पास पांचवें, छठे, सातवें और आठवें नंबर पर ऐसे बल्लेबाज थे जिन्होंने पूरा योगदान दिया। भारत की बात करें तो हमारे पास पांचवें नंबर पर तिलक (वर्मा) और छठे नंबर पर शिवम दुबे थे, लेकिन उन्होंने इंग्लैंड के मध्यक्रम के बल्लेबाजों की तरह खास योगदान नहीं दिया। उन्होंने कहा, भारत के पास अदद ऑलराउंडर की भी कमी है और यह उसके लिए बड़ी चिंता का विषय है। भारत का क्षेत्ररक्षण भी बहुत खराब रहा। पुजारा ने कहा, यह माना जा सकता है कि यह युवा टीम है जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई लेकिन खराब क्षेत्ररक्षण किसी भी तरह से स्वीकार नहीं किया जा सकता है। खेल के सबसे छोटे प्रारूप में फील्डिंग की भूमिका अहम होती है लेकिन पूरी श्रृंखला में भारत की फील्डिंग कमजोर रही और यह बड़ी चिंता का विषय है।

राणा की जगह वनडे टीम में प्रिंस, जिम्बाब्वे टी-20 के लिए वरुण की जगह बिश्नोई

बर्मिंघम। युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा और अनुभवी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अनिश्चितकाल के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह भारत की आगामी एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीमों में क्रमशः प्रिंस यादव और रवि बिश्नोई को शामिल किया गया है।

प्रिंस, राणा की जगह इंग्लैंड में भारतीय एकदिवसीय टीम से जुड़ेंगे। ओल्ड ट्रैफर्ड में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के 17वें ओवर में 29 रन खर्च कर भारत की हार के कारण बने लेग स्पिनर बिश्नोई को जिम्बाब्वे में इस महीने के आखिर में शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए चक्रवर्ती की जगह एक और मौका मिला है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक बयान में कहा, राणा ने ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के दौरान अपने दाहिने पैर में अचानक तकलीफ महसूस की। बाद में हुए स्कैन में ग्रेड-एक हैमस्ट्रिंग चोट की पुष्टि हुई। बयान के अनुसार, उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर कर दिया गया है। आगे की जांच और उपचार के लिए उन्हें बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) भेजा जाएगा। चक्रवर्ती ग्रेड-दो हैमस्ट्रिंग चोट से जूझ रहे हैं। इस चोट के कारण उनके पूरी तरह फिट होने में तीन से छह महीने का समय लग सकता है। वह 35 वर्ष के होने वाले हैं, ऐसे में फिटनेस हासिल करने में अपेक्षाकृत अधिक समय लगने की संभावना है। बीसीसीआई के मुताबिक, इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान चक्रवर्ती को बाएं पैर की मांसपेशियों में अचानक तकलीफ महसूस हुई। बाद में एमआरआई स्कैन में ग्रेड-2 हैमस्ट्रिंग चोट की पुष्टि हुई।

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह के आधार पर उन्हें जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से बाहर कर दिया गया है। वह इलाज के लिए बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) में रहेंगे।

इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारत की अपडेटेड टीमः शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़ और प्रिंस यादव।

जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारत की अपडेटेड टीमः श्रेयस अय्यर (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा (उप-कप्तान), इशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, सूर्यांश शेडगे, रिंकू सिंह, हर्ष दुबे, प्रिंस यादव, यश ठाकुर, अशोक शर्मा, मयंक यादव, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर) और रवि बिश्नोई।

आईपीएल के आधार पर टीम का चयन नहीं करें : मांजरेकर

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने ब्रिटेन के दौरे में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में मिली हार के लिए खिलाड़ियों को दोष देने के बजाय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से जुड़ी समस्याओं को दूर करने का आग्रह किया और कहा कि टीम का चयन आईपीएल के आधार पर नहीं किया जाना चाहिए। मौजूदा चैंपियन भारत के लिए यह दौरा निराशाजनक रहा। आयरलैंड से 0-2 से हारने के बाद उसे पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में इंग्लैंड के हाथों 0-4 से करारी हार का सामना करना पड़ा। मांजरेकर ने एक्स पर लिखा, विदेशी धरती पर मिली इस पराजय के लिए खिलाड़ियों को आसानी से जिम्मेदार ठहराया जा सकता है लेकिन मुझे लगता है कि उन लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए जिन्होंने आईपीएल को बल्लेबाजों के लिए अनुकूल बना दिया है।

संक्षेप

चैलेंजर स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में छह भारतीय

चेन्नई। दूसरे वरीयता प्राप्त सूरज चंद ने रविवार को यहां एचसीएल स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर के पुरुष प्री-क्वार्टर फाइनल में वापसी करते हुए कुवैत के अम्मार अल्तामिमी को हरा दिया। भारत के छह खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुचे। इनमें से एक सूरज चंद ने अल्तामिमी को 6-11, 11-5, 11-5, 11-6 से शिकस्त दी। पुरुषों में सातवें वरीय ओम सेमवाल, महिलाओं में तीसरी वरीय राधिका सीलन, चौथी वरीय सान्या वत्स, आठवीं वरीय उन्नति त्रिपाठी और गैर वरीय पूजा आरती रघु क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ी रहे।

अदिति एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 33वें स्थान पर

एवियन-लेस-बैंस (फ्रांस)। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने तीसरे राउंड में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया जिससे वह एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 33वें स्थान पर पहुंच गईं। अदिति ने पार-71 वाले कोर्स पर शुरुआती दो राउंड में एक समान 70 का स्कोर बनाया था। उन्होंने तीसरे राउंड में दो बोगी की और चार बर्डी बनाईं। दक्षिण कोरिया की हेरान रियू ने तीसरे राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 अंडर 60 का कोर्स-रिकॉर्ड बनाया जिससे उन्होंने 54-होल के बाद तीन शॉट की बढ़त हासिल कर ली।

लॉर्ड्स की सम्मान पट्टिका पर नाम होना गर्व की बात : क्रांति गौड़

लंदन। भारतीय तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में पांच विकेट लेने के बाद लॉर्ड्स ऑनर्स बोर्ड (सम्मान पट्टिका) पर नाम दर्ज कराने वाली पहली महिला बनना उनके और उनके परिवार के लिए बेहद गर्व की बात है। क्रांति ने 37 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे भारत ने इंग्लैंड को 170 रन पर आउट कर दिया और इस तरह से पहली पारी में 115 रन की बढ़त हासिल की। भारत ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 154 रन बनाए हैं और उसकी कुल बढ़त 269 रन की हो गई है। क्रांति ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद पत्रकारों से कहा, यह मेरे लिए पूरी तरह से अलग अहसास है। लॉर्ड्स ऑनर्स बोर्ड पर अपना नाम दर्ज कराने वाली पहली महिला बनने पर मुझे बहुत गर्व है।

मेस्सी या एमबाप्पे, हैरी केन या यमल

न्यूयॉर्क। लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना या कीलियन एमबाप्पे की फ्रांस या फिर हैरी केन की इंग्लैंड ? फुटबॉल के महासमर से अगर आपकी पसंदीदा टीम बाहर हो गई है और आपको समझ में नहीं आ रहा कि सेमीफाइनल में किस टीम का समर्थन करें तो यह आपके लिये है। इसके लिये सेमीफाइनल में पहुंची चारों टीमों के बारे में हम संक्षिप्त जानकारी दे रहे हैं ताकि आप खुद चयन कर सकें।

अर्जेंटीना : लियोनेल मेस्सी।

जानकारी : 1958 और 1962 में ब्राजील के बाद लगातार दूसरी बार खिताब जीतने वाली टीम बनना चाहती है अर्जेंटीना। मेस्सी विश्व कप के इतिहास में सर्वाधिक 21 गोल कर चुके हैं और इस बार टूर्नामेंट में आठ गोल करके शीर्ष पर हैं। क्वार्टर फाइनल में अतिरिक्त समय में दो गोल करके अर्जेंटीना ने स्विटजरलैंड को 3-1 से हराया।

फ्रांस : कीलियन एमबाप्पे, माइकल ओलिसे

जानकारी : 2018 में चैम्पियन, 2022 में उपविजेता और इस साल की प्रबल दावेदार। विश्व कप के दिग्गज फ्रांस के कोच दिदियेर डेसचैम्प्स बतौर कप्तान 1998 में खिताब जीत चुके हैं जब जिनेदीन जिदान टीम में हुआ करते थे। वहीं 20 साल बाद बतौर कोच टीम को खिताब दिलाया।

इंग्लैंड : हैरी केन, जूड बेलिंगहम

जानकारी : इंग्लैंड फुटबॉल टीम ने 1966 विश्व कप के बाद कोई बड़ा टूर्नामेंट नहीं जीता है।

वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड को हराया

एजेंसी

नयी दिल्ली। वेस्टइंडीज ने पहले वनडे में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया। टीम 5 मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है। गयाना में शनिवार को कैरेबियाई टीम ने 268 रन का लक्ष्य 48.5 ओवर में 3 विकेट पर हासिल किया। केसी कर्टी ने 95 रन बनाए, जबकि कप्तान शाई होप 54 रन बनाकर नाबाद लौटे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 131 रन की मैच विनिंग पार्टनरशिप की। इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने वाली न्यूजीलैंड टीम ने सभी विकेट खोकर 267 रन बनाए। 19 साल के डेब्यूटेंट लेफ्ट आर्म रिस्ट स्पिनर विटैल लॉयस ने अपने पहले ही इंटरनेशनल मैच में 3 विकेट झटके।

> 19 साल के विटैल लॉयस को डेब्यू मैच में 3 विकेट, होप-कर्टी में शतकीय साझेदारी

न्यूजीलैंड की टीम 44वें ओवर में 4 विकेट पर 234 रन बनाकर बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही थी, लेकिन विटैल लॉयस और अल्जारी जोसेफ ने आखिरी ओवरों में मैच पलट दिया। न्यूजीलैंड ने अंतिम 6 विकेट सिर्फ 33 रन के भीतर गंवा दिए। लॉयस ने हेनरी निकोल्स (37), मार्क चैपमैन और माइकल ब्रेसवेल को आउट किया, जबकि अल्जारी जोसेफ ने 41 रन देकर 4 विकेट लिए।

वेस्टइंडीज की पारी के 34वें ओवर में कीसी कार्टी 64 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। जैकब डफी की गेंद पर छक्का लगाने के बाद उनका बल्ला पीछे जाकर स्टंप्स से टकराया और बेल्स गिर गईं। न्यूजीलैंड ने हिट-विकेट की अपील की, लेकिन थर्ड अंपायर अहसान रजा ने रिप्ले देखने के बाद उन्हें नॉट आउट दिया। कीसी कार्टी 95 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें 64 रन पर हिट विकेट पर जीवनदान मिला।

विश्व कप निशानेबाजों का हाई परफॉर्मेंस शिविर शुरू

एजेंसी

नयी दिल्ली। चीन के हांग्झोउ में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप और जापान में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों के मद्देनजर निशानेबाजों के लिए एक हाई-परफॉर्मेंस राष्ट्रीय निशानेबाजी शिविर रविवार को यहां शुरू हुआ। इसमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन स्पर्धा के 35 एथलीट हिस्सा ले रहे हैं।

राइफल और पिस्टल शिविर 17 जुलाई तक चलेगा जबकि ट्रैप शिविर 14 से 20 जुलाई तक होगा। स्कीट टीम नौ जुलाई से ही ट्रेनिंग कर रही है। हांग्झोउ विश्व कप 20 से 29 जुलाई तक होगा और इसके बाद जापान में 19 सितंबर से तीन अक्टूबर तक एशियाई खेल होंगे। शिविर में हिस्सा लेने वालों में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर, राइफल निशानेबाज रुद्राक्ष पाटिल, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और इलावेनिल वलारिवन के साथ-साथ भारत के अन्य प्रमुख निशानेबाज शामिल हैं।

धीरज व कीर्ति तीरंदाजी विश्व कप में कांस्य पदक से चूके

मैड्रिड। धीरज बोम्मादेवरा और कीर्ति शर्मा की भारतीय रिकर्व मिश्रित जोड़ी 3-1 से बढ़त का फायदा नहीं उठा पाई और रविवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में इटली से 3-5 से हारकर कांस्य पदक से चूक गई। अंताल्या विश्व कप चैंपियन धीरज के लिए यह विश्व कप निराशाजनक रहा।

उन्होंने पिछले महीने तीसरे चरण में कुमकुम मोहद के साथ रिकर्व मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक जीता था लेकिन मैड्रिड से उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ेगा। भारत की रिकर्व वर्ग में उम्मीदें अब पूरी तरह से कीर्ति पर टिकी हैं, जो व्यक्तिगत सेमीफाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

स्विटजरलैंड को हराकर, अर्जेंटीना सेमीफाइनल में

एजेंसी

कंसास सिटी। हार की कगार पर पहुंचकर जीतने का हुनर मौजूदा चैम्पियन अर्जेंटीना को बखूबी आता है और इसकी बानगी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में एकबार फिर देखने को मिली। जब अतिरिक्त समय में जूलियन अल्वारेज और लौतारो मार्तिनेज के गोल की मदद से अर्जेंटीना ने स्विटजरलैंड को 3-1 से हराकर विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बना ली जहां उसका सामना इंग्लैंड से होगा हालांकि यह मुकाबला उतना आसान नहीं था जिनका सोचा जा रहा था।

और ऐसा इस विश्व कप में पहली बार नहीं हुआ है। केप वर्दे जैसे छोटे से देश ने पहले नॉकआउट मुकाबले में ही मौजूदा विश्व चैम्पियन को नाकों चने चबवा दिये थे। अतिरिक्त समय में किक पर एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने पहला गोल किया था। जीत के बाद अल्वारोज ने कहा, हम शीर्ष चार में हैं। हम अपने लक्ष्य की ओर बढ रहे हैं। यह आसान नहीं था।

> 112वें मिनट में अल्वारेज के गोल की मदद

पूरा मैच कठिन था। हम पहले जीतते तो बेहतर होता लेकिन हमने आखिरकार जीत दर्ज की। दूसरा हाफ काफी नाटकीय रहा और एक बार फिर रैफरी के फैसले के बाद आलोचक मुखर हो जायेंगे कि टूर्नामेंट में अर्जेंटीना का पक्ष लिया जा रहा है। स्विटरजलैंड ने 67वें मिनट में डैन एनडोये के गोल की मदद से बराबरी की थी जब ब्रील एम्बोलो से टकराने के कारण लिएंड्रो पेरेदेस को येलो कार्ड दिखाया गया। वीडियो से हालांकि जाहिर था कि स्विस खिलाड़ी एम्बोलो अर्जेंटीना के मिडफील्डर से टकराने से पहले ही गिर रहे थे। एम्बोलो को मैच में पहले ही येलो कार्ड मिल चुका था जो उसे रेडकार्ड में बदल दिया गया। स्विटजरलैंड को आखिर में दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इस विश्व कप में दूसरी बार येलो कार्ड का फैसला बदला गया है। नियमों के अनुसार अगर गलत खिलाड़ी को येलो या रेडकार्ड मिलता है तो वीडियो सहायक रैफरी दखल दे सकता है।

स्विटजरलैंड के कोच मुरात याकिन ने कहा, हमें एक नियम का खामियाजा भुगतना पड़ा जो मेरी राय में पूरी तरह से अस्वीकार्य है। मेरी समझ में नहीं आ रहा। इस तरह के बाहर होने के हम हकदार नहीं थे। इस तरह बाहर होना दुखद है।

पाक के क्षेत्ररक्षण कोच ने छोड़ा साथ

लाहौर। पाकिस्तान के क्षेत्ररक्षण कोच शेन मैकडरमॉट ने एक साल तक काम करने के बाद वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के आगामी दौरे से ठीक पहले इस्तीफा दे दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक सूत्र ने बताया कि मैकडरमॉट टीम के साथ इन दौरों पर नहीं जाएंगे। पीसीबी ऑस्ट्रेलिया के इस कोच की जगह मंसूर अमजद को नियुक्त करने का इच्छुक है, जिन्होंने शाहीन (पाकिस्तान ए टीम) और अंडर-19 टीमों के साथ काम किया है।

रामगढ़ताल की सफलता ने बढ़ाई उम्मीदें

खेल संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के तत्वावधान में अवध जिमखाना क्लब, लखनऊ में रविवार को 'उत्तर प्रदेश में रोइंग के उत्थान और भविष्य की राह' विषय पर एक विशेष परिचर्चा सत्र का आयोजन किया गया। परिचर्चा सत्र के वक्ताओं में शामिल राष्ट्रीय खिलाड़ी व यूपी रोइंग एसोसिएशन के तकनीकी सचिव एसएम भट्ट और राष्ट्रीय खिलाड़ी व एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजय भदौरिया ने अपने संबोधन में प्रदेश में रोइंग के वर्तमान और भविष्य पर बेबाकी से बात की।

वक्ताओं ने कहा कि गोरखपुर के रामगढ़ताल में पिछले कुछ समय में हुए लगातार बड़े और विश्वस्तरीय आयोजनों ने देश में यूपी का मान बढ़ाया है। रामगढ़ताल के अद्भुत प्राकृतिक वाटर ट्रैक और वहां की बेहतरीन सुविधाओं ने यह साबित कर दिया है कि अब यूपी रोइंग की अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप

> लखनऊ में भी रोइंग को नए सिरे से खड़ा करने का संकल्प

की भी मेजबानी करने के लिए पूरी तरह सक्षम है। वक्ताओं ने लखनऊ में खेल की स्थिति पर बेबाकी से बात करते हुए कहा कि लखनऊ का अतीत रोइंग के लिहाज से बेहद गौरवशाली रहा है और यह शहर अतीत में कई बड़े राष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी कर चुका है। हालांकि यह भी हकीकत है कि वर्तमान में लखनऊ में रोइंग के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधा ही उपलब्ध नहीं है। अगर लखनऊ में बुनियादी ढांचे को नए सिरे से पुनर्जीवित करने के सार्थक प्रयास किए जाएं, तो यूपी में रोइंग के अभ्यास के लिए दो मजबूत सेंटर (गोरखपुर और लखनऊ) तैयार हो जाएंगे, जिससे हमारे खिलाड़ियों को बड़ा फायदा होगा। विशेष परिचर्चा सत्र के मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान (संरक्षक, उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन) ने अपने संबोधन में कहा कि गोरखपुर ने रोइंग के क्षेत्र में जो मुकाम हासिल किया है, उसे अब पूरे प्रदेश में विस्तार देना है।

उन्होंने आश्वस्त किया कि लखनऊ में रोइंग को दोबारा खड़ा करने के लिए वे शासन स्तर पर हर संभव प्रयास करेंगे। इस परिचर्चा सत्र की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में रोइंग खेल का ग्राफ अब तेजी से बदल रहा है और खिलाड़ियों में नया जोश है। ऐसे समय में यह बेहद जरूरी है कि कि हम लखनऊ के पुराने सेंटर की समस्याओं का व्यावहारिक समाधान तलाशें। इसके लिए उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन हर संभव सहयोग प्रदान करेगा।

इस अवसर पर खेलकूद एवं सामाजिक कार्यों में विशिष्ट योगदान को देखते हुए उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन में लखनऊ के प्रतिष्ठित उद्यमी व समाजसेवी विश्वास स्वरूप अग्रवाल को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं गोरखपुर के समाजसेवी जय यदुवंशी को संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी दी गई जबकि लखनऊ के खेल प्रेमी मनोज बाजपेयी को वाइस चेयरमैन मनोनीत किया गया। इससे पूर्व परिचर्चा सत्र में पधारे अतिथिगण का भव्य स्वागत उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

अंत में सचिव सुधीर शर्मा ने नई नियुक्तियों पर खुशी जताते हुए सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि गोरखपुर रोइंग का मुख्य हब बन चुका है। हालांकि अगर लखनऊ में भी किसी वैकल्पिक स्थान पर बुनियादी ढांचे के साथ रोइंग का नया सेंटर शुरू होता है, तो हमारे खिलाड़ियों के पास अभ्यास के लिए दो बेहतरीन विकल्प होंगे, जो यूपी रोइंग को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई ऊंचाई देगा। इस अवसर पर खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह ने अपने प्रेषित संदेश में कहा कि लखनऊ में रोइंग दोबारा शुरू करने के लिए एसोसिएशन यदि कोई ठोस प्रस्ताव लाता है, तो नियमों के तहत उस पर सकारात्मक विचार किया जाएगा। आज परिचर्चा सत्र में उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष हीरालाल यादव, कंप्टीशन कमीशन के चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, अंपायर कमीशन के चेयरमैन राकेश शुक्ला, संयुक्त सचिव संदीप अरोरा, विधिक समिति के चेयरमैन पारितोष शर्मा, संघ प्रचारक संतेंद्र त्रिपाठी, अलकेश सोती, सोमेश यादव भी मौजूद रहे।

एक पेड़ मां के नाम बन चुका है जन आंदोलन

एजेंसी

अहमदाबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भारत का हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान जन आंदोलन बन चुका है और भावी पीढ़ियों के लिए पृथ्वी को रहने योज्ञ बनाए रखने की दृष्टि से यह बेहद महत्वपूर्ण है।

शाह ने अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) के पौधारोपण कार्यक्रम और विकास परियोजनाओं की शुरुआत करते हुए कहा कि वह 2029 तक अपने संसदीय क्षेत्र गांधीनगर में हरित आवरण 20 प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, कुछ ही समय में 1.25 करोड़ पेड़ लगाने का अभियान एक वास्तविक जन आंदोलन में बदल गया है और इसे लोगों की ओर से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत का हरित आवरण बढ़ाने के लिए एक पेड़ मां के नाम पहल शुरू की थी और यह जल्द ही जन आंदोलन बन गई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्रीय अर्धसैनिक बलों ने सात वर्ष में सात करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य शनिवार को पूरा

किया। उन्होंने यह भी बताया कि दो दिन पहले दिल्ली रिज क्षेत्र में 43 लाख पेड़ लगाए गए। शाह ने कहा, ये पेड़ स्थानीय पर्यावरण के अनुकूल हैं। इनका जीवनकाल कम से कम 100 वर्ष है। इसका मतलब है कि आने वाली पीढ़ियां, आपके पोते-पोतियां भी इनकी छाया में बैठ सकेंगे। बरगद और पीपल के पेड़ हजारों पक्षियों को आश्रय और भोजन प्रदान करते हैं तथा विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों को आकर्षित करते हैं।

शाह ने कहा कि उनके गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में पहले 12 ऑक्सीजन पार्क थे। रविवार को 61 नए ऑक्सीजन पार्क का उद्घाटन किया गया जिससे इनकी कुल संख्या बढ़कर 73 हो गई। वहीं, अहमदाबाद नगर निगम ने एक ही दिन में 101 ऑक्सीजन पार्क का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा, जनभागीदारी के बिना गांधीनगर और अहमदाबाद को हरा-भरा नहीं बनाया जा सकता। शाह ने वाहनों और उद्योगों की बढ़ती संख्या से पैदा होने वाले खतरों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनके कारण कार्बन मोनोऑक्साइड का स्तर बढ़ा है और ओजोन परत का क्षरण हुआ है, जिससे तापमान में वृद्धि और वर्षा में कमी आ रही है।

उन्होंने कहा, अगर हम अगली चार पीढ़ियों के लिए पृथ्वी को रहने योज्ञ बनाए रखना चाहते हैं तो ओजोन परत को और नुकसान से बचाना बेहद जरूरी है। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी की एक पेड़ मां के नाम पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, मैं 2029 तक गांधीनगर का हरित आवरण 20 प्रतिशत बढ़ाने का संकल्प लेता हूं। पूरे संसदीय क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा। इस अभियान के तहत आवासीय सोसाइटी में जहां भी खाली जगह मिले, वहां पेड़ लगाए जाने चाहिए। इससे स्थानीय पर्यावरण में सुधार होगा। शाह ने कहा कि छतों पर सौर पैनल लगाने से तापमान कम करने और बिजली पैदा करने में मदद मिलेगी।

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में हो जांच



चंडीगढ़। कांग्रेस नेता कुमारी सैलजा ने रविवार को राम मंदिर कथित चढ़ावा चोरी मामले की उच्चतम न्यायालय के मौजूदा या सेवानिवृत न्यायाधीश की निगरानी में स्वतंत्र रूप से जांच कराने की मांग की। सिरसा (हरियाणा) की सांसद सैलजा ने कहा कि लोगों की आस्था और चढ़ावे से जुड़े सभी सवालों का जवाब पारदर्शिता के साथ दिया जाना चाहिए। एक बयान में, पार्टी महासचिव और कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य सैलजा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अपने कई बड़े वादे पूरे करने में नाकाम रही है, जिनमें किसानों की आय दोगुनी करना, हर नागरिक के बैंक खाते में 15 लाख रुपये जमा करना और 2022 तक सभी को आवास उपलब्ध कराना जैसे वादे शामिल हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वादों और हकीकत के बीच का अंतर साफ हो गया है। उन्होंने सरकार से जनता के भरोसे, जनता के पैसे और राष्ट्र हित से जुड़े मामलों में अधिक जवाबदेही और पारदर्शिता की मांग की। सैलजा ने नोटबंदी की स्वतंत्र रूप से समीक्षा कराने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि इसे काला धन, भ्रष्टाचार और जाली नोटों पर प्रहार के तौर पर पेश किया गया था, लेकिन इससे छोटे कारोबारियों, मज़दूरों और आम नागरिकों को परेशानी हुई। उन्होंने कहा कि इस नीति के घोषित लक्ष्यों का निष्पक्ष प्रक्रिया के जरिए आकलन किया जाना चाहिए। राम मंदिर के मुद्दे पर सैलजा ने कहा कि मीडिया में आई खबरों और राजनीतिक चर्चाओं के बाद मंदिर ट्रस्ट के वित्तीय प्रबंधन पर सवाल खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि लाखों श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था के कारण चढ़ावा चढ़ाया है, इसलिए वित्तीय अनियमितताओं के किसी भी आरोप की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि जांच की विश्वसनीयता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए इसे उच्चतम न्यायालय के मौजूदा या सेवानिवृत न्यायाधीश की निगरानी में कराया जाए।

संक्षेप

दिल्ली में हैरी बॉक्सर गिरोह के तीन शूटर गिरफ्तार

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने रविवार को बताया कि उसने हैरी बॉक्सर गिरोह से जुड़े तीन कथित शूटरों को गिरफ्तार कर दिल्ली-एनसीआर में कारोबारियों से रंगदारी वसूलने और निशाना बनाकर हत्याएं करने की साजिश नाकाम की है। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने नौ एमएम कैलिबर और एक बेरेटा पिस्तौल समेत तीन अवैध पिस्तौल और 26 कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि यह कार्वाई रोहिणी जिले के स्पेशल स्टाफ और नॉर्थ रोहिणी थाने ने मिलकर की। यह जांच इस साल की शुरुआत में दर्ज रंगदारी के एक मामले के बाद कई महीनों से जारी थी। पुलिस के अनुसार, एक कारोबारी ने आठ मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसे छह से आठ मार्च के बीच विदेशी नंबरों से बार-बार कॉल और मैसेज आए थे। शिकायत के अनुसार कॉल करने वाले ने अपना नाम रणदीप मलिक बताया और कहा कि वह हैरी बॉक्सर गिरोह से जुड़ा है। शिकायतकर्ता के मुताबिक उसने एक करोड़ रुपये की मांग की और पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शिव गोविंद, अभिनव उर्फ आकाश सिंह और विवेक के रूप में हुई है।

नये मतदाताओं को माता-पिता का एसआईआर विवरण देना होगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। मतदाता सूची में बने रहने के लिए सिर्फ उन मौजूदा मतदाताओं को ही अपने माता-पिता की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़ी जानकारी जमा नहीं करनी है जो पिछली एसआईआर प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पाए थे, बल्कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के इच्छुक नए आवेदकों को भी ऐसा करना होगा। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने निर्देश जारी कर, मतदाता सूची में शामिल होने के लिए फॉर्म-6 भरने वाले नए मतदाताओं के लिए अपने माता-पिता का एसआईआर विवरण देना अनिवार्य कर दिया गया है।

यह घोषणा पिछले साल जून में बिहार में शुरू किए गए एसआईआर में जोड़ी गई थी। नए मतदाताओं को फॉर्म-6 के साथ यह घोषणा भी जमा करनी थी। अधिकारी ने इस बात पर जोर दिया कि घोषणा को निर्देशों के जरिए जोड़ा गया था और फॉर्म-6 में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

कॉजपा के प्रदर्शन का 23वां दिन, वांगचुक की बिगड़ी सेहत

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के 15वें दिन रविवार को शिक्षाविद एवं

भूख हड़ताल के 15वें दिन वांगचुक की सेहत बिगड़ी

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की सेहत और बिगड़ गई तथा चिकित्सकों ने कहा कि उनका रक्तचाप और गिर गया है तथा उनका वजन 7.8 किलोग्राम घट गया है। परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर यहां जंतर-



मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) का विरोध-प्रदर्शन रविवार को 23वें दिन जारी रहा। कॉजपा की ओर से जारी स्वास्थ्य सूचना के मुताबिक, भूख हड़ताल शुरू होने के बाद से वांगचुक का रक्तचाप गिरकर 104/66 एमएम एचजी (मिलीमीटर इन मर्करी) हो गया है, जबकि उनका वजन 7.8 किलोग्राम घट गया। इसके अलावा, कॉजपा ने बताया है कि कई नेता और जाने-माने बुद्धिजीवी आंदोलन के प्रति समर्थन दिखाने के लिए दिन में विरोध स्थल का दौरा करने वाले हैं।

संगठन के अनुसार, केरल के पूर्व मंत्री के.के. शैलजा, के. एन. बालगोपाल और पी. राजीव प्रदर्शनकारियों से बातचीत करेंगे, जबकि समाजवादी पार्टी के सांसद पुष्पेंद्र सरोज रविवार को सभा को संबोधित करेंगे।

पहलगाम में बादल फटा, रोड बही, उत्तराखंड में भूस्खलन

जम्मू। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में जहां मानसून की रफ्तार थमी है, वहीं पहाड़ी राज्यों में बारिश के चलते नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। शनिवार रात जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बादल फटने के बाद बाढ़ आई। कई खेत बर्बाद हो गए, सड़क बह गई। उत्तराखंड के विकासनगर में भारी बारिश के कारण लखवाड़ हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के पास लैंडस्लाइड हुआ। कई गाड़ियां और मशीनें मलबे में दब गईं। इधर, देश के लगभग 70% हिस्से से मानसून के बादल गायब हो गए हैं। इसका कारण पाकिस्तान की ओर से आ रही सूखी हवाएं बताई जा रही हैं। मौसम की वेबसाइट ऑल इंडिया वैदर की रिपोर्ट के अनुसार ये सूखी हवाएं अरब सागर, मध्य भारत और दक्षिण भारत तक फैल गई हैं। इनकी वजह से राजस्थान, दिल्ली-एनसीआर, पश्चिमी मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र में अगले 5 दिन तक बारिश की संभावना भी कम है। बारिश रुकने से मध्य प्रदेश, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तापमान बढ़ गया।

अहमदाबाद में रथयात्रा के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, 31 हजार से अधिक पुलिसकर्मी होंगे तैनात

एजेंसी

अहमदाबाद। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने 16 जुलाई को होने वाली 149वीं जगन्नाथ रथयात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं की तैयारियों की शनिवार को समीक्षा की। रथयात्रा के दौरान शहर में सुरक्षा के लिए 31,000 से अधिक पुलिसकर्मियों और 65 ड्रोन की तैनाती की जाएगी। गांधीनगर में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए पटेल ने अधिकारियों को राज्यभर में निकलने वाली 230 से अधिक शोभायात्राओं का सुरक्षित आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

गुजरात के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में शामिल वार्षिक जगन्नाथ रथयात्रा शहर के कई संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरेगी, जिनमें जमालपुर, कालूपुर, शाहपुर और दरियापुर शामिल हैं। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि अहमदाबाद की छह छोटी रथयात्राओं सहित सभी यात्राएं सुरक्षित माहौल में संपन्न हों और श्रद्धालु बिना किसी अप्रिय घटना के इसमें भाग ले सकें। उन्होंने अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) को भी निर्देश दिया कि यात्रा मार्ग पर स्थित जर्जर इमारतों और ढांचों के आसपास या उनके ऊपर एकत्र होकर लोग यात्रा न देखें, ताकि किसी दुर्घटना की आशंका को टाला जा सके। अहमदाबाद के पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत ने बताया कि शहर में रथयात्रा के दौरान सुरक्षा के लिए 31,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे।

प्रधानमंत्री के संरक्षण में राम मंदिर में आस्था से धोखा

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले चढ़ावे में कथित हेराफेरी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाए और कहा कि देश शै आस्था से विश्वासघात के लिए भाजपा-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को कभी माफ नहीं करेगा।

कांग्रेस महासचिव (प्रभारी संचार) जयराम रमेश ने उच्चतम न्यायालय की निगरानी में स्वतंत्र जांच, फॉरेंसिक ऑडिट, जवाबदेही तय करना और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्वाई करने की पार्टी की मांगों को फिर से दोहराया। रमेश ने एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में कहा, चंदा चोरीः आस्था से धोखा। भगवान श्रीराम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण का खुलासा हुए आज एक माह बीत चुका है, पर हर चीज का श्रेय लेने वाले प्रधानमंत्री मोदी जवाबदेही के नाम पर मौन मोदी बने

हुए हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के नाम पर राजनीति करने वालों की पोल अब हर रोज नए तथ्यों से खुल रही है। रमेश ने कहा कि चढ़ावा चोरी के मामले में रोजाना लाखों रुपये गायब होने की बात मामले को रफा-दफा करने के लिए बनाए गए विशेष जांच दल (एसआईटी) को भी माननी पड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया, भगवान श्री राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण कुछ कर्मचारियों तक सीमित नहीं हो सकता, पर फिर भी यह राम द्रोही सरकार असली गुनाहगारों को बचाने में लगी है। रमेश ने कहा कि कांग्रेस पहले से ही कहती आई है कि एसआईटी, प्राथमिकी और इस्तीफे बस देशवासियों की आंखों में धूल झोंकने के प्रयास हैं। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि मामले को दबाने की सरकारी कोशिशों से स्पष्ट हो गया है कि चंपत राय और अन्य मंदिर न्यासियों के पास कुछ गहरे राज हैं, जिसके कारण मोदी सरकार उनपर कोई कार्वाई नहीं कर रही है और उनका दबदबा आज भी क़ायम है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस की निम्नलिखित मांग हैंः उच्चतम न्यायालय की देखरेख में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच, फॉरेंसिक ऑडिट, जवाबदेही तय हो, दोषियों पर कड़ी कार्वाई हो। रमेश ने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री जी, देश जानना चाहता हैः यह चुप्पी क्यों?

इंटरटेनमेंट...

सरकारी समिति ने 'सतलुज' फिल्म पर प्रतिबंध को सही ठहराया



नयी दिल्ली। केंद्र सरकार द्वारा दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म सतलुज की सामग्री की समीक्षा के लिए गठित एक समिति ने ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर इसके प्रदर्शन पर प्रतिबंध जारी रखने की सिफारिश की है, क्योंकि यह फिल्म कथित तौर पर भारत की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ है।

सरकारी सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। हनी त्रेहन के निर्देशन में बनी यह फिल्म मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन पर आधारित है, जिन्होंने वर्ष 1984 से 1994 के बीच पंजाब में हजारों अज्ञात शवों के अंतिम संस्कार किए जाने के मामलों की पड़ताल की थी। बाद में, वर्ष 1995 में राज्य पुलिस द्वारा कथित तौर पर उनका अपहरण कर उनकी हत्या कर दी गई थी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा सुरक्षा संबंधी चिंताओं का हवाला दिए जाने के बाद, तीन जुलाई को प्रदर्शन के महज दो दिन बाद ही इस फिल्म को भारत में ओटीटी मंच ज़ी5 से हटा दिया गया था। इसके बाद, मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों के तहत एक अंतर-विभागीय समिति का गठन किया ताकि फिल्म की विस्तृत जांच कर आगे की कार्वाई के लिए सुझाव दिए जा सकें। इस बीच, पंजाब में इस मुद्दे ने राजनीतिक रूप ले लिया और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने इस फिल्म से प्रतिबंध हटाने की मांग की।

वहीं, शिरोमणि अकाली दल ने पूरे राज्य में इस फिल्म को दिखाने की योजना का ऐलान किया है। सूत्रों के मुताबिक, समिति ने यह साफ किया है कि सूचना प्रौद्योगिकी कानून की धारा 69-ए के तहत फिल्म पर लगाया गया प्रतिबंध पूरी तरह जायज है। धारा 69-ए सरकार को देश की संप्रभुता, अखंडता, रक्षा, सुरक्षा, दूसरे देशों के साथ दोस्ताना संबंधों और सार्वजनिक व्यवस्था बिगड़ने की आशंका के आधार पर इंटरनेट आधारित सामग्री को रोकने का अधिकार देती है। इस समिति में सूचना एवं प्रसारण, गृह, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, महिला एवं बाल विकास, विदेश, रक्षा, और विधि एवं न्याय जैसे विभिन्न मंत्रालयों के प्रतिनिधि शामिल हैं। समिति ने अपनी समीक्षा में पाया कि फिल्म की कहानी निष्पक्ष नहीं है। इसमें आतंकवाद के दौर में सुरक्षा बलों द्वारा की गई कथित ज्यादतियों को तो प्रमुखता से दर्शाया गया है।

डेमन ने शेखर कपूर के साथ काम करने की जतायी इच्छा

मुंबई। हॉलीवुड अभिनेता मैट डेमन ने शनिवार को कहा कि वह एक दिन प्रख्यात फिल्मकार शेखर कपूर के साथ काम करना चाहते हैं। उन्होंने याद किया कि वह कैसे दो दशक से भी पहले फिल्म द फोर फेदर्स में निर्देशक के साथ काम करने का मौका चूक गए थे। क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म द ओडिसी के भारत में प्रीमियर के अवसर पर मुंबई में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में डेमन ने कहा कि शेखर कपूर के साथ काम करना उनकी लंबे समय से इच्छा रही है। उन्होंने कहा, जब मैंने शुरुआत की थी, उस समय हर कोई शेखर कपूर के साथ काम करना चाहता था। मुझे याद है कि किसी वजह से मैं द फोर फेदर्स नहीं कर पाया था और मुझे इसका बहुत अफसोस था, क्योंकि मेरा चयन बॉर्न फिल्म के लिए हो गया था।

मेलबर्न में फिल्म महोत्सव 13-23 अगस्त तक

मुंबई। सितारे जमीन पर बेस्ट फिल्म, बेस्ट एक्टर (आमिर खान) व बेस्ट डायरेक्टर समेत कई श्रेणियों में नॉमिनेट है। भारत के बाहर होने वाले सबसे बड़े भारतीय फिल्म महोत्सव इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2026 के अवॉर्ड्स के लिए नॉमिनेशन घोषित हो गए हैं। इस बार फिल्मों में 'सितारे जमीन

सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में सितारे जमीन पर और सैयारा सबसे आगे

पर, 'सैयारा' और 'कांताराः ए लीजेंड-चैप्टर 1' सबसे मजबूत दावेदार बनकर उभरी हैं। वहीं ओटीटी में 'कोहरा सीजन-2' को सबसे ज्यादा नॉमिनेशन मिले हैं। फेस्टिवल 13 से 23 अगस्त तक ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में आयोजित होगा। इस बार उद्घाटन समारोह में ऑस्कर-नामांकित फिल्म 'लगान' की विशेष स्क्रीनिंग भी की गई।

जानते हैं किन फिल्मों को सबसे ज्यादा चयनित किया गया है। सितारे जमीन पर बेस्ट फिल्म, बेस्ट एक्टर (आमिर खान) व बेस्ट डायरेक्टर समेत कई श्रेणियों में है। सैयारा बेस्ट फिल्म, डायरेक्टर (मोहित सूरी), एक्टर (अहान पांडे) और बेस्ट एक्ट्रेस (अनीत पड्डा) की रेस में है। कांताराः ए लीजेंड- चैप्टर 1 के लिए ऋषभ शेट्टी को अभिनेता और निर्देशक दोनों श्रेणियों में नॉमिनेशन मिला है। 'धुरंधर' को इस बार सीमित प्रमुख नॉमिनेशन मिले हैं। रणवीर सिंह बेस्ट एक्टर की दौड़ में जरूर शामिल हैं। नेटफ्लिक्स की क्राइम-थ्रिलर 'कोहराः सीजन-2' इस बार सबसे चर्चित वेब सीरीज बनकर उभरी है। इसे बेस्ट सीरीज के साथ अभिनय श्रेणियों में भी कई नॉमिनेशन मिले हैं।

कभी-कभी दर्शक विशेषज्ञों से पहले कहानी की प्रामाणिकता की पहचान कर लेते हैं : महेश

नयी दिल्ली। फिल्मकार महेश भट्ट ने विभाजन पर आधारित इम्तियाज अली की फिल्म मैं वापस आऊंगा के साथ इसके बॉक्स ऑफिस पर अप्रत्याशित प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब सिनेमा लगातार भव्यता और पौरूषता पर केंद्रित होता जा रहा है, यह फिल्म मन की गहरी भावनाओं को सुनने की कोशिश करती है। इस फिल्म को शुरुआत में बेहद सुस्त प्रतिक्रिया मिली थी लेकिन बाद में दर्शकों के बीच सकारात्मक प्रतिक्रिया फैलने से इसके बॉक्स ऑफिस पर कमाई में लगातार बढ़ोतरी देखी गई।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com